रजिस्ट्री स  डी एल—33001/2002 REGISTERED No. DL—33001/2002

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 17] नई दिल्ली, शनिवार, अप्रैल 27, 2002 (वैशाख 7, 1924)
No. 17] NEW DELHI, SATURDAY, APRIL 27, 2002 (VAISAKHA 7, 1924)

(इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके)
**(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)**

**विषय-सूची**


| | पृष्ठ |
|---|---|
| भाग I—खण्ड 1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं | 337 |
| भाग I—खण्ड 2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के संबंध में अधिसूचनाएं | 339 |
| भाग I—खण्ड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं | 5 |
| भाग I—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं | 603 |
| भाग II—खण्ड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम | |
| भाग II—खण्ड 1क—अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ | * |
| भाग II—खण्ड 2—विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट | * |
| भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किये गए सामान्य सांविधिक नियम (जिनमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उप-विधियां आदि भी शामिल हैं) | * |
| भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किये गये सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं | * |
| भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (iii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (जिनमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किये गये सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी प्राधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 में प्रकाशित होते हैं) | * |
| भाग II—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किये गये सांविधिक नियम और आदेश | * |
| भाग III—खण्ड 1—उच्च न्यायालयों, नियंत्रक और महालेखापरीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल विभाग और भारत सरकार से सम्बद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं | 751 |
| भाग III—खण्ड 2—पेटेंट कार्यालय द्वारा जारी की गई पेटेंटों और डिजाइनों से संबंधित अधिसूचनाएं और नोटिस | 845 |
| भाग III—खण्ड 3—मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं | * |
| भाग III—खण्ड 4—विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं | 1619 |
| भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा जारी किए गए विज्ञापन और नोटिस | 93 |
| भाग V—अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़ों को दर्शाने वाला सम्पूरक | * |


* आकड़े प्राप्त नहीं हुए।

# CONTENTS


PAGE

PART I—SECTION 1—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court .. 337

PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court .. 339

PART I—SECTION 3—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence .. 5

PART I—SECTION 4—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence .. 603

PART II—SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations *

PART II—SECTION 1A—Authoritative texts in Hindi language of Acts, Ordinance and Regulations .. *

PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills .. *

PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (i)—General Statutory Rules including Orders, Bye-laws, etc. of general character issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Aurthorities (other than the Administration of Union Territories) ..

PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories) .. *

PAGE

PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules & Statutory Orders (including Bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than Administration of Union Territories) *

PART II—SECTION 4—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence .. *

PART III—SECTION 1—Notifications issued by the High Courts, the Comptroller and Auditor General, Union Public Service Commission, the Indian Government Railways and by Attached and Subordinate Offices of the Government of India .. 751

PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, relating to Patents and Designs . 845

PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the Authority of Chief Commissioners .. *

PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies .. 1619

PART IV—Advertisements and Notices issued by Private Individuals and Private Bodies .. 93

PART V—Supplement showing Statistics of Births and Deaths etc. both in English and Hindi .. *


*Pages not received.

# भाग I—खण्ड 1

## [PART I—SECTION 1]

## (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सांविधिक नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं

## [Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

---

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 17 अप्रैल 2002

**शुद्धिपत्र**

सं० 30-प्रेस/2002—भारत के राजपत्र के भाग I खण्ड 1 में 2 मार्च, 2002 को प्रकाशित सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक के संबंध में इस सचिवालय की 26 जनवरी, 2002 की अधिसूचना सं० 2-प्रेस/2002 में निम्नलिखित संशोधन किया गया है :—

पृष्ठ सं० 33, में सातवां नाम "श्री अकरम मोहम्मद" की जगह "श्री मोहम्मद अकरम पढ़ा जाए ।

वरुण मित्रा, निदेशक

---

लोक सभा सचिवालय

नई दिल्ली–110001, दिनांक 10 अप्रैल 2002

सं० 4/1/3/सीओडी/2002—राज्य सभा से सेवानिवृत्त होने के फलस्वरूप डा० महेश चन्द्र शर्मा दिनांक 09–4–2002 से विभागों से सम्बद्ध रक्षा संबंधी स्थाई समिति (2002) के सदस्य नहीं रहे ।

कृष्ण लाल, निदेशक

---

(वित्त संबंधी स्थाई समिति)

नई दिल्ली–110001, दिनांक 13 अप्रैल 2002

सं० 4/1/1/2002/एफ सी—माननीय सभापति, राज्य सभा ने राज्य सभा के निम्नलिखित ससद सदस्यों को उनके नामो के आगे दी गई तारीख से वित्त संबंधी स्थाई समिति (2002)का सदस्य मनोनीत किया है :—

| नाम | मनोनयन की तारीख |
|---|---|
| 1. श्री पृथ्वीराज डा० चव्हाण | 08–04–2002 |
| 2. श्री प्रफुल्ल पटेल | 08–04–2002 |
| 3. श्री मुरली देवरा | 10–04–2002 |

आर० के० जैन, उप सचिव

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

नई दिल्ली–110001, दिनांक 17 अप्रैल 2002

इस विभाग की दिनांक 6 नवम्बर, 2001 की अधिसूचना सं० एम–13011/1/96-प्रशा० IV के क्रम में राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन की शासी परिषद के कार्यकाल को अन्य 6(छः) माह अर्थात 30 सितम्बर, 2002 तक बढ़ाया जाता है ।

परिषद के दोनों सरकारी एवं गैर सरकारी सदस्य वही रहेंगे और न ही परिषद के विचारार्थ विषयों में कोई परिवर्तन होगा ।

ए० के० शर्मा, निदेशक

---

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 3 अप्रैल 2002

**संकल्प**

सं० एक्स 19014/1/95–डी/डीएमएस/पीएफए—दिनांक 12–3–1991 के संकल्प सं० एक्स 19020/1/89–डी०एम० एस० एण्ड पी०एफ०ए० द्वारा गठित की गई भारतीय भेषज संहिता समिति के कार्यकाल, जिसे 11–3–2002 तक बढ़ाया गया था को और आगे 6 महीने की अवधि के लिए अर्थात 11–9–2002 तक बढ़ाया जाता है ।

समिति के अन्य निबन्धन और शर्तें वही रहेंगी ।

**आदेश**

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक प्रति भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय, नई दिल्ली और भारतीय भेषज संहिता समिति के सभी सदस्यों को भेजी जाए । (सूची संलग्न)

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक प्रति सामान्य सूचना हेतु भारत के राजपत्र मे प्रकाशन के लिए प्रबंधक, भारत सरकार मुद्रणालय, फरीदाबाद को भेजी जाए ।

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के सभी अनुभागों को प्रति ।

स्वीकृति रजिस्टर हेतु प्रति ।

ए० एस० चौधरी, उप सचिव

मानव संसाधन विकास मंत्रालय

(माध्यमिक तथा उच्चतर शिक्षा विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 5 अप्रैल, 2002

संकल्प

मगध ज्ञान और भारतीय समाजविज्ञान अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली की नियमावली के नियम 3 और 6 के अंतर्गत भारत सरकार ने तत्काल प्रभाव से 3 वर्ष की अवधि के लिए निम्नलिखित समाज वैज्ञानिकों को परिषद के सदस्य के रूप में मनोनीत किया है :—

1. प्रो० योगेश अटल,
डी–224, सीमा सदन, डिजाइनर विला,
सुशान्त लोक, फेस–1,
गुड़गांव (हरियाणा)।

2. श्री ए० डी० पंत,
पूर्व प्रोफेसर, इलाहाबाद विश्वविद्यालय,
1314/पॉकेट नं० 1, सेक्टर–बी
वसन्त कुंज, नई दिल्ली–110014।

3. श्री डा० एन० चतुर्वेदी,
संसद सदस्य (राज्यसभा)
19, गुरूद्वारा रकाब गंज रोड
नई दिल्ली।

4. डा० पी० एन० टंडन,
अध्यक्ष, नेशनल ब्रेन रिसर्च सेन्टर,
एस०सी०ओ० 5, 6 एवं 7, सेक्टर–15, पार्ट–2
गुड़गांव (हरियाणा)।

5. डा० उमराव सिंह चौधरी,
103, विष्णुपुरी एनेक्सी,
इंदौर–452017।

6. डा० जितेन्द्र बजाज,
सेंटर फॉर पालसी स्टडीज, 27, राजशेखर रोड
मइलापुर, चेन्नई–600004।

7. डा० शंकर नागेश नवलगुंदकर,
रेणुका एस० नं० 568, प्लाट नं० 9,
कंचनगंगा हाउसिंग सोसाइटी
बिबवेवड़ी, पुणे–411037।

8. डा० बी० एल० गुप्ता,
हाऊस नं० 1118, सेक्टर-14, सोनीपत–131001
हरियाणा।

9. डा० सरदिन्दु मुखर्जी,
212, टैगोर पार्क,
दिल्ली–110009।

10. डा० सूर्यानि यू० कामत,
अध्यक्ष, मिथिक सोसायटी
कीर्ति, 798, छठा क्रास, 11वां मेन,
हनुमन्तनगर, बंगलौर–560019।

11. प्रो० गिरीश्वर मिश्रा,
प्रोफेसर मनोविज्ञान,
मनोविज्ञान विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय
दिल्ली–110007।

12. प्रो० आभा अवस्थी,
समाजशास्त्र विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय,
लखनऊ–226007।

13. श्री जयन्त कुमार रे,
पूर्व प्रोफेसर, कोलकाता विश्वविद्यालय
309, जोधपुर पार्क, कोलकाता–700068।

14. डा० सुभाष कश्यप
पूर्व महासचिव, लोकसभा
प्रोफेसर, सेन्टर फॉर पॉलिसी रिसर्च,
धर्म मार्ग, चाणक्यपुरी
नई दिल्ली–110021।

15. डा० रविन्द्र नाथ पाल,
पी–7, विश्वविद्यालय परिसर
पंजाब विश्वविद्यालय
पटियाला–147002

16. डा० आर० सी० त्रिपाठी
जी० बी० पंत इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंस
इलाहाबाद।

17. डा० दिवाकर कुंद,
शिक्षा विभाग, विश्वभारती
शांतिनिकेतन–731235।

18. प्रो० मोहन लाल छिप्पा,
अध्यक्ष,
अर्थशास्त्र विभाग, एम० डी० एस० विश्वविद्यालय
अजमेर–305001

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को आम सूचना के लिये भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

पी० के० गुप्ता, उप सचिव

## PRESIDENT'S SECRETARIAT

New Delhi the 17th April 2002

### CORRIGENDUM

No. 30-Pres/2002.—The following amendment is made in this Secretariat Notification No 2-Pres, 2002 dated 26th January, 2002 published in Part I, Section 1 of the Gazette of India dated 2nd March, 2002 relating to Police Medal for Meritorious Service :—

On Page 25, the second name appearing as "Shri Akram Mohammed" may be read as "Shri Mohammed Akram"

BARUN MITRA
Director

## LOK SABHA SECRETARIAT

New Delhi-110001, the 10th April 2002

No. 4/1/3/COD/2002.—Consequent upon his retirement from Rajya Sabha w.e.f. 9-4-2002 Dr. Mahesh Chandra Sharma has ceased to be a Member of the Departmentally related Standing Committee on Defence (2002).

KRISHAN LAL
Director

## (STANDING COMMITTEE ON FINANCE BRANCH)

New Delhi-110001, the 13th April 2002

No. 4/1/1/2002/FC.—The Chairman, Rajya Sabha has nominated the following Members of Parliament, Rajya Sabha to the Standing Committee on Finance (2002) w.e.f. the dates shown against their names :—

Name, Date of Nomination

1. Shri Prithviraj Dajisaheb Chavan—08-4-2002
2. Shri Praful Patel—08-4-2002
3. Shri Murli Deora—10-4-2002

R. K. JAIN
Dy. Secy.

## MINISTRY OF STATISTICS & PROGRAMME IMPLEMENTATION

New Delhi, the 17th April 2002

In continuation of this Department's Notification No. M-13011/1/96-Admn. IV dated 6th November, 2001 the tenure of the Governing Council, National Sample Survey Organisation is extended by another 6 (Six) months, i.e. upto 30th September, 2002.

2. The members of the Council, both official and non-official will be the same and there will be no change in the terms of reference of the Council.

V. K. SHARMA
Director



## MINISTRY OF HEALTH & FAMILY WELFARE

New Delhi, the 3rd April 2002

### RESOLUTION

No. X. 19014/1/95-D/DMS&PFA.—The term of the Indian Pharmacopoeia Committee constituted vide Resolution No. X.19020/1/89-DMS&PFA dated 12-3-1991, which was extended upto 11-3-2002, is further extended for a period of six months i.e. 11-9-2002

The other terms and conditions of the Committee will remain the same.

### ORDER

Ordered that a copy of the Resolution may be sent to all the Ministries/Departments of the Govt. of India, Directorate General of Health Services, New Delhi and all the Members of the Indian Pharmacopoeia Committee (List enclosed).

Ordered that a copy of the Resolution be sent to the Manager, Government of India Press, Faridabad for publication in the Gazette of India for general information.

Copy to all Sections, in the Ministry of Health and Family Welfare.

Copy for sanction register.

J. S. CHOUDHARY
Dy. Secy.

## MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT

### (DEPARTMENT OF SECONDARY & HIGHER EDUCATION)

New Delhi, the 5th April 2002

### RESOLUTION

Under Rules 3 and 6 of the Memorandum of Association and Rules of the Indian Council of Social Science Research, New Delhi, the Government of India has nominated the following Social Scientists as members of the Council with immediate effect, for a period of three years :—

1. Prof. Yogesh Atal
   D-224, Seema Sadan, Designer Villa,
   Sushanta Lok, Phase-1,
   Gurgaon (Haryana).

2. Shri A. D. Pant
   Former Professor, Allahabad University
   1314/Pocket No. 1, Sector-D
   Vasant Kunj, New Delhi-110014.

3. Shri T. N. Chaturvedi
   Member of Parliament (Rajya Sabha)
   19, Gurudwara Rakab Ganj Road,
   New Delhi.

4. Dr. P. N. Tondon
   President, National Brain Research Centre
   SCO 5, 6 & 7, Sector-15, Part-II
   Gurgaon (Haryana)

5. Dr. Umrao Singh Chaudhari
103, Vishnupuri Annexe
Indore-452017.

6. Dr. Jitendra Bajaj
Centre for Policy Studies
27, Rajasekhara Road
Mudali, Chennai-640004.

7. Dr. Shankar Nagesh Navalgundkar
'Renuka' S. No. 568, Plot No. 9
Kanchanganga Housing Society
Bibwewade, Pune-411037.

8. Dr. B. L. Gupta
House No. 1118, Sector-14
Sonipat-131001
Haryana.

9. Dr. Saradindu Mukherji
212, Tagore Park
Delhi-110009.

10. Dr. Suryanath U. Kamat
Chairman, Mythic Society
KIRTHI, 798, 6th Cross, 11th Main
Hanumanthanagar, Bangalore-560019.

11. Prof. Girishawar Mishra
Professor of Psychology
Deptt. of Psychology, Delhi University
Delhi-110007.

12. Prof. Abha Avasthi
Deptt. of Sociology, University of Lucknow
Lucknow-226007.

13. Shri Jayant Kumar Ray
Former Professor, Calcutta University
309, Jodhpur Park,
Kolkata-700068.

14. Dr. Subhash Kashyap
Former Secretary General of Lok Sabha
Professor, Centre for Policy Research
Dharma Marg, Chankyapuri
New Delhi-110021.

15. Dr. Ravindra Nath Pal
P-7, University Campus
Punjab University
Patiala-147002.

16. Dr. R. C. Tripathi
G. B. Pant Institute of Social Sciences
Allahabad.

17. Dr. Divkar Kundu
Deptt. of Education, Vishva Bharati
Shantiniketan-731235.

18. Prof. Mohan Lal Chippa
Head
Deptt. of Economics, M. D. S. University
Ajmer-305001.

ORDER

Order that the Resolution be published in the Gazette of India for general information.

P. K. GUPTA
Dy. Secy.

## राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 27 मार्च ,2002

सं0 31 -प्रेज/2002-राष्ट्रपति, आन्ध्र प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं -

<u>अधिकारी का नाम और रैंक</u>
श्री के. मुरलीधर राव,
पुलिस उपाधीक्षक, करीमनगर

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:</u>

20.7.2000 को श्री के.एम. राव, पुलिस उपाधीक्षक, करीमनगर (आन्ध्र प्रदेश) को वेमुलावाड़ा मंडल के नुकालामाड़ी गांव में, गोल्ला देवईया के घर में अधुनातम आग्नेयास्त्रों के साथ सी पी आई(एम एल) जनशक्ति उग्रवादी दल की उपस्थिति के संबंध में एक सूचना प्राप्त हुई। चूंकि उग्रवादियों के उस स्थान से चले जाने की सम्भावना थी और जिला मुख्यालय से बल को मंगाने में काफी समय लग सकता था, श्री राव अपने गनमेन और एक पुलिस दल के साथ घटनास्थल पर पहुँचे और गोल्ला देवईया के घर को घेर लिया। पुलिस को आते देख उग्रवादियों ने जो घर के अंदर थे, स्वचालित हथियारों से पुलिस पर गोलीबारी शुरु कर दी। श्री राव की अगुवाई में पुलिस दल ने जवाबी गोलीबारी की और श्री राव ने जो कि दल का नेतृत्व कर रहे थे, अपनी जान को खतरे में डालकर अपने दो आदमियों के साथ उक्त घर के प्रवेश द्वार पर पहुँचने का प्रयास किया। अचानक उग्रवादियों ने उन पर और उनके दोनों आदमियों पर कई राउंड्स गोलियां चलायीं जिसके कारण श्री राव का बायां हाथ और पेट, कई गोलियां लगने से जख्मी हो गया। पेट में लगी गोली ने उन्हें गंभीर रुप से जख्मी कर दिया तथा काफी मात्रा में खून बह रहा था, लेकिन अपने जख्मों की परवाह न करते हुए, वे अपने दल का नेतृत्व करते रहे। दो पुलिस कांस्टेबल अर्थात श्री पी. स्वामी और श्री लक्ष्मा रेड्डी जो श्री राव के साथ थे, भी गोलियों से जख्मी हो गए। दोनों तरफ से हुई गोलीबारी में सात उग्रवादी मारे गए और दो 9 एम एम पिस्तौलें, तीन 8 एम एम राइफलें और एक 9 एम एम कारबाइन बरामद की गई। मारे गए नक्सलवादियों की पहचान गसिकांती पारसरामुल्लू पुत्र नरसहाय, डोनथुला राजू उर्फ रमेश पुत्र नरसहाय समुद्रला येल्लाह पुत्र राजाय्या, इसमपल्ली अशोक पुत्र मल्लाह, नक्काला मंजुला उर्फ ज्योथाक्का पुत्री नरसहाय पत्नी रणधीर, धाल्लापल्ली मालेशम पुत्र माल्हा और ईदुगु चैतन्या पुत्री शंकर, सी पी आई (एम एल) जनशक्ति दल के सदस्यों के रुप में की गई।

इस मुठभेड़ में, श्री के. मुरलीधर राव, पुलिस उपाधीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(I) के अतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप नियम 5 के अतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 20 जुलाई, 2000 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
निदेशक

सं0 32-प्रेज/2002-राष्ट्रपति, आन्ध्र प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री नलिन प्रभात, भारतीय पुलिस सेवा,
पुलिस अधीक्षक, करीमनगर

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

1/2 दिसम्बर, 1999 को 2200 बजे, श्री नलिन प्रभात पुलिस अधीक्षक को सूचना प्राप्त हुई कि मिलीटरी कैंप की समाप्ति के पश्चात, पी डब्ल्यू जी के प्रमुख कैडर विभिन्न दिशाओं में पीछे हट रहे थे। ऐसे ही एक ग्रुप के महादेवपुर जगल से कोच्चूर जंगल की तरफ जाने की सूचना थी। 1/2 दिसम्बर, 1999 को 2200 बजे श्री प्रभात ने पुलिस टुकड़ी को साथ लिया और कोय्यूर जंगल की तरफ बढ़े। 2 दिसम्बर, 1999 को 0630 बजें, जब टुकड़ी घने जंगल की खोजबीन कर रही थी, तभी उन पर गनों से भारी गोलीबारी की गई। श्री प्रभात ने अपनी टुकड़ी को घात से बचाव के उपाय करने के अनुदेश दिए और उग्रवादियों को अपनी पहचाम बतायी और उन्हें समर्पण करने की सलाह दी। उग्रवादी पुलिस टुकडी पर लगातार गोलीबारी करते रहें। श्री प्रभात ने स्थिति का आकलन किया और चार पुलिस कार्मिकों के साथ, जिन्हें तत्काल ब्रीफ किया गया था, उग्रवादी शिविर पर हमला करने का निर्णय लिया। जैसे ही उन्होंने यह प्रहार किया, उन पर भारी गोलीबारी की गई। उन्होंने ए के असाल्ट राइफल से गोलीबारी शुरु कर दी और संतरी पोस्ट में छुपे हुए एक अतिवादी को मार गिराया जोकि ए के-47 से गोलीबारी कर रहा था। श्री प्रभात ने एक दूसरी संतरी पोस्ट की पहचान की जहाँ से भारी गोलीबारी की जा रही थी। वे उस संतरी पोस्ट की तरफ रेंगते हुए दस मीटर के अंदर गए और उग्रवादी को गोली मार दी। 35 मिनट की गोलीबारी के पश्चात उग्रवादी पूर्व की तरफ पीछे हटें। पुलिस टुकड़ी ने उग्रवादियों का पीछा किया लेकिन वे बच कर घने जंगलों में भाग गए। बाद में मारे गए उग्रवादियों की पहचान (1) नल्ला अदि रेड्डी, पी डब्ल्यू जी संगठन के सेन्ट्रल कमेटी के सदस्य और सेकंड इन कमाड, (2) इर्रामरेड्डी संतोष रेड्डी, ए पी प्रोविंशिअल कमेटी का सेन्ट्रल कमेटी सदस्य और सेकंड इन कमाड, (3) शीलम नरेश, सेंट्रल कमेटी सदस्य एवं नार्थ तेलंगाना स्पेशल जोनल कमेटी सेक्रेटरी और (4) सिगम लच्छी राजम, पी डब्ल्यू जी का यू जी काडर के रुप में की गई। दो मैगजीनों के साथ ए के 47 राइफल, एक .45 कोल्ट पिस्तौल (यूस निर्मित), दो .45 रिवाल्वर (यू एस निर्मित), एक 12 बोर डी बी बी एल गन, दो देशी रिवाल्वर, दो सक्रीय एच ई 36 हथगोले, तीन क्लेमोर माइन्स, दो सोप बिम्ब्स और दो केनवूक वाकी-टाकी सेट्स (जापान निर्मित) और विभिन्न अन्य वस्तुए बरामद की गईं।

इस मुठभेड़ में, श्री नलिन प्रभात, पुलिस अधीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(I) के अतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप नियम 5 के अतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनाक 2 दिसम्बर, 1999 से दिया जाएगा।

वरुण मित्रा

(बरुण मित्रा)
निदेशक

स0 33 - प्रेज/2002-राष्ट्रपति, आन्ध्र प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते है -

अधिकारी का नाम और रैंक
डा0 आर0एस0 प्रवीण कुमार, भा0पु0से0
पुलिस अधीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

दि0 27.4.2000 को प्रात 8.30 बजे डा0 आर0एस0 प्रवीण कुमार को एक सर्किल इस्पेक्टर से जानकारी प्राप्त हुई कि पी0डब्ल्यू0जी0 के लगभग 25 अतिवादी अपने जिला समिति सचिव श्री रामकृष्ण तथा उनकी पत्नी वारंगल जिले के साथ कौकुन्हा गाव के समीप चन्द्रगिरि पहाड़ियों में बैठक आयोजित कर रहे है । श्री कुमार ने वारंगल सिटी में स्थित थ्रे-हाउन्ड्स हमला यूनिट तथा पाच जिला गार्ड यूनिटों को बुला लिया और आधे घंटे के भीतर अभियान की योजना तैयार कर ली तथा पार्टियो को लॉरियों में इस प्रकार से भेजा कि सभी पुलिस कमांडो यूनिटों द्वारा समस्त पहाड़ी क्षेत्र को घेर लिया गया तथा शत्रु के लिए बच निकलने का कोई मार्ग शेष नही बचा । अभियान का प्रबोधन करने के दौरान श्री प्रवीण कुमार को एक सदेश प्राप्त हुआ कि पी.डब्ल्यू.जी. अतिवादियों व पुलिस के बीच गोलीबारी चल रही है तथा इस गोलीबारी में एक कास्टेबल घायल हो गया है । श्री कुमार तुरत घटनास्थल की ओर दौड़े । ज्यों ही श्री कुमार वहा पहुचे उन पर पहाडी के ऊपर से स्वचालित हथियारों से भारी गोलीबारी की गई । श्री कुमार, सभी जवानों को सुरक्षित स्थान पर ले आए तथा उनको विभिन्न पार्टियों में बाटा तथा सम्पूर्ण पहाड़ी का पुन घेर लिया तथा घायल पुलिस कास्टेबल को तत्काल अस्पताल भिजवाया । ज्यो ही श्री कुमार ने पहाड़ी पर चढना प्रारभ किया, शिलाखडों के पीछे छिपे अतिवादिया ने पुलिस पर अधाधुध गोलिया बरसाना शुरू कर दिया । पुलिस ने भी पहाड़ी के नीचे से उपलब्ध आड लेकर जबाबी गोलीबारी प्रारभ कर दी । गोलीबारी के पहले दौर सात कुख्यात अतिवादी मार गिराए गए । श्री कुमार के सीधे नेतृत्व मे शुरू हुए दूसरे दौर में 2 उप निरीक्षकों, 4 आर एस आई के एक ग्रुप ने बगैर बुलेट प्रूफ जैकटों के पहाड़ी पर चढना प्रारभ किया । नक्सलियो को उनके छिपने के स्थान से बाहर निकालने के लिए पहाड़ी पर गुफाओं में हथगोले फेंके गए जिनसे कुछ अतिवादी घायल हो गए । पहाड़ पर उगी सारी घास-पत्तिया सूखी पड़ी थी जो हथगोलों के फटने से जल उठी और उससे भयकर गर्मी उत्पन्न हो गई । इसके कारण कुछ अतिवादियों के शव उनके किट बैग समेत जल उठे । मारे गए अतिवादियो के किट बैगो में सोप बमों के दुर्घटनावश फटने तथा उनसे उठे धुए के कारण पुलिस को कार्रवाई मे बाधा पड़ी । चूकि शाम का धुधलका घिर रहा था अत अधेरा होने वाला था । श्री कुमार तथा उनके अधिकारी भारी जोखिम लेते हुए खतरनाक चिमनियो मे घुस गए जहा अतिवादियो से उनकी आमने-सामने भिडन्त हुई । इस मुठभेड़ में 5 अतिवादी मारे गए इनमे से एक एटम इलाइयाह, जिला समिति का सदस्य था जिसके सिर पर 2,00,000/- रू0 का इनाम था, ज्योति ऊर्फ स्वप्ना जो स्टेशन घानपुर, कारनेल, के स्थानीय गुरिल्ला स्क्वैड का कमाडर एस.ए.सी. सदस्य तथा जिला समिति सचिव का सुरक्षा गार्ड था । ये अतिवादी वारगल सिटी तथा उसके आस-पास बारूदी सुरंगों के विस्फोटों और घात लगाकर किए गए हमलों मे अनेक पुलिस कार्मिकों (20 से अधिक) की हत्या में सलिप्त थे । मुठभेड़ के स्थान से निम्नलिखित मदें प्राप्त हुई:-

I. एक मैगजीन सहित एक एस.एल.आर.
II. दो .303 राइफलें
III. एक मैगजीन सहित एक 9 एम.एम कारबाइन
IV. एक 410 मस्केट
V. पाच 12 बोर डी बी बी एल राइफल
VI. एक 12 बोर एस बी बी एल राइफल
VII. एक 8 एम एम राइफल
VIII. एक सोप बम तथा 4 बाठी बम
IX. एक खाली क्ले मोर माइन
X एक ए.के.47 मैगजीन

इस मुठभेड़ मे, डा0 आर0एस0 प्रवीण कुमार, भा0पु0से0, पुलिस अधीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एव उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनाक 27 अप्रैल, 2000 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदशक

सं0 34 - प्रेज/2002-राष्ट्रपति, आन्ध्र प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते है:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री पी0 भूपाल रेड्डी
एसिस्टेन्ट एसाल्टर कमान्डर/आर.एस.आई., ग्रे हौन्डस

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

12.7.99 को सूचना प्राप्त हुई कि पी.डब्ल्यू.जी. उग्रवादियो के एक ग्रुप ने वारगल जिले के नरसापुर गाव से लगे घने जगल में पड़ाव डाल रखा है और पुलिस कार्मिकों की हत्या करने और हथियारो को लूटने के लिए पुलिस स्टेशन पर हमला करने की योजना बना रहे है । और अधिक विवरण पता करने के बाद, श्री बी.पी. रेड्डी, एसिसटेन्ट सलाल्ट कमान्डर, पुलिस कार्मिको के एक ग्रुप के साथ एक आपरेशन चलाने के लिए चले । घटनास्थल को जाते हुए, पी.डब्ल्यु.जी. उग्रवादियों के एक सन्तरी ने पुलिस पार्टी को देख लिया और तत्काल गोलिया चला दी, जिससे उग्रवादी सचेत हो गए और उन्होने मोर्चा सम्भाल लिया तथा पुलिस पर गोलिया चलानी शुरू कर दी । श्री रेड्डी ने पार्टी को दो भागों मे विभाजित किया और भारी व्यक्तिगत खतरे के बावजूद दो दिशाओ से उग्रवादियो के नजदीक बढ़े । श्री रेड्डी और उनके कार्मिको ने उग्रवादियो पर साहसिक हमला किया और यह मुठभेड लगभग 15 मिनट तक चली और इसमें, 4 उग्रवादी मारे गए । उनमें से एक की पहचान बदे नागेश्वर राव, जिला समिति सदस्य और वारगल और खम्भाम जिलो में वन प्रभारी के रूप मे की गयी । बाद में शेष उग्रवादियों की पहचान कौत्तम राजू उर्फ राजू, डिप्टी दलाम कमान्डर, कोटटम बल्लैया उर्फ जगन, दलाम सदस्य और इपोटला रवि उर्फ नवीन उर्फ राजन्ना, पी.डब्ल्यु.जी. के दलाम सदस्य, के रूप मे की गयी । घटनास्थल से एक ए.के.47, एक 9 एम.एम. कारबाईन, दो 303 राईफल, एक 7.62 पिस्तौल, एक 8 एम.एम. राईफल और 4 किट बेगो के साथ गोलाबारूद/राउद बरामद किया गया ।

इस मुठभेड़ मे, श्री पी. भूपाल रेड्डी, एसिस्टेन्ट असाल्ट कमान्डर/आर.एस.आई. ने अदम्य वीरता, साहस एव उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनाक 12जुलाई, 1999 से दिया जाएगा ।

(वरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 35 - प्रेज/2002- राष्ट्रपति, असम राइफल्स के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री हरि सिंह,
राइफल मैन, 12 असम राइफल्स

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

शमोसग आर एम 5903 गांव के पश्चिम मे नव स्थापित कैम्प में विद्रोहियों की उपस्थिति के बारे में विश्वसनीय सूचना मिलने पर 10 दिसम्बर 2000 को एक अभियान चलाया गया । श्री सिंह धावा करने वाले दल के अग्रणी स्काउट के रूप में धान के कीचड़दार खेतो और घनी जंगली पहाड़ियं मे से टुकड़ी का नेतृत्व करते हुए विद्रोहियों के छिपने के ठिकाने पर पहुंच गए । श्री सिंह ने धावे के दौरान आक्रामकता, उग्रता तथा निहत्थे लड़ने के कौशल का परिचय दिया। उन्होंने मांगबे कुकी और मिमिंग कुकी को दबोच लिया और उनके निम्नलिखित हथियार छीन लिए:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| i) | 12 बोर की राइफलें (स्वदेशी निर्मित) | - | 5 |
| ii) | 12 बोर कारतूस | - | 15 |
| iii) | .303 गोलाबारूद | - | 43 |
| iv) | 7.62 एम एम बी डी आर गोलाबारूद | - | 09 |
| v) | लड़ाई की वर्दियां और व्यक्तिगत सामान | | |

इस मुठभेड़ में, श्री हरि सिंह, राइफल मैन ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(I) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 10 दिसम्बर, 2000 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 36-प्रेज/2002-राष्ट्रपति, दिल्ली पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते है :-

अधिकारी का नाम और रैंक
श्री राजबीर सिंह मलिक
उप निरीक्षक (अब निरीक्षक हैं)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

उप निरीक्षक राजबीर सिंह मलिक को पश्चिमी जिला पुलिस द्वारा संग्रहित आसूचना के आधार पर, कि ब्रिज मोहन त्यागी अपने साथी के साथ डुसु चुनावों के दौरान दिल्ली में निश्चित तौर पर आएगा, मारे जाने वाले छापे के संबंध में तैयारी करने के लिए विशेष रुप से चुना गया था। ब्रिज मोहन त्यागी और उसके साथी अनिल मल्होत्रा दर्जनों जघन्य और सनसनीखेज हत्याओं, डकैतियों, लूटपाट और फिरौती के लिए अपहरणों में संलिप्त/संबंधित रहे थे। 15.9.94 को सूचना की पुष्टि होने के पश्चात, पुलिस बल को चार ग्रुपों में विभाजित किया गया और वे चार वाहनों में दिल्ली विश्वविद्यालय की तरफ बढ़े। अपराधी के वाहनों को रिंग रोड से दिल्ली विश्वविद्यालय की तरफ आते देखा गया। जब वाहन दोपहर बाद 2.15 बजे राजा गार्डन के लाल बत्ती चौराहे पर पहुँचा, तो उप निरीक्षक, राजेन्द्र सिंह का दल अपना वाहन उस वाहन के आगे निकाल ले गया और उस वाहन को रुकने का इशारा किया। श्री एल एन राव अपने स्टाफ के साथ अपनी कार से उतर गए और अन्य तीन दलों के कार्मिक समीप आ गए। खतरनाक अपराधियों ने अपनी कार से गोलीबारी शुरु कर दी जिसके परिणामस्वरुप श्री राव पेट में गोली लगने से हैड कांस्टेबल, सुनील कुमार कंधे में गोली लगने से तथा कांस्टेबल बिजेन्द्र पाँव में गोली लगने से घायल हो गए। अपराधियों की गोलीबारी के जवाब में, तीन अन्य दलों के सदस्यों और जख्मी कार्मिकों ने संदिग्ध कार पर गोलीबारी शुरु कर दी जिसमें दो अपराधी जख्मी हो गए। सभी जख्मी पुलिस अधिकारी और आम नागरिकों को अस्पताल ले जाया गया। कार के दोनों जख्मी व्यक्तियों को भी अस्पताल ले जाया गया जहाँ मृत लाया गया घोषित किया गया।

इस मुठभेड़ में, श्री राजबीर सिंह मलिक, उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(I) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 15 सितम्बर, 1994 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
निदेशक

सं0 37 - प्रेज/2002-राष्ट्रपति, हरियाणा पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते है -

अधिकारी का नाम और रैंक
श्री कुलदीप सिंह सियाग
पुलिस अधीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

29.5 2000 को एक मोटर साइकिल पर तीन व्यक्ति आए तथा उन्होंने एक व्यक्ति को गोली मारकर घायल कर दि' ' उससे 9 लाख रू0 छीन लिए । सूचना प्राप्त होते ही पुलिस अधीक्षक, श्री कुलदीप सिंह सियाग ने तत्काल पानीपत सिटी को सील करने तथा वाहनों की तलाशी लेने और अपराधियों को पकड़ने हेतु कार्रवाई की । त्वरित कार्रवाई के फलस्वरूप एक व्यक्ति लूटी गई राशि तथा 9 एम एम पिसतौल सहित पकडा गया। आगे की गई जाच मे दो अपराधी और पकडे गए । वे सभी उत्तर प्रदेश/हरियाणा/दिल्ली मे सक्रिय कुख्यात गिरोह के सदस्य थे ।

1.9.2000 को सूचना प्राप्त हुई कि कुछ व्यक्ति एक लाल मारूती कार में पानीपत स्थित बिनजोल सिंचाई विश्राम गृह आए तथा उन्होने 16 लाख रू0 की नकदी लूट ली । उस दिन उक्त विश्राम गृह में सिंचाई विभाग के कर्मचारियों को वेतन बाटा जा रहा था । अपराधियों के पास घातक हथियार थे । उन्होंने खजाची से नकदी छीनी तथा मारूति कार में भाग गए । श्री कुलदीप सिंह सियाग, पुलिस अधीक्षक सभी सबंधितो को निदेश देकर तत्काल घटनास्थल को रवाना हुए । उन्हें जानकारी मिली कि अपराधी नहर की ओर कच्ची सड़क पर स्थित ग्राम नरायणा की ओर गए है । उन्होंने उप पुलिस अधिक्षक सिटी और एस एच.ओ सदर, सी. आई ए.-1, एस.एच.ओ. मॉडल टाउन तथा एस एच ओ चडीबाग की सचल पार्टियों को साथ लिया तथा गांव की तलाशी प्रारभ कर दी । तलाशी के दौरान उन्होंने उप पुलिस अधीक्षक सिटी तथा एस एच ओ सदर को समीपवर्ती गाव अटेल की तलाशी लेने का निदेश दिया क्योंकि पास के अन्य गाव को जाने वाले कच्चे रास्ते पर कार के टायर के निशान नहीं थे । उप पुलिस अधीक्षक पानीपत सिटी से यह जानकारी प्राप्त होने पर कि अपराधी ग्राम अटेल में है, श्री सियाग ने अटैल गाव को जाने वाली सभी सड़कों को सील करने का निदेश दिया । अपराधियों ने पुलिस की मौजूदगी की भनक पाते ही गन्ने के खेत में शरण ले ली । अपराधियों का वाहन कच्चे रास्ते पर आगे नही बढ सका । गन्ने का खेत 250 एकड के विशाल क्षेत्र में फैला हुआ था । पुलिस पार्टी ने खेत को सभी दिशाओं से घेर लिया तथा श्री सियाग गन्ने के खेत मे घुस गए तथा अपराधियों को तलाशने लगे । खेत के 100 एकड़ भाग की तलाशी लेने के बाद उन्हें गन्ने के खेत में अपराधियों की हलचल नोटिस की तथा गन्ने के टूटने की आवाज सुनी । उन्होंने अपराधियों को पुलिस के समक्ष आत्मसर्मपण करने की चेतावनी दी परन्तु उन्होंने पुलिस पार्टी पर गोलिया चलानी शुरू कर दी । पुलिस ने आत्मरक्षा में गोलिया चलाई । खेत के 150 एकड के शेष भाग में भी तलाशी का कार्य पूरा कर लिया गया । उन्होने तथा उनकी पार्टी, जिसमें कांस्टेबल सर्व श्री भूपिन्दर, लखनपाल, बिजेन्दर, सुरेन्दर तथा सुरेश कुमार शामिल थे, ने गन्ने के खेतों में आगे बढना जारी रखा । काफी देर तक पीछा करने के बाद पुलिस आत्मरक्षा में गोलिया चलाते हुए तीन अपराधियों को धर दबोचने में सफल हो गई । पकडे गए अपराधियों के नाम रोहताश उर्फ तासी, सुरिन्दर सिंह तथा सुनील उर्फ शीलू थे । तलाशी के दौरान रोहतास के कब्जे से 4 कारतूसों सहित एक 9 एम एम पिस्तौल तथा 8.60 लाख रू0 की राशि तथा सुरिन्दर के कब्जे से 1.2 बोर के एक कारतूस के साथ 12 बोर की देशी पिस्तौल तथा 50,000/- रू0 नकद बरामद हुए । 9 एम एम के दो खाली कारतूस तथा 12 बोर के कारतूस खोल भी बरामद हुए । जाच-पड़ताल तथा सत्यापन के दौरान पता चला कि 16 लाख रू0 में से 5,32,120/- रू0 कर्मचारियों में वितरित कर दिया गए थे तथा 10,67,880/- रू0 छीन लिए गए थे जिसमें से 9.60 लाख रू0 बरामद कर लिए गए । शेष राशि बरामद नहीं की जा सकी क्योंकि गिरोह के कुछ सदस्य भागने में सफल हो गए ।

इस मुठभेड़ में, श्री कुलदीप सिंह सियाग, पुलिस अधीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एव उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(I) के अतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनाक 1सितम्बर, 2000 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 38 - प्रेज/2002-राष्ट्रपति, झारखंड पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :-

अधिकारी का नाम और रैंक
श्री संजय ए. लथकर, भारतीय पुलिस सेवा
सहायक पुलिस अधीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

21.2.1998 को लगभग 1435 बजे श्री संजय ए. लथकर, सहायक पुलिस अधीक्षक, पिरी, जिला भोजपुर को एक वायरलैस संदेश प्राप्त हुआ कि श्री पी आई (एम एल) अतिवादी, चारपोखर पुलिस स्टेशन के अंतर्गत गांव पसौर, में गोलियां चला रहे हैं और समूचा गांव तनावग्रस्त हो गया है। श्री लथकर ने चारपोखर पुलिस स्टेशन को तत्काल कार्रवाई शुरू करने का निर्देश दिए और साथ ही साथ पिरी और गरहानी पुलिस स्टेशनों को उपलब्ध सशस्त्र बल के साथ तत्काल गांव पासौर जाने के लिए कहा। वे लगभग 1530 बजे अपने सशस्त्र बल के साथ गांव पासौर पहुँचे। चारपोखरी पुलिस स्टेशन के श्री अंबिका प्रसाद, उप निरीक्षक और श्री राम राज शर्मा, सहायक उप निरीक्षक, थाने के सशस्त्र बल के साथ पहले ही वहाँ पहुंच चुके थे और स्कूल की चार-दिवारी के पीछे मोर्चा ले रहे थे, रुक-रुक कर हो रही गोलीबारी और गांव की पश्चिमी दिशा की तरफ में घुसाहर टोला की तरफ अवस्थित, लगभग 100/150 अतिवादियों की भीड़ द्वारा किए जा रहे पथराव का सामना कर रहे थे। इससे पहले गांव पिसौर के एक व्यक्ति जनार्दन सिंह द्वारा चारपोखरी पुलिस स्टेशन में एक शिकायत दर्ज की गई थी कि कुछ व्यक्तियों ने उनके बेटे की मारने का प्रयास किया था। कुछ व्यक्तियों के विरुद्ध एक मामला चलाया गया। पुलिस बल के घटनास्थल पर पहुंचने पर मोहन राम नाम के एक व्यक्ति को देखा जिसके नाम का उल्लेख एक अभियुक्त के रूप में जनार्दन सिंह की शिकायत के आधार पर फाईल की गयी प्र. सू. रिपोर्ट में किया गया था। जैसे ही प्रथम सूचना रिपोर्ट में नामित अभियुक्त मोहन राम को गिरफ्तार किया गया, भीड़ ने पथराव शुरु कर दिया और गोलीबारी भी शुरु कर दी तथा गिरफ्तार व्यक्ति को छुड़ाने में सफल हो गए। इस कार्रवाई के दौरान, एक कांस्टेबल गंभीर रुप से जख्मी हो गया। श्री लथकर ने अतिवादियों को समर्पण करने के लिए कहा लेकिन वे समर्पण करने की समझदारी की सलाह को मानने की मनःस्थिति में नहीं थे और उन्होंने पथराव के साथ-साथ अंधाधुंध तथा रुक-रुक कर गोलीबारी जारी रखी। श्री लथकर ने लोगों की भीड़ को गैर-कानूनी घोषित कर दिया और उसी समय अरीह नियंत्रण कक्ष को एक संदेश भेजा तथा पुलिस अधीक्षक से कुमुक भेजने का अनुरोध किया। श्री लथकर ने उन्हें वश में करने तथा उनका मनोबल गिराने हेतु तथा उन्हें जिंदा पकड़ने के लिए श्री महेन्द्र सिंह, कांस्टेबल और 3 अन्य को एक-एक राऊंड गोली चलाने के लिए कहा। अतिवादियों ने और ज्यादा प्रभावी ढंग से अंधाधुंध गोलीबारी की। फिर उन्होंने महेश कुमार ठाकुर, कांस्टेबल और 3 अन्य को तीन-तीन राऊंड गोलियां चलाने को कहा जिसके परिणामस्वरुप एक अतिवादी जख्मी हो गया। श्री लथकर ने पुनः एक कांस्टेबल को 2 राऊंड और 3 अन्य को प्रत्येक को तीन-तीन राऊंड गोलियां चलाने का आदेश दिया। एक उग्रवादी को गोली लगी जो जमीन पर गिर पड़ा। अब अतिवादी स्वयं को असुरक्षित पाकर सुरक्षित शरण लेने के लिए भागे। पिरी पुलिस भी स्कूल की इमारत के दक्षिणी भाग की ओर पहुंच गई थी। अतिवादी समीप के गांवों की तरफ भागे। श्री लथकर ने दूसरी टुकड़ी के साथ भाग रहे अतिवादियों का पीछा किया लेकिन अतिवादी गोलीबारी और अंधेरे की आड़ में बच कर भाग निकले। इस मुठभेड़ में कुल दो नक्सलवादी मारे गए। जिनकी पहचान बाद में गोधन भुसाहर और मुलर दुसध उर्फ दिनेश्वर पासवान के रूप में की गई। 22.2.1998 को अतिवादी को गिरफ्तार करने के लिए और अवैध शस्त्र/गोलाबारुद को जब्त करने हेतु घर-घर की तलाशी ली गई। घटनास्थल से निम्नलिखित बरामदगी की गई : 7 जिंदा कारतूसों के साथ .315 देशी राइफलें - 4, .315 बोर मिश्रित पिस्तौल-1, 7 कारतूसों के साथ 12 बोर की देशी एस बी बी एल गन - 3, .315 कारतूस के खोल-9, 12 बोर कारतूस के खोल-9, कुछ खाकी पुलिस वर्दी।

इस मुठभेड़ में, श्री संजय ए. लथकर, भारतीय पुलिस सेवा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(I) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 21 फरवरी, 1998 से दिया जाएगा।

(वरुण मित्रा)
निदेशक

सं0 39 - प्रेज/2002-राष्ट्रपति, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक/पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

सर्वश्री

1. (दिवंगत) अब्दुल रशीद भट्ट, कांस्टेबल (जी डी)
24वीं बटालियन, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस
(वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक)

2. उमांग खत्री, निरीक्षक (जी डी), 24वीं बटालियन
भारत-तिब्बत सीमा पुलिस(वीरता के लिए पुलिस पदक)

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:</u>

2.2.2000 को श्री एम. कुमार, उप कमांडेंट 24वीं बटालियन की कमान में एक विशेष गश्त को जिला अनंतनाग, जम्मू और कश्मीर में कोगुंड तथा चुतीपुरा के आम क्षेत्र में रात में निगरानी करने के लिए रात में भेजा गया। गश्ती दल को पास के वन क्षेत्र की तरफ चुपके से जाते दो साये दिखे। गश्ती दल द्वारा ललकारने पर एक संदिग्ध व्यक्ति पास के घर में भाग गया और दूसरे ने आत्मसमर्पण कर दिया। इस व्यक्ति के पीछे पार्टी एक घर की ओर गई, जिसकी तत्काल घेराबंदी कर दी गई। दल के कमांडर ने घर के अंदर रह रहे सभी को बाहर निकलने के लिए कहा, जिसका तत्काल पालन किया गया। कांस्टेबल अब्दुल रशीद भट्ट घर में घुसने के लिए स्वेच्छा से आगे आया। निरीक्षक उमंग खत्री को कांस्टेबल अब्दुल रशीद भट्ट के साथ पहले दल के रूप में घर की तरफ बढ़ने के लिए तैनात किया गया। घर से रुक - रुक कर गोलीबारी हो रही थी। निरीक्षक खत्री और कांस्टेबल भट्ट अंधेरे का लाभ उठाकर घर के आगे के दरवाजे पर पहुंचने में कामयाब हो गए। अंदर के उग्रवादी ने प्रथम मंजिल के एक कमरे के अंदर शरण ले ली। अवरोधों के बावजूद, दोनों घर की पहली मंजिल पर पहुंचने में कामयाब हो गए जहाँ पर संदिग्ध व्यक्ति छिपा हुआ था। जैसे ही कांस्टेबल भट्ट ने कमरे में घुसने का प्रयास किया, उग्रवादी ने उन पर गोलीबारी शुरु कर दी और उन्होंने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। निरीक्षक खत्री, जो कि कांस्टेबल भट्ट के साथ थे, ने तत्काल जवाबी गोलीबारी की। आतंकवादी बच कर भागने के लिए खिड़की से बाहर कूद पड़ा लेकिन निरीक्षक खत्री ने उसी खिड़की से गोली चलायी और उस संदिग्ध व्यक्ति को मार गिराया। मारे गए उग्रवादी की पहचान बाद में फारुख अहमद गनाई, कोड नाम "जफर" के रूप में की गई। घटनास्थल से एक के - 47, 05 ए के - 47 मैगजीनें, 01 लांचर, 151 ए के - 47 गोलाबारुद, 04 हथगोले, 06 लांचिंग ग्रेनेड और 04 चीन निर्मित पिस्तौल राऊंड्स बरामद किए गए।

इस मुठभेड़ में, (दिवंगत) श्री अब्दुल रशीद भट्ट, कांस्टेबल और श्री उमांग खत्री, निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक राष्ट्रपति का पुलिस पदक/पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(I) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 2 फरवरी, 2000 से दिया जाएगा ।

(वरुण मित्रा)
निदेशक

सं0 40 - प्रेज/2002-राष्ट्रपति, भारत तिब्बत सीमा पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

(दिवंगत) सर्व/श्री

1. सुरेन्द्र पाल सिंह गुलेरिया, सहायक कमान्डेट/जी.डी.
2. ललित सिंह, हैड कांस्टेबल/जी.डी.

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

गांव बुनागुंड (एम.जैड-1453) में उग्रवादियों की उपस्थिति के बारे में विशिष्ट सूचना मिलने पर भारत-तिब्बत सीमा पुलिस की 10वीं बटालियन ने उग्रवादियों को पकडने के लिए श्री.पी0के0 बसमाना कमान्डेट के नेतृत्व में एक तलाशी अभियान आयोजित किया । अभियान के लिए तैनात जवानों को, श्री एस.पी.एस. गुलेरिया, सहायक कमान्डेन्ट/जी.डी. और श्री एस0एस0 हस्ता उप कमान्डेंन्ट, जी. डी. के नेतृत्व में दो ग्रुपों में विभाजित किया गया। श्री एस.पी.एस. गुलेरिया, सहायक कमान्डेन्ट संदिग्ध मकान में घुसने के लिए प्रथम तलाशी पार्टी का नेतृत्व करने की जिम्मेवारी सौंपी गयी । श्री गुलेरिया, सहायक कमान्डेन्ट ने मकान के ताले तोड़ने के बाद भूतल की तलाशी शुरू कर दी । पार्टी ने भूतल की तलाशी ली और उसके बाद प्रथम तल पर गई । जैसे ही श्री गुलेरिया अपनी पार्टी के साथ कमरे में दाखिल हुए, छिपे हुए उग्रवादियों ने गोलियों की भारी बौछार कर दी । श्री गुलेरिया ने गोलियों का जबाब दिया । भारी व्यक्तिगत जोखिम मोल लेते हुए वे रेंगते हुए उग्रवादियों के मोर्चे तक पहुंचे और उन पर गोलियां चलायी, जिसके परिणामस्वरूप एक खुंखार उग्रवादी मारा गया, जिसकी पहचान बाद में इसहजी, पुत्र मोहम्मद रमजान, निवासी इस्लामाबाद, पाकिस्तान, जैश-ए-मोहम्मद ग्रुप से संबंधित के रूप में की गई । इसी क्षण कमरे के दूसरे किनारे पर मोर्चा सम्भाले दूसरे उग्रवादी ने श्री गुलेरिया पर गोली चलायी और वे बुरी तरह से जख्मी हो गए । श्री गुलेरिया ने तत्काल अपनी पार्टी को आड़ लेने/पिछे जाने का संकेत दिया, इस प्रकार से उन्होंने अपनी कमान के अधीन जवानो के प्राण बचाये । अन्दरूनी घेरा पार्टी का मोर्चा बदलने का निर्णय लिया गया । हैड कॉंस्टेबल ललित सिंह, जो इस अन्दरूनी घेरा पार्टी के सदस्य थे, अपना मोर्चा बदलने के लिए आगे आए । श्री ललित सिंह, हैड कांस्टेबल अदम्य साहस का परिचय देते हुए उग्रवादियों की भारी गोलीबारी के बीच रेंगते हुए गए और मोर्चा सम्भाला जहां से उन्होंने दूसरे उग्रवादी को गोली से मार गिराया, जिसकी पहचान बाद में तारिक अहमद मलिक, पुत्र मोहम्मद अफसल अफजल, निवासी नौगाम अनन्तनाग (जम्मू और कश्मीर), हरकत-उल-मुज्जाहिदीन ग्रुप के सदस्य के रूप में की गई । इस कार्रवाई में, उन्हें उग्रवादियों की गोलियों की बौछार लगी । उन्हें 92 बेस अस्पताल, श्रीनगर ले जाया गया, जहां उन्हें अत्यधिक खून बह जाने के कारण मृत लाया गया घोषित किया गया । मुठभेड स्थल से 2 ए.के. श्रेणी राईफले, 04 ए.के. मैगजीन, 2 हथगोले, 03 राईफल ग्रेनेड, 01 ग्रेनेड लांचर, 15 राउन्ड ए.के. गोलाबारूद और एक रेडियो सेट बरामद किया गया ।

इस मुठभेड़ में, (दिवंगत) सर्व/श्री सुरेन्द्र पाल सिह गुलेरिया, सहायक कमान्डेन्ट/जी.डी. और ललित सिंह हैड कान्सटेबल/जी.डी. ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक राष्ट्रपति के पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनाक 10 नवम्बर, 2000 से दिया जाएगा ।

(बरुण मित्रा)
निदेशक

सं0 41 - प्रेज/2002-राष्ट्रपति, मध्य प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :-

**अधिकारी का नाम और रैंक**

(दिवंगत) श्री बाबूशंकर शुक्ला
सहायक उप निरीक्षक, झाबुआ

**उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:**

5 फरवरी, 1999 को लगभग 22-30 बजे आग्नेयस्त्रों, तीर-कमानों, तलवारों और कुल्हाड़ियों से लैस 60-70 आदिवासी अपराधी कुंदनपुर गांव में आये और श्री राधेश्याम के घर में डकैती डाली, जहाँ 7-8 महिलाएं ही उपस्थित थीं। इसी बीच कुंदनपुर चौकी के प्रभारी, सहायक उप निरीक्षक बाबू शंकर शुक्ला ने महिलाओं का शोर सुना और तत्काल घटनास्थल की तरफ गए तथा अपनी 12 बोर की गन से एक गोली चलाई लेकिन एक डकैत ने एक वृक्ष की आड़ से श्री शुक्ला पर गोली चलाई । गोली श्री शुक्ला के सीने में लगी लेकिन उन्होंने बहुत वीरता दिखाई और अपराधियों पर दो गोलियाँ चलाईं तथा उन्हें पीछे हटने के लिए मजबूर कर दिया और इस प्रकार से गांव के अन्य घरों में डकैती पड़ने से बचाया जा सका। कुछ घंटों के पश्चात श्री शुक्ला ने दम तोड़ दिया। घटना के दौरान श्री शुक्ला के पास सिर्फ एक कांस्टेबल था जिसे जिला मुख्यालय और समीप के पुलिस स्टेशन को सूचित करने के निदेश के साथ चौकी पर छोड़ आए थे। श्री शुक्ला अकेले 60-70 सशस्त्र डकैतों के साथ लड़े और ड्यूटी पर रहते हुए अपने प्राणों का बलिदान कर दिया।

इस मुठभेड़ में, (दिवंगत) श्री बाबूशंकर शुक्ला ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(I) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 5 फरवरी, 1999 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
निदेशक

सं0 42 - प्रेज/2002-राष्ट्रपति, महाराष्ट्र पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :-

अधिकारी का नाम और रैंक
श्री काशीनाथ सोपान कचीर
निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

28.07.2000 को लगभग 19.30 बजे वांग्ले एस्टेट पुलिस स्टेशन के पी एस आई चोगले को सूचना प्राप्त हुई कि छोटा शकील गिरोह का एक कुख्यात अपराधी नामत: सागीर अहमद फकीर मोहम्मद कुरैशी अपने साथी के साथ जैमालसिंह पैट्रोल पंप को लूटने के लिए टेलको कंपनी कंपाऊड के नजदीक की सर्विस रोड से आएगा। पी एस आई चोगले ने यह सूचना वाग्ले एस्टेट पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक को भेजी। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक काचरे, पुलिस उप निरीक्षक चोगले और पुलिस कास्टेबल जीवन नाइक तथा पुलिस कांस्टेबल संजय सावत स्टेशन डेरी में आवश्यक प्रविष्टि करने के पश्चात तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हो गए। स्टेशन रोड पर पहुँचने के पश्चात दो दल बनाए गए। लगभग 20.20 बजे दो व्यक्ति सर्विस रोड से आते हुए दिखाई दिए। जब वे वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक काचरे और पुलिस कास्टेबल नाइक के नजदीक पहुँचे, तब पुलिस कांस्टेबल नाइक ने उनमें से एक की सागीर कुरैशी के रुप में पहचान की, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक काचरे ने यह बताते हुए कि वे पुलिस कार्मिक हैं, कुरैशी को तत्काल रुकने के लिए कहा। इस पर कुरैशी का साथी सर्विस रोड से भाग गया। कुरैशी ने आग्नेयास्त्र निकाल लिया और पुलिस निरीक्षक काचरे को चेतावनी दी कि वह उसे न पकड़े, अन्यथा वह उसे गोली मार देगा। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक काचरे और पुलिस उपनिरीक्षक नाइक, कुरैशी की तरफ बढ़े, जिसने वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक काचरे पर एक राऊंड गोली चलायी और अपने हथियार को पुन: लोड करने का प्रयास किया। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक, काचरे के अपने बायें पांव के टखने पर गोली लगने से वे जख्मी हो गए। इस पर, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक काचरे ने दो राऊंड गोलियां चलाई और पुलिस उप निरीक्षक चोगले ने, आत्मरक्षा में कुरैशी पर, अपने सर्विस रिवाल्वर से एक राऊन्ड गोली चलाई जिससे वह जख्मी हो गया। श्री कुरैशी को इलाज के लिए तत्काल सिविल अस्पताल ले जाया गया जहाँ उसे मृत घोषित कर दिया गया।

इस मुठभेड़ में, श्री काशीनाथ सोपान काचरे, निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एव उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 28 जुलाई, 2000 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
निदेशक

सं0 43-प्रेज/2002-राष्ट्रपति, महाराष्ट्र पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :-

अधिकारी का नाम और रैंक
श्री विठ्ठल आनंद पाटिल,
उप निरीक्षक,
कोल्हापुर, महाराष्ट्र,

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

गैंगों के दो कुख्यात अपराधी (I) भीम्या अर्गड्या पवार तथा (II) शेल्वक्या जुरब्या पवार की डकैती और लूट के अनेक मामलों में तलाश थी। एस डी पी ओ इस्लामपुर को सूचना मिली कि उक्त दोनों अपराधी फिल्म देखने के लिए वाल्वा गांव में आएंगे। 13.3.97 को एस डी पी ओ इस्लामपुर ने टूरिंग टाकीज, वाल्वा पर छापा मारने का प्रबंध किया। छापामार पार्टी में एक पुलिस उप अधीक्षक, एक निरीक्षक छः उप निरीक्षक तथा 27 जवान शामिल थे। छापामार दल के प्रभारी ने सभी अधिकारियों व जवानों को टाकीज के आस-पास के क्षेत्र में तैनात कर दिया। 22.45 बजे एक उप निरीक्षक तथा 3 जवानों को वांछित अपराधियों की तलाश करने का कार्य सौंपा गया। पुलिस को देखकर दोनों अपराधी अपने हाथों में चाकू लेकर भागने लगे। कांस्टेबल पाटिल ने एक अपराधी भीम्या अर्गड्या पवार को धर दबोचने का प्रयास किया। अपराधी ने श्री पाटिल की जांघ में चाकू मार दिया। तथापि, इन्होंने इस अपराधी को दबोच लिया। दूसरा अपराधी शेलक्या जुरब्या पवार भी चाकू हाथ में लिए भाग रहा था। पुलिस उप निरीक्षक वी ए पाटिल ने अपराधी को भागते हुए देख लिया। इन्होंने उसका पीछा किया तथा उसे पकड़ने में कामयाब हो गए। हताश अपराधी ने मुक्त होने के लिए श्री पाटिल के सीने पर गंभीर घाव किया हालांकि श्री पाटिल के सीने पर गभीर घाव था फिर भी इन्होंने अपराधी को मजबूती से पकड़ लिया तथा उसे अन्य अधिकारियों तथा जवानों के हवाले कर दिया।

इस मुठभेड़ में, श्री विठ्ठल आनंद पाटिल, उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(I) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 13 मार्च, 1997 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
निदेशक

सं0 44-प्रेज/2002-राष्ट्रपति, मणिपुर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :-

<u>अधिकारी का नाम और रैंक</u>
श्री टी एच कृष्णतोम्बी सिंह
उप निरीक्षक

(वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार)

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:</u>

10.11.2000 को मायाना इम्फाल पुलिस स्टेशन के पुलिस कार्मिकों से भूमिगत तत्वों द्वारा कुछ शस्त्रास्त्र लूट लिया गया। कमांडो पार्टियों को आस-पास के ग्रामों में तलाशी लेने के लिए तैनात किया गया। लफूपत टेरा अन्तर ग्राम सड़क पर एक मिनी टाटा ट्रक विपरीत दिशा से आ रहा था। ट्रक की संदिग्ध हरकत देखकर उप निरीक्षक कृष्ण तोम्बी सिंह ने वाहन को रोका, जांच की तथा उसमें सवार लोगों का सत्यापन किया। इसमें दो महिलाओं सहित कुल छ व्यक्ति सवार थे। ये दोनों महिलाएं युनाइटेड नैशनल लिबरेशन फ्रंट (यू.एन.एल.एफ) की सदस्य थीं। आगे पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि उन्होंने हेनाल ग्राम में शिविर में ठहरे उनके कामरेडों के प्रयोग के लिए जैतूनी रंग की वर्दी पहुंचाने के लिए टाटा ट्रक का अपहरण किया था तथा उक्त वर्दियों को उतारने के बाद वापस लौट रहे थे। यह जानकारी मिलने पर कि हेनाल ग्राम में बड़ी संख्या में उग्रवादी हैं, श्री कृष्ण तौमबी सिंह उप निरीक्षक तथा उनकी पार्टी बरास्ता कुम्बी ग्राम से होकर हेनाल ग्राम की ओर रवाना हुई। यह पार्टी कुम्बी ग्राम पहुंचने पर एम मुबी सिंह, निरीक्षक के नेतृत्व में एक अन्य कमांडो पार्टी से मिली। यह पार्टी कुम्बी से होकर सुग्नु क्षेत्र की ओर जा रही थी। कमांडो के दोनों ग्रुपों को कुम्बी में पुनर्गठित किया गया तथा हेनाल गांव में अतिवादियों की मौजूदगी की पक्की सूचना के आधार पर वे सुग्नु क्षेत्र की ओर बढ़े जहां हेंगल गांव स्थित है। जब कामंडो लाइनगोबी ग्राम से लेइनगैनाचिना की ओर बढ़ रहे थे तो उन्होंने एक अन्तर-ग्राम सड़क के साथ एक धान के खेत में 3-4 युवकों को देखा। कमांडों को देखकर, खतरे को भांपते हुए युवक पीछे हटकर दूसरी ओर जाने लगे। तत्काल श्री कृष्ण तोम्बी जिनकी पार्टी टुकड़ी के आगे चल रही थी, ने युवकों को रुकने को कहा। तथापि, युवकों ने उनकी चेतावनी की ओर ध्यान नहीं देते हुए जमीन की ऊंची सतह की आड़ लेकर पुलिस दल पर गोलियां चलानी प्रारंभ कर दी। श्री कृष्ण तोम्बी और उनकी पार्टी, भारी गोलीबारी करते हुए उनका पीछा कर रही थी। श्री मुबी सिंह, निरीक्षक तथा उनकी पार्टी बांई ओर से इस मुठभेड़ में शामिल हुई। अचानक युवक काफी गहरी खाई में कूद गए तथा अपने आपको खाई में छुपते-छुपाते कमांडों पर गोलियां चलाकर उन्हें आगे बढ़ने से रोकते रहे। श्री कृष्ण तोम्बी तथा उनकी पार्टी ने पोजीशन लेकर गोलीबारी प्रारंभ कर दी। श्री कृष्ण तोम्बी ने यह अनुमान लगाकर कि युवक पहाड़ी क्षेत्र में बच निकल सकते हैं, वे दाईं ओर बढ़े और मुठभेड़ में एक युवक को मार गिराया जिसकी पहचान बाद में के इनौबा शर्मा के रुप में हुई जो यू एन एल एफ का दुर्दान्त नेता था। मृतक के पास से 14 जिन्दा कारतूसों समेत एक ए के 47 राइफल बरामद हुई। पहाड़ी की ओर भागते हुए दूसरा युवक निरीक्षक मूबी तथा उनकी पार्टी द्वारा मारा गया। बाद में उसकी पहचान निग्नथोउजाम चित्रसेन उर्फ अबुनाचा उर्फ रोमी के रुप में की गई।

इस मुठभेड़ में, श्री टी.एच. [illegible]म्बी सिंह, उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(I) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 10.11.2000 से दिया जाएगा।

वरुण मित्रा
(वरुण मित्रा)
निदेशक

सं0 45 - प्रेज/2002-राष्ट्रपति, मणिपुर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. वाई किशोर चंद सिंह, उप निरीक्षक
2. एन नग्मखोलियन वाईफेई, नायक
3. एल धनबीर सिंह, कांस्टेबल
4. वाई बिपिन सिंह, राइफल मैन

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

24.12.2000 को लगभग 2.30 बजे अपराहन एक विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई कि कुछ सशस्त्र युवक, जो 17.12.2000 को सेकमाई पुलिस स्टेशन के संतरी से शस्त्रास्त्र छीनने के मामले में संलिप्त थे, लोइटांग खुनोउ क्षेत्र में ठहरे हुए हैं। उक्त विशिष्ट सूचना प्राप्त होने पर निरीक्षक एम. मुबीसिंह, निरीक्षक, टी एच कृष्णातोम्बी सिंह, निरीक्षक पी जोन सिंह, उप निरीक्षक एम सुधीर कुमार तथा उप निरीक्षक किशोरचंद सिंह के नेतृत्व में पांच कमांडो टीमों को उक्त क्षेत्र में तलाशी अभियान पर तैनात किया गया। उक्त टीमों ने गांव के दक्षिण पश्चिम भाग में घर - घर की तलाशी ली। धान के एक खेत के मध्य में बनी अकेली झोंपड़ी में उनके उपस्थित होने का संदेह होने पर उप निरीक्षक किशोर चंद, नायक एन नग्मखेलियन रायफल मैन वाई. विपिन सिंह और कांस्टेबल एल. धनबीर सिंह के साथ उस झोंपड़ी की ओर बढ़े। श्री किशोर चंद सिंह ने झोंपड़ी में 5/6 व्यक्तियों को देखने पर उन्हें झोंपड़ी से बाहर आने को ललकारा । तथापि, युवकों ने चेतावनी को सुनकर पुलिस कमांडो पर गोली चलाना शुरु कर दिया और कमांडो ने भी पोजीशन लेकर जवाबी गोलीबारी प्रारंभ कर दी। सबसे आगे कमांडो उप निरीक्षक किशोरचंद भारी गोलीबारी के बीच आगे बढ़े तथा कमांडो की कड़ी/कार्रवाई का आभास पाकर कुछ सशस्त्र युवकों ने समीप की पहाड़ी की ओर भागने का प्रयास किया। श्री किशोरचंद ने अपने साथियों को पीछा करने को कहा ताकि वे भाग न पाएं। श्री किशोरचंद तथा कांस्टेबल धनबीर सिंह बांई ओर से तथा नायक नग्मखोलियन और राइफलमैन विपिन दांई ओर से आगे बढ़े। मुठभेड़ के दौरान झोंपड़ी से भाग रहा एक युवक गोली का शिकार हुआ तथा उनमें से कुछ युवक पहाड़ी पर बांसों के झुरमुट की आड़ लेकर भाग गए। घायल युवक की बाद में घावों के कारण मृत्यु हो गई। मृतक के पास से 9 एम.एम. कैलीबर की 03751 नंबर वाली एक थोमसन कारबाईन 4 जिन्दा कारतूसों से भरी एक मैगजीन बरामद की गई। 7.62 एम.एम. केखाली खोल तथा 9 एम.एम. का गोला बारुद भी बरामद किए गये और तलाशी लेने पर श्री किशोर चंद ने धान के खेत की बाड़ के पीछे घुसे एक अज्ञात युवक को देखा। इस युवक को कमांडो ने धर दबोचा जिसकी पहचान बाद में नोंगमीकपम ननाओसिंह उर्फ केन्टीमनाओं, पुत्र एन. इबोतोम्बी सिंह, निवासी सेन्जम चपटाऊ के रुप में की गई जोकि गैर कानूनी संगठन "कंगलेइपाक कम्युनिस्ट पार्टी" का खुंखार सदस्य था। इस युवक ने बताया कि वह सेक्माई पुलिस स्टेशन से शस्त्रास्त्र लूटने में शामिल था। उसके कब्जे से 9 एम.एम. की एक पिस्तोल जिसमें 9 एम.एम. की 3 गोलियां भरी थी, बरामद हुई। मारे गए युवक की पहचान बाद में तोरांगबाम मिखबी मेतेई उर्फ गोर मणि, पुत्र टी लुखोई सिंह, ग्राम लोइटांग चपराऊ के रुप में हुई जो गैर कानूनी संगठन कंगलेइपाक कम्युनिस्ट पार्टी के पश्चिम इम्फाल का स्वंयभू कमांडर भी था।

इस मुठभेड़ में, श्री सर्वश्री वाई किशोरचंद सिंह, उप निरीक्षक, एन. नग्मखोलियन वाईफेई, नायक, एल. धनबीर सिंह, कांस्टेबल और वाई. विपिन सिंह, राइफलमैन ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(I) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 24 दिसम्बर, 2000 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 46 - प्रेज/2002-राष्ट्रपति, मणिपुर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

<u>अधिकारियों के नाम और रैंक</u>

सर्वश्री

1. एल. संतोष सिंह, उप निरीक्षक
2. मो0 शौकत अली, कांस्टेबल
3. पी. मोहन सिंह, कांस्टेबल

<u>उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:</u>

21 सितम्बर, 2001 को एक रिपोर्ट प्राप्त होने पर उप निरीक्षक श्री संतोष सिंह के नेतृत्व में तथा उप निरीक्षक श्री जॉय चन्द्र सिंह के सहयोग से पुलिस कमांडो की एक टीम, एक वाहन में घूम रहे सशस्त्र भूमिगत तत्वों को पकड़ने के लिए कोंगबा क्षेत्र में तैनात की गई । शाम को लगभग 5.15 बजे नीले-काले रंग की एक मारुति वैन जिसका रजिस्ट्रेशन नम्बर एम एन-आई ए/5021 था, संदेहास्पद ढंग से उचेकोन की तरफ तेज गति से जाती देखी गई । इसे जांच के लिए रुकने का इशारा किया गया । तथापि, वाहन चालक ने पुलिस पार्टी को देखकर गाड़ी की रफ्तार तेज कर दी तथा भागने का प्रयास किया । उप निरीक्षक संतोष सिंह तथा उनकी टीम ने भागते वाहन का पीछा किया । मारुति में सवार लोगों ने पीछे की विंड स्क्रीन से पुलिस टीम पर गोलियां चलाई जो पुलिस की मारुति जिप्सी के आगे वाले भाग पर लगी । श्री संतोष सिंह तथा कमांडो सर्वश्री (i) मो0 शौकत अली (ii) पी0 मोहन सिंह (iv) आर0 सलोनी रेजन तथा (v) एम थाइबेई ने भागते हुए वाहन पर जवाबी गोलीबारी की । इसी बीच उप निरीक्षक जॉय चन्द्रसिंह तथा उनका सचल दस्ता, जिसमें सर्व श्री सुशील शर्मा तथा के.एच. चन्द्रशेखर थे, भी इस में शामिल हो गया तथा उन्होंने भी उग्रवादियों के वाहन पर गोलियां चलाई, क्षतिग्रस्त हो जाने पर मारुति वैन रुक गई । तथापि, उग्रवादी मारुति वैन के अंदर से गोलियां चलाते रहे । यह मुठभेड़ लगभग दस मिनट तक चली । उग्रवादियों की ओर से गोली-बारी बंद होने के बाद ही पुलिस कमांडो ने गोली बारी बंद की । कुछ देर प्रतीक्षा करने के बाद श्री संतोष सिंह तथा उनकी टीम सरकते हुए उस वाहन की ओर बढ़ी तथा उन्होंने धीमे-धीमे कराहने की आवाज सुनी । आगे जांच करने पर उन्होंने देखा कि दो भूमिगत तत्व घटनास्थल पर मरे पड़े हैं तथ एक गंभीर रूप से घायल है । मारे गए दोनो व्यक्तियों की पहचान थिन्गानाखा फुरामफोंग के माइबाम अबंग सिंह और उडीपोक क्वाई ब्रह्मपुर लेइकाई के क्षेत्री मापूम माओबी उर्फ सुदेश के रूप में की गई। दोनों ही प्रीपाक संगठन के थे । घायल व्यक्ति की पहचान बाद में खांग्रोक गांव के असीम राजन सिंह पुत्र (स्व0) ए याइमासिंह के रूप में हुई जिसे तत्काल जे.एन. अस्पताल पहुंचाया गया तथा चिकित्सा प्रदान की गई । मारे गए उग्रवादियों के कब्जे से 18 सक्रिय राउंड सहित दो ए.के.-56 राइफलें, दो ए.के.-56 मैगजीनें तथा एक चीनी हथगोला बरामद किए गए ।

इस मुठभेड़ में, सर्व श्री एल.संतोष सिंह उप निरीक्षक, मो0 शौकत अली, कांस्टेबल तथा पी0 मोहन सिंह, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 21 सितम्बर, 2000 से दिया जाएगा ।

(बरुण मित्रा)
निदेशक

स0 47 - प्रेज/2002-राष्ट्रपति, मणिपुर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते है -

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्वश्री

(1) एल कैलुन, भारतीय पुलिस सेवा, पुलिस अधीक्षक, इम्फाल

(2) जॉन एस शिलशी, एम पी एस, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक
(वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार)

(3) एन राजन सिह, उप निरीक्षक

(4) टी एच कृष्णातोम्बी सिह, उप निरीक्षक(वीरता के लिए पुलिस पदक का बार)

(5) एन. हीरामणी सिह, कास्टेबल

(6) टी एच जयचद्र सिह, कास्टेबल

(7) के एच रणजीत सिह, कास्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

18 5.2000 को एक विश्वसनीय सूचना मिली कि हथियारों से अच्छी प्रकार से लैस लगभग 6/7 अतिवादियो का एक ग्रुप बाग्खेई बाग्खेईमायूम लेराक के एक फूलेन्द्रो सिह के घर पड़ाव डाले हुए था। अतिवादियो को दबोचने के लिए श्री एल. केलुन, पुलिस अधीक्षक, पूर्वी इफाल, श्री जॉन एस. शिलशी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण), पश्चिमी इफाल, श्री एम रामेश्वर सिह, ओ सी/पोरोम्पत पुलिस स्टेशन, सी डी ओ पूर्वी इफाल के उप-निरीक्षक राजन सिह और सी डी ओ पश्चिमी इफाल के उप-निरीक्षक कृष्णातोम्बी सिह को मिलाकर एक टीम का गठन किया गया। 12 45 बजे के करीब जब दल क्षेत्र की घेराबदी कर रहा था, अतिवादियो ने एक इमारत से, जहाँ वे छिपे हुए थे, स्वचालित हथियारो से भारी गोलीबारी की। उप-निरीक्षक एन. राजन सिह, कास्टेबल हीरामणी सिह और कास्टेबल के एच रणजीत सिह पूर्वी दिशा से पहली मजिल, जो आतकवादियों द्वारा कवर नही किया गया प्रतीत होता था, पर चढने मे कामयाब हो गए। इमारत के पूर्वी हिस्से पर बचकर भाग निकलने के रास्तो को कारगर रुप से बद करने के अलावा, इन तीनो कमाडो ने रुक-रुक कर गोलीबारी करके आतकवादियो को नियत्रण मे रख सके। श्री एल केलुन और तीन पुलिस कास्टेबलों, जिन्होंने इटो की दिवार के पीछे मोर्चा ले रखा था, अतिवादियो पर वापस गोलिया चलायी, जिसने कुछ हद तक अतिवादियो को गोलीबारी करने से रोका । इसी बीच, उप-निगेक्षक एन. राजन सिह, कास्टेबल, हीरामणी और रणजीत सिह, अतिवादियों को पश्चिम की ओर धकेलने मे कामयाब हो गए। पुलिस ने उन्हें समर्पण करने के लिए तथा उनके द्वारा बधक बनाए गए नागरिको को छोड देने के लिए घोषणाए की, लेकिन इसका कोई परिणाम नही हुआ। इसकी बजाय, अतिवादियों ने पुलिस को चेतावनी दी। इसके बाद इमारत पर धावा बोलने का निर्णय लिया गया। सर्व/श्री एल केलुन, शिलशी और कृष्णातोम्बी सिह, एक सीढी की मदद से इमारत की छत पर चढ़े। जब चार पुलिसकर्मी सीढ़ियो से नीचे उतर रहे थे, तभी एक अतिवादी न, जिसके हाथ में तौलिए से ढकी हुई एस

एल आर थी, समर्पण करने की मुद्रा में अपना बायां हाथ उठाया, जबकि उसका दायां हाथ उपयुक्त समय पर ट्रीगर को दबाने के लिए गन पर था, श्री शिलशी, श्री कृष्णातोम्बी और कांस्टेबल जयचंद्र ने तत्काल इस बात को नोटिस कर लिया और तत्काल गोलियाँ चला कर उसे घटनास्थल पर मार दिया। अतिवादी पुलिस की तरफ गोलीबारी करते हुए बंधक बनाए गए नागरिकों को दो अलग-अलग कमरों में ले गए, श्री एल. केलुन और उप निरीक्षक कृष्णातोम्बी दोनों ने मिलकर उत्तरी हिस्से के एक कमरे के अंदर एक अतिवादी को मार गिराया। उप-निरीक्षक राजन, कांस्टेबल हीरामणी और रणजीत दक्षिणी हिस्से के एक कमरे में गए जहाँ पर एक अतिवादी ने दो व्यक्तियों को बंधक बना रखा था और अतिवादी को मार गिराया तथा बगैर किसी नुकसान के नागरिकों को छुड़ा लिया। अन्य दो अतिवादियों, जो दक्षिणी दिशा की तरफ बच कर भाग गए थे, को भी सिविल पुलिस कमांडो और असम राइफल्स के संयुक्त बल द्वारा मार गिराया गया। मारे गए अतिवादियों की पहचान बाद में (1) लेशराम मेगाचन्द्रा सिंह, (2) सनाबम कृष्णामोहन सिंह (3) मोइरंगथम रोमेश सिंह और (4) मुतुम मोहन सिंह, प्रीपाक (पी आर ई पी ए के) लड़ाकू ग्रुप के सदस्यों के रुप में की गई। उनसे 20 राऊन्ड के साथ 1 ए के 47 राइफल, 1 एम - 20 राइफल, 60 राऊन्ड के साथ 1 एस एल आर, 8 एच ई बमों के साथ एच ई बमों/रॉकेट लांचर को चलाने वाले डिस्चार्ज सिलंडर के साथ एक .303 राइफल और 7 बेलिस्टिक राऊन्ड बरामद किए गए।

इस मुठभेड़ में, सर्वश्री एल. केलुन, पुलिस अधीक्षक, जॉन एस शिलशी, अतिरक्ति पुलिस अधीक्षक, एन. राजन सिंह, उप-निरीक्षक, टी एच. कृष्णातोम्बी सिंह, उप निरीक्षक, एन हीरामणी सिंह, टी एच. जयचन्द्र सिंह, कांस्टेबल एवं के एच. रणजीत सिंह, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(I) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 18 मई, 2000 से दिया जाएगा।

वरुण मित्रा

**(वरुण मित्रा)**
**निदेशक**

सं0 48- प्रेज/2002-राष्ट्रपति, मिजोरम पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :-

**अधिकारी का नाम और रैंक**

(दिवंगत) श्री रोकुंगा पोतु,
चालक/हवलदार, प्रथम बटालियन, मिजोरम सशस्त्र पुलिस, एजवाल

**उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:**

जून, 2000 के माह में, बी एन एल एफ द्वारा लुंगली जिले के पश्चिमी बेल्ट की सीमा के गांव वालों से पैसे को वसूलने और जबरन उगाही के संबंध में रिपार्टें प्राप्त हुईं । क्षेत्र से विद्रोहियों को खदेड़ने के लिए और क्षेत्र के ग्रामीणों में सुरक्षा और विश्वास की भावना पैदा करने के लिए डी एस बी, ऐजवाल जिले के दो कर्मियों के साथ मिजोरम पुलिस की सशस्त्र प्रथम बटालियन के हंटर बल के एक प्लाटून को तैनात किया गया। 30.6.2000 को, आपरेशन दल सेसन से त्लाबंग को जा रहा था और जब कार्मिकों को ले जा रहा वाहन बिआनदियासोरा के समीप एक तंग मोड़ को पार कर रहा था, तो बी एन एल एफ उग्रवादियों के ग्रुप द्वारा दल पर समीप के एक टीले से भारी गोलीबारी की गई। ऑपरेशन दल के 6 कर्मी वहीं पर मारे गए और चार गंभीर रुप से घायल हो गए। श्री रोकुंगा पोतु को गोलियों की पहली बौछार में ए के - राइफलों से चार गोलियाँ लगीं, दो उनके सीने पर और अन्य दो उनके पेट में लगीं । श्री पोतु, जब तक चालक सीट से गिर नहीं गये तब तक वाहन और दल को बचाते हुए घटनास्थल से 200 मीटर से ज्यादा दूरी तक ले जाने में कामयाब हो गए। वे उठने में कामयाब हुए और अपने सहकर्मियों को सांत्वना देने के लिए वाहन की सीट के सामने बैठ गए और अपनी अंतिम सांस तक वाहन के स्टीयरिंग को पकड़े रह कर अपने साथियों को जवाबी हमला करने के लिए कहा। दल गोलीबारी का जवाब देने में समर्थ था और उग्रवादी भाग गए, श्री पोतु ने अपने जख्मों के कारण दम तोड़ दिया। हवलदार/चालक पोतु की बहादुरी के कारण ही, शस्त्र और गोलाबारुद तथा वाहन सहित शेष 15 पुलिस कार्मिकों की जानें बचा ली गईं।

इस मुठभेड़ में, (दिवंगत) श्री रोकुंगा पोतु, चालक/हवलदार ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(I) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 30 जून, 2000 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
निदेशक

सं0 49-प्रेज/2002-राष्ट्रपति, त्रिपुरा पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :-

अधिकारी का नाम और रैंक

(दिवगत) श्री मनोरंजन देबबर्मा,
एस डी पी ओ, जिरानिया, जिला पश्चिम त्रिपुरा

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

26.05.2001 को ओ. सी. जिरानिया पुलिस स्टेशन को लगभग 00.15 बजे विश्वस्त सूत्रों से सूचना मिली कि पश्चिम त्रिपुरा जिले में जिरानिया पुलिस स्टेशन के अंतर्गत मोहनकोबरा/घागरा के जगलों में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन ऑल त्रिपुरा टाइगर फोर्स (ए टी टी एफ) का शस्त्रों से पूरी तरह लैस एक ग्रुप मौजूद है। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, स्पेशल टास्क फोर्स, त्रिपुरा स्टेट राइफल्स तथा जिला पुलिस ने पुलिस अधीक्षक तथा सी ओ स्तर पर एक संयुक्त अभियान की तैयारी की। मोहनकोबरा, घागरा, कुटुईपारा, दुखिया कोबरा और दुलूकोबरा के पश्चिम में छिपने के ठिकाने के पश्चिम, उत्तरी तथा पूर्वी दिशाओं में घात लगाने वाली पांच पार्टियां तैनात की गईं। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की प्लाटूनों और पुलिस स्टेशन अधिकारियों सहित एक हमला पार्टी को विस्तरित फार्मेशन में रतनपुर गुरुपाडा रोडयाइड से होते हुए दक्षिणी छोर से मोहनकोबरा की पहाड़ियों को छानने के लिए तैनात किया। ज्योंही तलाशी अभियान प्रारंभ हुआ हमला पार्टी पर उग्रवादियों ने भारी गोलीबारी की जिसका पुलिस कार्मिकों ने करारा जवाब दिया। गोलीबारी के दौरान एक उग्रवादी मारा गया तथा शेष उग्रवादी इस क्षेत्र से उत्तरी पहाड़ियों की और भागने में सफल हो गए। 12 एस टी एफ जवानों के साथ सहायक उप निरीक्षक राखाल चौधरी के नेतृत्व में घागरा स्थित घात पार्टी पर भी उग्रवादियों ने गोलीबारी की। चूंकि, यह पार्टी उग्रवादियों के बच निकलने के संभावित मार्ग पर निचली ओर तैनात थी इसलिए इस पार्टी ने और कुमुक की मांग की। मांग के उत्तर में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री एस धर तथा तत्कालीन एस डी पी ओ श्री मनोरंजन देबवर्मा, ने तत्काल टी एस आर, पुलिस तथा केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के कार्मिकों को एकठ्ठा किया तथा घागरा में एस टी एफ कार्मिकों के साथ शामिल हो गए। इस अतिरिक्त कुमुक के साथ प्रात: 7.00 बजे लगभग उत्तरी छोर से बच कर निकलने के सभी मार्ग पूरी तरह बंद कर दिए गए। अपने आप को सुरक्षा बलों से घिरा पाकर उग्रवादियों ने उत्तरी पहाड़ी पर बाहर निकलने का मार्ग पाने के लिए सुरक्षाबलों पर स्वाचालित हथियारों से भारी गोलीबारी करना तथा हथगोले फेंकना प्रारंभ कर दिया। विद्रोही पहाड़ी पर लाभकर स्थिति में थे तथा पुलिस पार्टियां निचली ओर थीं। श्री देबवर्मा के नेतृत्व में 6 टी एस आर कार्मिकों का एक छोटा दस्ता साहस दिखाते हुए पहाड़ी पर चढ़ गया। पहाड़ी पर 150 फुट चढ़ने के उपरांत उग्रवादी ग्रुप से उनका लगभग आमना-सामना हो गया तथा उन्हें आत्मसमर्पण करने के लिए ललकारा। अपने जवानों सहित श्री मनोरंजन देबवर्मा पहाड़ी के ऊपर चढ़ते रहे ताकि वे विद्रोहियों को निष्क्रिय कर सके/दबोच सकें। श्री देबवर्मा तथा उनके साथ गए दो टी एस आर कार्मिकों ने भीषण युद्ध किया तथा प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन ए टी टी एफ के दुर्दान्त दुनय बहादुर जमाटिया उर्फ त्रिलोक को मार गिराया। गोलीबारी के दौरान श्री मनोरंजन देववर्मा सीने में बांई ओर तथा जांघ में गोली लगने से बुरी तरह जख्मी हो गए तथा घावों के कारण उन्होंने दम तोड़ दिया। एक हैड कांस्टेबल सुधीर साहा के सिर में चोट लगी। मृत उग्रवादी के कब्जे से गोला बारुद सहित एक ए.के. 56 राइफल बरामद हुई।

इस मुठभेड़ में, श्री (दिवंगत) श्री मनोरंजन देबबर्मा, एस डी पी ओ ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(I) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 26.5.2001 से दिया जाएगा।

अरुण मित्रा

(अरुण मित्रा)
निदेशक

सं0 50 - प्रेज/2002-राष्ट्रपति, राजस्थान पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :-

**अधिकारी का नाम और रैंक**

श्री एम एल लाथर, भारतीय पुलिस सेवा
पुलिस अधीक्षक(आई), अपराध अन्वेषण विभाग (सी बी), जयपुर

**उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:**

13.1.1997 को डकैतों के एक गिरोह ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, धौलपुर के नेतृत्व वाले एक बड़े पुलिस दस्ते पर घात लगाकर हमला किया, जिसमें उन्होंने और खुलकर हथगोलों और अधुनातन आग्नेयस्त्रों का प्रयोग किया तथा एक कांस्टेबल को जख्मी कर दिया। 18.01.1997 को सूचना प्राप्त हुई कि यह गिरोह गांव खनसूरजपुर, जिला भरतपुर के समीप उपस्थित है। गिरोह के सदस्यों को पकड़ने के लिए श्री एम एल लाथर, पुलिस अधीक्षक, जिला धौलपुर की अगुवाई में सर्किल अधिकारी श्री बारी के साथ एक छापा मारा गया। पुलिस दल को दो ग्रुपों में बांटा गया। पहले डकैतों की सर्किल अधिकारी बारी के अगुवाई वाले दल के साथ मुठभेड़ हुई। श्री लाथर ने मुठभेड़ स्थल की पश्चिमी दिशा की तरफ की एक दिवार के नजदीक मोर्चा लिया। जब डकैत उनके दल के सामने आए तब उन्होंने अपने आदमियों से डकैतों पर गोलीबारी शुरु करने के लिए कहा। श्री लाथर गोलीबारी करते रहे, और घूम-घूम कर अपने आदमियों को प्रोत्साहित करते रहे तथा ऐसा कार्य किया जिसका कोई सानी नहीं था। गिरोह अंधाधुंध गोलीबारी कर रहा था जिससे न केवल पुलिस दल के सदस्यों की जानों को खतरा था बल्कि अनेक ग्रामीणों की जानों का भी खतरा था। श्री लाथर को अपनी आड़ छोड़नी पड़ी जिसमें उनके सामने आने का गंभीर खतरा था लेकिन यह सुनिश्चित करने के लिए कि दोनों तरफ से होने वाली गोलीबारी में निर्दोष ग्रामीणों को कोई क्षति न पहुंचे, वे ग्रामीणों के पास गये और उन्हें मुठभेड़ स्थल से चले जाने के लिए चेतावनी दी। यह देखकर कि गिरोह का एक सदस्य रेंगते हुए पुलिस दल की तरफ बढ़ रहा है, श्री लाथर खुलेआम सरसों के खेत में भागे और मोर्चा सम्भाला तथा वहाँ से गिरोह को और आगे बढ़ने से रोकने के लिए गोलीबारी शुरु कर दी। मुठभेड़ एक घंटे तक चली जिसके परिणामस्वरुप गिरोह का सरगना गोपाल काछी, सहित 3 डकैत उसका भाई और गिरोह के अभियानों के पीछे शातिर दिमाग वाले विजेन्द्र काछी और शिव सिह जाटव मारे गए। घटनास्थल से 151 सक्रीय कारतूस के साथ एक 9 एम एम कारबाईन, 17 कारतूसों के साथ एक 315 बोर की राइफल, 21 कारतूसों के साथ दो 12 बोर की बंदूकें और 3 एच ई - 36 ग्रेनेड तथा सैकड़ों खाली कारतूस बरामद किए गए।

इस मुठभेड़ में, श्री एम एल लाथर, भारतीय पुलिस सेवा, पुलिस अधीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(I) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 18 जनवरी, 1997 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
निदेशक

स0 51 - प्रेज/2002-राष्ट्रपति, उत्तर प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते है:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व श्री

1. राजीव कृष्ण, आई पी एस, पुलिस अधीक्षक, फतेहगढ
2. तेजवीर सिंह, निरीक्षक सी.पी., फतेहगढ
3. रामशरण गोयल, उप निरीक्षक सी.पी., फतेहगढ
4. राजकरण उपाध्याय, हैड कांस्टेबल, फतेहगढ

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

27.10.99 को दोपहर मे फतेहगढ़ के पुलिस अधीक्षक श्री राजीव कृष्ण को सूचना मिली की एक खुंखार अपराधी नेम कुमार दुबे उर्फ बिलैया, जिसके सिर पर 50,000/- रू0 का इनाम है, अपने सहयोगियों सहित ग्राम ईशाकपुर, पुलिस स्टेशन कमलागंज में उपस्थित है। पुलिस अधीक्षक श्री राजीव ने कमलागंज के एस0ओ0 को उपलब्ध बल के साथ वहां पहुंचने का निदेश देकर तत्काल अपने गनर हैड कांस्टेबल राजकरण उपाध्याय के साथ घटना स्थल पर पहुंचे । घोड़ों पर सवार बदमाशों को गांव की पूर्वी दिशा में देखा गया । डी सी आर को अतिरिक्त कुमुक भेजने का निदेश देकर श्री राजीव ने उपलब्ध बल का नेतृत्व किया और अपराधियों को ललकारा । बिलैया तथा उसके साथियो ने जबाव में पुलिस पार्टी पर अन्धाधुन्ध गोलियां चलाई । पुलिस पार्टी ने भी जबाव में गोलीबारी की । परस्पर गोलीबारी में बिलैया की बांह में गोली लगी और वह घोडे से गिर पड़ा तथा गांव की और भागा जबकि उसके सहयोगी घोडे पर सवार होकर भाग गए। इस मुठभेड़ में हैड कांस्टेबल राजकरण उपाध्याय भी घायल हो गए । इसी बीच, वहां पहुंची अतिरिक्त कुमुक की सहायता से श्री राजीव ने उस मकान को घेर लिया जिसमें अपराधी छिपे हुए थे । श्री राजीव ने बल को दो भागों में बांटा तथा अन्य लोगों सहित श्री तेजबीर सिंह निरीक्षक को लेकर कवर प्रदान कर रही अन्य पार्टी के साथ, धावा पार्टी का नेतृत्व किया । गांव वालों से यह सुनिश्चित करने के बाद कि उस मकान में कोई बंधक नहीं है, उन्होंने टीम के साथ पोजीशन ले ली तथा बिलैया को हथियार डालने तथा पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण करने को कहा । प्रत्युत्तर में अन्दर से गोलियों की बौछार हुई जिसमे निरीक्षक तेजबीरसिंह तथा उप निरीक्षक आर एस गोयल घायल हो गए । उसी समय अन्दर से एक हथगोला आया जो श्री राजीव के समीप आकर गिरा । उन्होंने तत्काल हथगोले को दूर फेंक दिया तथा इस प्रकार अपनी पार्टी की जानें बचाई । इस बीच बिलैया ने यह मानकर कि अफरातफरी के माहौल में उसे भागने का मौका मिल जाएगा, फूस की छत को आग लगा दी । श्री राजीव तथा अन्य अधिकारियों ने प्रवेश द्वारा तथा आंगन को चतुराई से कवर करते हुए तत्काल पोजीशन ले ली । लगभग 10 मिनट बाद बिलैया गोलियां चलाते-चलाते बाहर भागा । पुलिस पार्टी ने तुरंत जवाबी गोलीबारी की तथा कुख्यात डाकू को मार गिराया।

इस मुठभेड़ में, सर्व श्री राजीव कृष्ण, आई पी एस, पुलिस अधीक्षक, तेजबीर सिंह, निरीक्षक सी.पी., रामशरण गोयल उप निरीक्षक तथा राजकरण उपाध्याय, हैड कान्स्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(I) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 27 अक्तूबर, 1999 से दिया जाएगा ।

वरुण मित्रा

(वरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 52 - प्रेज/2002-राष्ट्रपति, उत्तर प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व श्री

1. श्यामा कांत त्रिपाठी, निरीक्षक
2. विनय कुमार गौतम, उप-निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

5.5.99 को पुलिस अधीक्षक शहर को सूचना प्राप्त हुई कि एक नफीस चाउरा, एक कुख्यात अपराधी, कुछ व्यक्तियों से मिलने के पश्चात आलो मंडी और साईट सं0 1 के चौराहे से गुजरेगा । पुलिस अधीक्षक शहर ने नफीस चाउरा को गिरफ्तार करने के लिए थानाध्यक्ष सिसामन, श्री एस के त्रिपाठी को बुलाया । 19.40 के लगभग, एक मोटर साईकल पर सवार दो व्यक्ति किदवई नगर चौराहा की तरफ से आए और पुलिस दल से लगभग 50-60 गज दूरी पर रूक गए । उन्होंने मोटर साईकल को स्टैंड पर खड़ा किया और किसी की इंतजार करने लगे । पीछे बैठे, व्यक्ति जिसके कंधे पर बैग रखा था, की पहचान नफीस चाउरा के रूप में की गयी । उप-निरीक्षक बिनय कुमार गौतम उन्हें पकड़ने के लिए उनकी तरफ बढ़े । नफीस ने अपनी देसी स्टेनगन निकाल ली और उसके साथी ने अपनी कमर से देसी पिस्तौल निकाल ली और गोली चला दी । उसके बाद इस अफरातफरी में, एक अपराधी अपनी मोटर साईकल पर बच कर भागने में कामयाब हो गया, जबकि नफीस चाउरा ने अपने आपको पुलिस द्वारा घेर लिये जाने पर, उसने अपनी स्टेनगन से पहले-पहल उप-निरीक्षक वी के गौतम को जख्मी किया और आड़ लेने के लिए भागा । चूंकि नफीस चाउरा की स्टेनगन में कुछ खराबी आ गयी थी, निरीक्षक एस के त्रिपाठी ने नफीस को पकड़ लिया । इस कार्रवाई में, नफीस ने निरीक्षक त्रिपाठी को भी घायल कर दिया जिसने बट से दाहिने हाथ की हथेली पर चोट की और अपने को आजाद कर लिया । उसने बचने का प्रयास किया लेकिन पुलिस दल ने अपनी जान की बाजी लगाकर उसका पीछा किया और उसे पुन: समर्पण करने की चेतावनी दी । लेकिन अपराधी लगातार गोलीबारी करता रहा । निरीक्षक त्रिपाठी और उसके दल के पास जबावी गोली चलाने के अलावा कोई चारा नहीं था क्योंकि बहुत से निर्दोष लोगों और पूरी पुलिस पार्टी की संरक्षा और सुरक्षा खतरे में थी । अपराधी, आखिरकार पुलिस की गोली से मारा गया । मुठभेड़ स्थल से एक .9 एम एम (देसी) और कारतूस के 2 खोल तथा सक्रीय कारतूस बरामद किए गए ।

इस मुठभेड़ में, सर्वश्री श्यामाकांत त्रिपाठी, निरीक्षक एवं विनय कुमार गौतम, उप-निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(I) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 5मई, 1999 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

स0 53 -प्रेज/2002-राष्ट्रपति, उत्तर प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते है :-

अधिकारी का नाम और रैंक
श्रीमती तिलोत्मा वर्मा, भारतीय पुलिस सेवा
पुलिस अधीक्षक, हाथरस

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

24.5.2000 को, हाथरस मे दिन दहाड़े सिटी बैक डकैती में, पाँच सशस्त्र डकैतो ने दो बैक कर्मचारियो को मार दिया और एक बदूक तथा छह लाख रु0 लूट लिए। सूचना मिलने पर, श्रीमती तिलोत्मा वर्मा, पुलिस अधीक्षक, हाथरस और उनके दल ने तुरत कार्रवाई की तथा खतरनाक दर्रो और मैदानो से तब तक भगोड़ो का लगातार पीछा किया जब तक उनमे से दो को उस मैदान मे जाने के लिए विवश नही कर दिया गया जहा पर लबी घास खड़ी थी। समर्पण करने का निर्देश देने पर, उन्होंने पुलिस दल पर अधाधुध गोलीबारी शुरु कर दी। पुलिस अधीक्षक ने अपनी जिदगी को जोखिम में डालकर, निडरतापूर्वक हमला करने वाले दल की अगुवाई की और अन्ततः एक अपराधी को मार गिराने मे सफल हो गए। पुलिस उपाधीक्षक राजपाल और निरीक्षक एन के यादव की अगुवाई मे अन्य दो दल ने गोलीबारी के बीच, हिम्मत से जवाबी हमला किया तथा दूसरे अपराधी को मार गिराया जोकि मैदान से भागने का प्रयास कर रहा था। बाद मे एक अपराधी की पहचान शरीफ पुत्र सलीम, जिस पर 10,000रु0 का इनाम था, के रुप मे और दूसरे अपराधी की पहचान गुड्डू उर्फ चुन्नीलाल के रुप मे की गई। मुठभेड़ स्थल से लूटी गई 4.90 लाख रु0 की राशि, गोलाबारुद के साथ एक 9 एम एम पिस्तौल और कारतूस के खोल, गोलाबारुद के साथ एक 30 कारबाइन, एक मारुती कार, एक मोटर साईकल तथा एक मोबाइल फोन बरामद किया गया।

इस मुठभेड़ में, श्रीमती तिलोत्मा वर्मा, भारतीय पुलिस सेवा, पुलिस अधीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एव उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप नियम 5 के अतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनाक 24 मई, 2000 से दिया जाएगा।

(अरुण मित्रा)
निदेशक

सं0 54-प्रेज/2002-राष्ट्रपति, उत्तर प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते है -

अधिकारी का नाम और रैंक
श्री राजेश कुमार चौरसिया
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

18.12.99 को लगभग 12.30 बजे श्री राजेश कुमार चौरसिया, कास्टेबल किसी सरकारी काम से पुलिस स्टेशन जा रहे थे। जब वे एक होटल (होटल पैराडाइज) के पास पहुचे तो उन्होंने एक जोर का धमाका सुना और देखा कि सभी ओर धुआ फैला हुआ है और लोग हड़बड़ी में इधर-उधर भाग रहे है। श्री कुमार घटना स्थल की ओर भागे और होटल के गार्ड तथा अपराधी के बीच हाथापाई होती देखी। ऐसा मालूम हुआ कि होटल के स्टाफ ने अपराधी को होटल के सामने मटरगश्ती करने से रोकने का प्रयास किया और इस पर अपराधी ने क्रोधित होकर गार्डों को मारने के इरादे से एक बम फेंका। श्री चौरसिया, कांस्टेबल ने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना शस्त्रधारी अपराधी को पकड़ने के लिए उसका पीछा किया। यद्यपि अपराधी द्वारा गोली चलाने से वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे फिर भी वे अदम्य साहस से उसे पकड़ने मे कामयाब हो गए।

इस मुठभेड़ में, श्री राजेश कुमार चौरसिया, कास्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(I) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 18 दिसम्बर, 1999 से दिया जाएगा।

(अरुण मित्रा)
निदेशक

सं0 55 - प्रेज/2002-राष्ट्रपति, उत्तर प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

**अधिकारियों के नाम और रैंक**

सर्व/श्री

1. नरेन्द्र कुमार सिंह, उप निरीक्षक, सी.पी.
2. दशरथ लाल, कांस्टेबल, 1066 सी.पी.

**उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:**

9.4.99 को लगभग 11.00 के पूर्वाह्न में गोरखपुर में स्वचालित हथियारो से लैस 2 अपराधियों ने यामाह मोटरसाईकल पर मैसर्स जालान ग्रुप की मारूती कार का पीछा किया। कम्पनी का खजांची झिन्कू प्रसाद और एक गनमैन महिन्द्र बैंक में 10 लाख रू0 जमा कराने के लिए कार से जा रहे थे । ट्रैफिक जाम के कारण कार के रूकते ही दोनो अपराधियों ने अपने स्वचालित हथियारों से गोलियां चलाई जिससे श्री झिन्कू प्रसाद और महेन्द्र गम्भीर रूप से जख्मी हो गए । अपराधियों ने नकदी लूटने का प्रयास किया । गोलियों की आवाज सुनते ही गश्ती कार-4 के ड्राईवर ने सन्देश प्रसारित कर दिया और पुलिस कार्मिक तत्काल घटनास्थल को रवाना हो गए । उप निरीक्षक नरेन्द्र कुमार सिंह, स्टेशन आफिसर और कांस्टेबल दशरथ लाल जो गश्ती-कार सं0 4 में ड्यूटी पर थे, तत्काल घटनास्थल की तरफ गए । पुलिस द्वारा घिर जाने के बाद अपराधियों ने अपनी यामाह छोड दी और विभिन्न दिशाओं में भाग गए । कांस्टेबल दशरथ लाल, जिनके हाथ में डंडा था, ने उस अपराधी का पीछा किया जिसके पास स्टेनगन थी । उप निरीक्षक सिंह ने भी अपनी सर्विस रिवाल्वर के साथ उसी अपराधी का पीछा किया । अपराधी मोहल्ले की तंग गलियों से भागते हुए पुलिस कार्मिकों पर गोलीबारी कर रहा था । अन्ततः कांस्टेबल दर्शन लाल ने उसे दबोच लिया लेकिन अपराधी ने उन पर गोलियां चलाई जो उनके पेट में लगी और वे गम्भीर रूप से जख्मी हो गए । इससे पहले कि अपराधी उप निरीक्षक सिंह पर गोली चलाने के लिए मुड़ता, इन्होंने अपनी सर्विस रिवाल्वर से आत्मरक्षा में गोलियां चलाई, जिसके परिणामस्वरूप अपराधी राज कुमार मिश्रा उर्फ राज कुमार उर्फ बाबा की मृत्यु हो गई । दूसरा अपराधी बच कर भाग निकला । मारे गए अपराधी/घटनास्थल से एक स्टेनगन (फैक्टरी निर्मित सं0 284917) .9 एम.एम. के. 13 सक्रिय कारतूसों के साथ एक मैगजीन और .12बोर कम-एक कट्टा जिसकी नाल में एक चला हुआ कारतूस था और एक यामाह मोटरसाईकल के साथ चार कारतूस बरामद हुए ।

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री नरेन्द्र कुमार सिंह, उप निरीक्षक और दशरथ लाल, कान्सटेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(I) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 9 अप्रैल, 1999 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

स0 56 - प्रेज/2002-राष्ट्रपति, उत्तर प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते है -

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व श्री

1 मुकेश शुक्ला, पुलिस अधीक्षक, फर्रूखाबाद

2. जयनारायण सिह, रिजर्व निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

10.4 2000 को प्रात ही मुकेश शुक्ला, पुलिस अधीक्षक, फर्रूखाबाद को सूचना मिली कि कुख्यात डकैतों का एक हथियार बद गिरोह ग्राम कुम्हरोर मे हेमसिह ठाकुर के घर में छिपा हुआ है । इस गिरोह के विरूद्ध जिला फर्रूखाबाद, शाहजहापुर, बदायू मे विभिन्न पुलिस थानों मे हत्या, डकैती, अपहरण व व्यपहरण के दर्ज अनेक मामले लम्बित थे । श्री शुक्ला ने इन डाकुओं को गिरफ्तार करने के लिए लक्षित घर पर पहुचने के लिए पुलिस अधिकारियो की एक टीम गठित की । जैसें ही इस गिरोह को पुलिस की मैजूदगी की भनक पड़ी उन्होंने पुलिस पार्टी पर गोली चलाना शुरू कर दिया । श्री शुक्ला ने पुलिस बल को तीन पार्टियों में विभाजित किया तथा प्रत्येक पार्टी को सामरिक महत्व के मोर्चे पर तैनात किया । जबकि श्री शुक्ला अभियान का नेतृत्व कर रहे थे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, रामस्वरूप पहली पार्टी का तथा श्री जयनारायण सिह, रिजर्व निरीक्षक दूसरी पार्टी का नेतृत्व कर रहे थे । पुलिस पार्टी ने डकैतों को आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी परन्तु आत्मसमर्पण करने की बजाए उन्होने पुलिस पर गोली चलाना जारी रखा तथा इस गोलीबारी मे कुछ पुलिस कार्मिक घायल हो गए । श्री सिह, जो दूसरी पार्टी का नेतृत्व कर रहे थे, मकान के पिछले भाग मे एक सुराख के जरिए लक्षित मकान में एक हथगोला फेंकने में कामयाब हो गए । घर में फसे डकैतों ने हताशा में घर से बाहर आकर श्री रामस्वरूप, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, जो अन्य पार्टी के प्रभारी थे, पर गोलिया चलाना प्रारभ कर दिया । अपनी पार्टी के पुलिस कार्मिकों के घायल होने के बावजूद श्री रामस्वरूप ने डाकुओं पर गोलिया चलाईं । पुलिस द्वारा डकैतों पर गोली चलाए जाने के कारण डकैतों ने पुन दरवाजे बद कर लिए । जब परस्पर गोलीबारी चल रही थी तो दूसरी पार्टी के प्रभारी श्री जायनारायण सिह ने अपनी पार्टी के साथ दीवार फाद ली और मकान की छत में सुराख करने में सफल हो गए । भारी गोलीबारी के बीच श्री सिह मकान की छत के सुराख से अदर हथगोला फेकने मे कामयाब हो गए । मकान में धुआ भर जाने के कारण डकैतों को आगन में आने के लिए विवश होना पड़ा और तभी श्री शुक्ला ने डकैतो पर गोली चलाकर दो डकैतो को घटनास्थल पर ही मार डाला । श्री रामस्वरूप, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने भी श्री शुक्ला का साथ दिया तथा उनकी गोलीबारी के कारण एक और डकैत मारा गया । बाद में, पुलिस दरवाजा तोड़कर मकान मे घुसी तथा वहा पाच डकैत मृत पाए गए। बाद में उनकी पहचान सोबरनसिह उर्फ बडेलाला, सुनीता पत्नी बड़े लाल, अनिता उर्फ रानी ठाकुर, पत्नी रवेन्द्र सिह, राजू सिह तथा एक अज्ञात डाकू के रूप में की गई । घटनास्थल स ३ डी बी बी एल गने जिनकी स0 43225, ए-5729 तथा 5542 है, एस बी बी एल गन, एक .315 बोर राइफल एक पिस्तौल .22 बोर (देशी), एक लोहे की खुकरी बड़ी सख्या में जिन्दा व खाली कारतूस बरामद हुए ।

इस मुठभेड में, श्री मुकेश शुक्ला, पुलिस अधीक्षक तथा जयनारायण सिह, रिजर्व निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एव उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(I) के अतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनाक 10 अप्रैल, 2000 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 57-प्रेज/2002-राष्ट्रपति, पश्चिम बगाल पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियो को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते है -

अधिकारियों के नाम और रैक

सर्व/श्री

1. काजल मडल, कास्टेबल, जिला उत्तरी 24 - परगना
2. मृणाल काति बिश्वास, कास्टेबल, जिला उत्तरी 24 - परगना

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

13 8.2000 को दोपहर मे कास्टेबल मृणाल कान्ति बिश्वास तथा कास्टेबल काजल मडल की सादे कपडो मे दमदम पुलिस थाना क्षेत्र के अतर्गत शातिर अपराधियों पर निगाह रखने की ड्यूटी लगाई गई ताकि वे कोई अपराध न कर सके। जब वे आर एन गुहा रोड के साथ-साथ गरुरहाटा की और बढ़ रहे थे तो इन्होने एक लाल रग की मारुति वैन को एक आशीष साहा की भवन निर्माण सामग्री की दुकान के सामने प्रतीक्षा करते देखा। इन्होंने देखा कि आशीष साहा उर्फ लाटा तथा राजीव साहा उक्त वाहन मे सवार लोगों से बातचीत कर रहे है। अचानक यह कार तेजी से गरुरहाटा की और बढ़ी जिससे कास्टेबलो के मन में सदेह पैदा हुआ और इन्होंने तत्काल कार का पीछा करना शुरु कर दिया। गरुरहाटा ट्रैफिक पाइट पर कार की गति धीमी हो गई तथा उक्त कार में बैठे 3 युवकों की शक्ल-सूरत और गतिविधिया असामान्य और सदेहास्पद लगी। कास्टेबलों ने उनकी पहचान करने के बाद उनसे कार के शीशे नीचे करने को कहा परन्तु उन्होने कास्टेबलों की इस बात की और कोई ध्यान नही दिया और कार मे भागने का प्रयास किया तथा पिछले दरवाजे से कास्टेबलो पर गोलिया चलाई। श्री बिश्वास की दाहिनी टाग मे गोली लगी परन्तु इन्होने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए बदमाशों का पीछा करना जारी रखा तथा अपनी सर्विस रिवाल्वर से तीन गोलिया चलाईं। श्री मडल ने भी तत्काल गोलियों का जवाब दिया तथा उस पिस्तौल, जिससे वह गोली चला रहा था, सहित एक अपराधी को पकड़ लिया। अभियुक्त ने अपनी कमर से एक और 9 एम एम पिस्तौल निकालने की कोशिश की। तथापि, श्री मडल तथा बिश्वास 19 राउद गोली-बारुद सहित दोनो पिस्तौलें छीनने मे सफल रहे। दूसरा अपराधी कार सहित भागने में सफल रहा। तत्काल ही दमदम पुलिस स्टेशन का आर टी गश्ती दल घटनास्थल पर पहुच गया तथा अभियुक्त व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया तथा उससे हथियार बरामद किए। आगे और जाच-पडताल के बाद पता चला कि अपराधी का वास्तविक नाम रशीद आलम उर्फ गब्बर उर्फ करण सिह है तथा मोहम्मद मियॉ, का पुत्र वह निवासी तालतोला, कलकत्ता है। वह कलकत्ता और इसके उपनगरो का उपद्रवी तथा हत्यारा है। वह अनेक नृशस अपराधो में सलिप्त रहा था तथा उसकी तलाश की जा रही थी।

इस मुठभेड में, श्री सर्वश्री काजल मडल, कास्टेबल तथा मृणाल कान्ति बिश्वास, कास्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एव उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(I) के अतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप नियम 5 के अतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनाक 13 8.2000 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
निदेशक

सं0 58 - प्रेज/2002-राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्वश्री

1. एंडलूरी अहमद, कांस्टेबल, 117वीं बटालियन, सीमा सुरक्षा बल
2. सतवीर सिंह, कांस्टेबल, 117वीं बटालियन, सीमा सुरक्षा बल
3. तिलक सिंह, कांस्टेबल, 117वीं बटालियन, सीमा सुरक्षा बल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

9 जून, 2000 को 117वीं बटालियन, सीमा सुरक्षा बल के कार्मिकों की एक टुकड़ी हमरचेंग के नजदीक टिड्डम रोड़, चूराचांदपुर, मणिपुर पर गश्त लगा रही थी और लोगों की तलाशी ले रही थी। सर्वश्री सतबीर सिंह, एंडलूरी अहमद और तिलक चन्द गश्ती दल के सदस्य थे। उन्होंने स्कूटर पर जा रहे तीन संदिग्ध व्यक्तियों को रोका। रोके जाने पर उन्होंने स्कूटर को छोड़ दिया और विभिन्न दिशाओं में भागना शुरु कर दिया, कांस्टेबल तिलक चन्द ने भागते हुए व्यक्तियों में एक को तुरंत पकड़ लिया। लेकिन अन्य संदिग्ध व्यक्तियों ने भागते हुए बहुत नजदीक से गोली चलाई जिसके परिणामस्वरुप कांस्टेबल सतबीर सिंह के सिर में चोट आई। एक उग्रवादी जिसे कांस्टेबल तिलक चन्द ने पकड़ा था, स्वंय को छुड़ाने में कामयाब हो गया और भागने की कोशिश की। उपर्युक्त दोनों कांस्टेबलों ने उग्रवादियों पर गोलियां चलाई जिससे एक उग्रवादी मौके पर ही मारा गया। मारे गए आतंकवादी की पहचान गैर कानूनी संगठन यू एन एल एफ के 16वें बैच के एक सक्रिय सदस्य के रुप मे की गई। तलाशी लेने पर एक-9 एम एम पिस्तौल, एक-9 एम एम जिन्दा राउद और एक - एल एम एल स्कूटर बरामद किया गया।

इस मुठभेड़ मे, सर्वश्री एंडलूरी अहमद, कांस्टेबल, सतबीर सिह, कांस्टेबल और तिलक सिंह, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 9 जून, 2000 से दिया जाएगा ।

(करूणा मित्रा)
निदेशक

सं0 59 - प्रेज/2002-राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियो को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते है -

अधिकारियों के नाम और रैंक

(दिवगत) सर्वश्री

1. जय सिह, सहायक कमाडैट
2 सुशील कुमार, कास्टेबल
3. शबीर अहमद खान, कास्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

10वी बटालियन, सीमा सुरक्षा बल को गाव कुकररवाल (बडगाम) में उग्रवादी गतिविधियों के बारे में रिपोर्ट मिली । क्षेत्र की तलाशी लेने के लिए 29 अप्रैल, 2001 को एक अभियान चलाया गया । श्री जय सिह, सहायक कमाडैट को लगभग 6 घरों वाले गाव कुकरखाल में अपनी टीम ले जाने और घर-घर की तलाशी लेने को कहा गया । जैसे ही श्री जय सिह, सहायक कमाडैट गाव परिसर के बाहरी भाग के पहले घर के पास पहुचे एक उग्रवादी पुलिस टुकड़ी की ओर गोलिया बरसाता घर से बाहर निकला । दो और उग्रवादी जो उसी घर में छिपे हुए थे, ने भी अपने साथी की बच कर भाग निकलने में मदद करने के लिए, इस पार्टी पर गोलिया चलाईं । उग्रवादियो द्वारा अचानक और अप्रत्याशित गोलीबारी के कारण श्री जय सिह, सहायक कमाडैट, कास्टेबल सुशील कुमार और कास्टेबल शबीर अहमद खान जख्मी हो गए । इसके बावजूद, उन्होने मोर्चा सभाल लिया और जवाबी कार्रवाई में गोलीबारी की तथा एक उग्रवादी को मौके पर ही मार गिराया । मारे गए उग्रवादी की पहचान बाद में एक पाकिस्तानी भाड़े के सैनिक सियाद हुसैन के रूप मे की गई । मारे गए उग्रवादी से एक - ए के.47 राइफल, 02-मैगजीन, ए के. के 20 राउद और एक वायरलैस सैट बरामद किया गया । यद्यपि, श्री सिह घायल थे फिर भी उन्होंने वायरलैस सैट पर यह सूचना अपने यूनिट कमाडैट को दी जिन्होने उन्हे बाकी शेष दो उग्रवादियों को रोकने को कहा । श्री सिह, श्री सुशील कुमार और कास्टेबल शबीर ने कुमुक पहुचने तक दोनों उग्रवादियो के बचकर भाग निकलने के रास्ते को रोके रखा । दोनों तरफ से भारी गोलीबारी के कारण उस घर में आग लग गई जिसमे उग्रवादी छिपे हुए थे जिसकी वजह से उग्रवादियो को घर से बाहर आना पड़ा । तब उन्होंने श्री सिह की पार्टी की तरफ अधाधुध गोलिया चलाते हुए धावा बोल दिया । तथापि, श्री सिह, सहायक कमाडैट, कास्टेबल सर्वश्री सुशील कुमार और शबीर अहमद खान ने इन उग्रवादियो को मार गिराया, जिनकी पहचान बाद मे मुश्ताक अंहमद उर्फ अबू ताला और रोफू अहमद मीर उर्फ इशफाक हक के रूप में की गई । क्षेत्र की तलाशी लेने पर 02- ए के. राइफल्स, 01 वायरलैस सैट, 02 ग्रेनेड और गोला-बारूद बरामद किया गया । श्री जयसिह, सहायक कमाडैट, कास्टेबल सुशील कुमार और कास्टेबल शबीर अहमद खान ने बाद मे घावो के कारण दम तोड़ दिया ।

इस मुठभेड़ में, (दिवगत) सर्वश्री जयसिह, सहायक कमाडैट, कास्टेबल सुशील कुमार और कास्टेबल शबीर अहमद खान ने अदम्य वीरता, साहस एव उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(I) के अतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनाक 29 अप्रैल, 2001 से दिया जाएगा ।

(अरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 **60** - प्रेज/2002-राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

(दिवंगत) श्री अब्दुल रहमान,
कांस्टेबल, 182वी बटालियन, सीमा सुरक्षा बल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

04 मई, 2001 को सूचना मिली कि गांव बाग-ए-महताब, जिला-बडगाम, (जम्मू और कश्मीर) में एक खुंखार उग्रवादी मौजूद है । 182वी बटालियन, सीमा सुरक्षा बल, विशेष अभियान ग्रुप और डी सी (जी) टीम मागम की टुकड़ियों द्वारा एक संयुक्त अभियान चलाया गया । जब संदिग्ध मकान के इर्द-गिर्द घेराबन्दी की जा रही थी तो पुलिस पार्टी पर भारी गोलीबारी हुई। पुलिस पार्टी ने जवाबी गोलीबारी की । उग्रवादियों ने ग्रेनेड फेंके जो पुलिस टुकड़ी के नजदीक फटे । टुकडियो पर अन्धाधुंध गोलीबारी और घनी झाड़ियों तथा विस्फोट के धुएं का लाभ उठाकर उग्रवादी ने बचकर भाग निकलने का प्रयास किया । कांस्टेबल अब्दुल रहमान ने अपनी पोजीशन से उग्रवादी को देखा और उसे मारने के इरादे से अपनी पोजीशन छोड़ उग्रवादी का आमना-सामना किया और गोली चलाई । उग्रवादी ने भी कांस्टेबल रहमान पर गोली चलाई और उन्हे गंभीर रूप से घायल कर दिया । लेकिन गंभीर रूप से जख्मी होने के बावजूद उन्होंने जवाबी गोली चलाई । उग्रवादी को गोली लगी और वह गिर पड़ा तथा घेराबन्दी पार्टी ने उसे मार गिराया । मारे गए आतंकवादी की पहचान लश्कर-ए-तैयबा गुट के अबू इब्राहिम, निवासी-पाकिस्तान के रूप में की गई । घायल कांस्टेबल अब्दुल रहमान को तत्काल 92 बेस अस्पताल भिजवाया गया जहा उन्होंने जख्मों के कारण दम तोड़ दिया । मुठभेड़ स्थल से 01-ए.के. राइफल, 01-हथगोला, 01-मैगज़ीन और गोला बारूद बरामद किया गया ।

इस मुठभेड़ में, (दिवंगत) श्री अब्दुल रहमान, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(I) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 4 मई, 2001 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 61 - प्रेज/2002-राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं -

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व श्री

1 सुरेन्द्र सिंह, सहायक कमांडेंट, 104 बटालियन

2 राजकुमार, हैड कांस्टेबल, 104 बटालियन

3 राकेश कुमार, कांस्टेबल, 104 बटालियन

4 अभिजीत देवाशी, कांस्टेबल, 104 बटालियन

5 निर्मल सिंह, निरीक्षक, 104 बटालियन

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

28.9.2000 को 104 बटालियन सीमा सुरक्षा बल को सूचना प्राप्त हुई कि कुछ उग्रवादी त्साइ-ए-खुर्द, जिला पुलवामा, (जम्मू और कश्मीर) में छुपे हुए है । सीमा सुरक्षा बल की 9वी बटालियन और 104 वी बटालियन तथा एस ओ जी पुलिस ने उग्रवादियो को पकड़ने के लिए एक संयुक्त घेराबन्दी तथा तलाशी अभियान चलाया । गांव को घेरने तथा संदिग्ध मकानों की तलाशी लेने के लिए दो पार्टियां, जिनमें सहायक कमांडेंट सुरेन्द्र सिंह भी शामिल थे, बनाई गई । एक मकान की ऊपरी मंजिल में छिपे उग्रवादियों ने पुलिस पार्टी पर हथगोले फेंके तथा भारी गोलीबारी की । इसी बीच, गांव के बाहरी क्षेत्र में नाले में छिपे दो उग्रवादियों के एक ग्रुप ने घेराबन्दी पार्टी पर गोलियां चलाना आरंभ कर दिया । घेराबन्दी पार्टी ने जवाबी गोलीबारी की तथा कांस्टेबल श्री संतलाल ने एक उग्रवादी को मौके पर ही मार गिराया । सीमा सुरक्षा बल की 104वी बटालियन के कमांडेंट भी घटनास्थल पर पहुंच गए तथा कार्रवाई में शामिल हो गए । इस एस्कार्ट पार्टी के कांस्टेबल अभिजीत देवाशी, गोलीबारी की आड़ में रेंग कर नाले के भीतर आगे बढ़े तथा एक उग्रवादी को घटनास्थल पर मार गिराया । घिरे हुए उग्रवादियों ने टुकड़ियों को मकान के पास पहुंचने से रोके रखने के लिए गोलीबारी जारी रखी तथा हथगोले फेंके । हमला करने वाली एक पार्टी, जिसमें निरीक्षक निर्मल सिंह, हैड कांस्टेबल राजकुमार तथा कांस्टेबल राकेश कुमार शामिल थे, को मकान के भीतर हथगोला फेंकने के लिए रेंगते हुए मकान की खिड़की के पास जाने का निदेश दिया गया। मकान में छिपे उग्रवादियों ने जवाबी गोलीबारी की । निर्मल सिंह, निरीक्षक के पेट के निचले भाग में गोली लगी और वे जख्मी हो गए । श्री राज कुमार हैड कांस्टेबल, श्री राकेश कुमार, कांस्टेबल खिड़की से घर के अन्दर घुसने में सफल हो गए । आमने सामने की मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया । श्री सुरेन्द्र सिंह, सहायक कमांडेंट और उनकी पार्टी ने ग्राम के बाहरी इलाके में एक मकान में छिपे दूसरे उग्रवादी का पता लगाया । उग्रवादियों द्वारा गोली चलाने तथा हथगोले फेंकने के कारण श्री रामबाबू सिंह, हैड कांस्टेबल सीने में गोलियां लगने से घायल हो गए । रात को लगभग 1 बजे (29.9.2000) श्री सुरेन्द्र सिंह, सहायक कमांडेंट ने एक कमरे में एक उग्रवादी को छिपे देखा । उनके नेतृत्व में हमला करने वाला दल मकान में घुसा । उग्रवादी ने भागने का प्रयास किया । श्री सुरेन्द्र सिंह, सहायक कमांडेंट ने क्षेत्र में प्रकाश करने तथा उग्रवादी को भागने न देने के लिए पैरा बम दागे । उग्रवादी ने गौशाला में शरण लेकर गोलियां चलानी प्रारम्भ कर दी । हमला करने वाले दल ने गौशाला पर धावा बोला तथा उग्रवादी को मार गिराया । मारे गए चार उग्रवादियों की बाद में (i) नसीर अहमद मलिक कोड नाम तारी-हिजबुल मुजाहिदीन गुट (ii) मोहम्मद अशरफ वानी, हिजबुल मुजाहिदीन गुट (iii) शेर भाई, टी यू एम गुट (iv) इम्तियाज भाई, टी यू एम गुट के रूप में पहचान की गई । इलाके की तलाशी लेने पर 4 ए.के. राइफलें, 2 पिस्तौल, एक ग्रेनेड लांचर, 8 ग्रेनेड, 1 वायरलैस सैट, 3747/-रु0 की भारतीय मुद्रा तथा गोला बारूद बरामद हुआ ।

इस मुठभेड़ में, सर्व श्री सुरेन्द्र सिंह, सहायक कमांडेंट, राजकुमार, हैड कांस्टेबल, राकेश कुमार, कांस्टेबल, अभिजीत देवाशी, कांस्टेबल तथा निर्मल सिंह, निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(I) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 28 सितम्बर, 2000 से दिया जाएगा ।

(बरुण मित्रा)
निदेशक

सं0 **62** - प्रेज/2002- राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

(दिवंगत) श्री हरिपाल सिह,
कास्टेबल, 63वीं बटालियन, सीमा सुरक्षा बल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

63वी बटालियन सीमा सुरक्षा बल को सूचना मिली कि पाडान मोहल्ला, श्रीनगर, जम्मू और कश्मीर मे कुछ उग्रवादी छुपे हुए है । तदनुसार इन उग्रवादियों को खदेडने क लिए 22 मार्च, 2001 को तड़के-तड़के एक दल इस क्षेत्र के लिए रवाना हुआ । क्षेत्र की घेराबन्दी करने के बाद घर-घर की तलाशी शुरू की गई । कास्टेबल हरिपाल सिह इस तलाशी दल के सदस्य थे ।.इन घरो में से एक घर मे छिपे उग्रवादी ने बचकर भाग निकलने के प्रयास मे कांस्टेबल हरिपाल सिंह पर अपने पिस्तौल से गोली चलाई । कास्टेबल हरिपाल सिह सीने के बांई ओर गोली लगने से जख्मी हो गए लेकिन अपने जख्म की परवाह न करते हुए उन्होंने अपनी राइफल से गोली चलाई और सशस्त्र उग्रवादियों का पीछा किया । अत्यधिक खून बहते रहने के बावजूद कांस्टेबल सिंह ने उग्रवादी को पकड़ लिया और उसे काबू कर लिया । पकड़े गए उग्रवादी की पहचान मोहम्मद अमीन मीर कोड शबनम, पुत्र अब्दुल रहीम, निवासी सियापोरा, सोपियां, जिला-पुलवामा (जम्मू और कश्मीर) के रूप में की गई । क्षेत्र की तलाशी लेने पर एक चीनी पिस्तौल, एक वायरलैस सेट और गोला बारूद बरामद किया गया । कांस्टेबल हरिपाल सिंह को अस्पताल ले जाया गया जहां घावों के कारण उन्होंने दम तोड़ दिया ।

इस मुठभेड़ मे, (दिवंगत) श्री हरिपाल सिंह, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनाक 22 मार्च, 2001 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 63 - प्रेज/2002- राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

1. (दिवंगत) श्री गोवर्धन राम, कांस्टेबल, 51वीं बटालियन, सीमा सुरक्षा बल
2. (दिवंगत) श्री एच.पी. मेहता, कांस्टेबल, 51वीं बटालियन, सीमा सुरक्षा बल
3. श्री एम.सी. बोरो, कांस्टेबल, 51वीं बटालियन, सीमा सुरक्षा बल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

3 नवम्बर, 2000 को सूचना मिली कि गांव कुथीपुरा, जिला - बडगाम में दो खुंखार उग्रवादी छिपे हुए हैं। 51वी बटालियन, सीमा सुरक्षा बल ने योजना बनाई और तलाशी अभियान शुरु किया। जैसे ही टुकड़ियां गांव की घेराबंदी कर रही थी तो इन घरों में से एक घर में छुपे उग्रवादियों ने घेराबंदी से बचने और बचकर निकलने के रास्ते को खुला रखने के प्रयास में अंधाधुंध गोलियां चलानी शुरु कर दीं। कांस्टेबल गोवर्धन राम और कांस्टेबल केदार मगरी को अपनी एल एम जी लक्षित घर के नजदीक ले जाने के आदेश दिए गए। श्री गोवर्धन राम ने लक्षित घर के निकट तत्काल मोर्चा ले लिया और प्रभावी गोलीबारी करके उग्रवादियों को उलझाए रखा। श्री गोवर्धन राम को उग्रवादी की गोली लगी। घायल होने के बावजूद उन्होंने अपने अंतिम सांस तक नियंत्रित गोलीबारी करके उग्रवादियों को उलझाए रखा। परस्पर गोलीबारी के कारण लक्षित घर में आग लग गई और अत्याधिक धुएं की वजह से एक उग्रवादी को अपने हथियार के साथ घर से बाहर कुदने के लिए विवश होना पड़ा। उसने घेराबंदी तोड़कर बच निकलने का प्रयास किया। जब कांस्टेबल एच.पी. मेहता और कांस्टेबल एम.सी. बोरो ने उग्रवादी को निशाना बनाने का प्रयास किया तो उसने इन कांस्टेबलों पर हथगोले फेंके। श्री बोरो की दाहिनी टांग जख्मी हो गई और जख्मी होने के बाद उग्रवादी भी जमीन पर गिर पड़ा। इसके बावजूद, उग्रवादी ने कांस्टेबल एच.पी. मेहता पर गोली चलाई जिससे उनका जबड़ा जख्मी हो गया। बुरी तरह जख्मी होने के बावजूद, दोनों कांस्टेबलों ने मुठभेड़ जारी रखी और घायल होने के बावजूद कांस्टेबल बोरो उग्रवादी पर टूट पड़ा और उसके हथियार छीन लिए तथा उसे मार गिराया। श्री एच.पी. मेहता ने घावों के कारण दम तोड़ दिया और श्री बोरो को 92 बेस अस्पताल ले जाया गया। मारे गए उग्रवादी की पहचान बाद में जैश-ए-मोहम्मद गुट के मोहम्मद उमर, पुत्र रीहीश खान, निवासी काहूता (पाक) के रुप में की गई। एक - ए के 47 राइफल, 2 वायरलैस सैट एंटिना, 01 बेस प्लेट, 01-फ्रिक्वेंसी टयूनर और गोला बारुद बरामद किया गया।

इस मुठभेड़ में, (दिवंगत) श्री गोवर्धन राम, कांस्टेबल, (दिवंगत) श्री एच.पी. मेहता, कांस्टेबल और श्री एम.सी. बोरो, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(I) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 3 नवम्बर , 2000 से दिया जाएगा ।

बरुण मित्रा

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 64 -प्रेज/2002-राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

**अधिकारी का नाम और रैंक**

श्री मोहनदास बी
हैड कांस्टेबल, 73वीं बटालियन
सीमा सुरक्षा बल

**उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:**

28.9.2000 को ग्राम चाबली और आस-पास के क्षेत्र में उग्रवादियों की उपस्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त होने पर सी0सु0बल की 73वीं बटालियन के सहायक कमांडेंट श्री उमानाथ प्रसाद ने सायंकाल 7.40 बजे तलाशी अभियान प्रारंभ किया। जब टुकड़ी संदिग्ध ढोक की ओर बढ़ रही थी तो ढोक के भीतर छिपे उग्रवादियों ने अभियान दल पर गोलीबारी प्रारंभ कर दी । श्री प्रसाद ने ढोक को तत्काल घेरने का आदेश दिया तथा उन्होंने हैड कांस्टेबल मोहन दास के साथ पोजीशन ले ली तथा ढोक का निकास द्वार कवर कर लिया । उग्रवादियों ने भीतर के लोगों को धकेलते हुए तथा उन्हें आड़ के रूप में प्रयोग करते हुए बाहर आने का प्रयास किया । श्री प्रसाद तथा हैड कांस्टेबल मोहनदास बी ने उग्रवादियों को देख लिया तथा उन्हें ललकारा । उनमें से एक उग्रवादी ने उन पर अन्धाधुंध गोलियां बरसाईं । श्री प्रसाद और मोहन दास बी ने गोलीबारी का जवाब दिया और एक उग्रवादी को मोके पर ही मार गिराया । परस्पर गोलीबारी के दौरान, अभियान दल ने यह सुनिश्चित किया कि गोलीबारी मे केाई नागरिक घायल या मारा न जाए । गोलीबारी के दौरान अन्य उग्रवादी ढोक के अंदर वापस जाने में सफल हो गए । उग्रवादियों ने गोली चलाने के साथ-साथ हथगोले भी फेंके जिससे श्री प्रसाद धायल हो गए । श्री प्रसाद ने हैड कांस्टेबल मोहन दास बी को घर की खिड़की तोड़ने तथा अंदर हथगोले फेंकने का निदेश दिया । हैड कांस्टेबल मोहनदास बी ने छिपने के स्थान पर धावा बोल दिया तथा दूसरे उग्रवादी को घटना स्थल पर ही मार दिया । बाद में, मारे गए उग्रवादियों की पहचान हिजबुल मुजाहिद्दीन गुट के मोहम्मद रफी मलिक उर्फ आशिक तथा मोहम्मद इकबाल, पुत्र मोहम्मद हुसैन के रूप में की गई । क्षेत्र की तलाशी लेने पर एक एस.एस.जी. राइफल, एक टेलीस्कोप, एक 7.72 एम.एम. पिस्तौल, दो हथगोले, एक दूरबीन, एक वायरलैस सैट, दो बॉकमैन तथा गोला बारूद बरामद किया गया ।

इस मुठभेड़ में, श्री मोहनदास बी, हैड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(I) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 28 सितम्बर, 2000 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 65- प्रेज/2002-राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक/पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

श्री भवानी सिंह (वीरता के लिए पुलिस पदक)
सहायक कमान्डेन्ट, 104वी बटालियन
सीमा सुरक्षा बल

(दिवगत) श्री मो0 यासिन शेख (वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक)
कान्सटेबल, 104वी बटालियन
सीमा सुरक्षा बल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

25.3.2001 को 104वी बटालियन, सीमा सुरक्षा बल को सूचना प्राप्त हुई कि कुछ उग्रवादी गाव दोदूर (पुलवामा) में छिपे हुए है । श्री भवानी सिंह, सहायक कमान्डेन्ट और श्री सुरेश सिंह, सहायक कमान्डेन्ट की कमान में एक सयुक्त घेराबन्दी और तलाशी अभियान की योजना बनायी गयी । जब श्री भवानी सिंह, सहायक कमान्डेन्ट के नेतृत्व वाली तलाशी पार्टी गाव की घेराबन्दी कर रही थी तो पास के एक मकान से गोलीबारी की भारी बौछार की गयी । अधिकारी ने अपनी पार्टी को पुनर्गठित किया और इसे दो भागो में विभाजित किया । एक ग्रुप ने मकान को घेर लिया और श्री भवानी सिंह के नेतृत्व में दूसरा ग्रुप, घेराबन्दी करने वाले ग्रुप द्वारा की जाने वाली गोलीबारी की आड लेते हुए लक्षित मकान में घुसा । मकान के प्रथम तल पर मोर्चा सम्भाले हुए उग्रवादियों ने हथगोले फेंके और उन्हें आगे बढने से रोकने के लिए कड़ा मुकाबला किया । श्री सिंह ने कास्टेबल मो0 यासिन शेख के साथ गोलियों की बौछार के बीच प्रथम तल पर जाने के लिए रास्ता बनाकर गतिरोध को तोडने का निर्णय लिया । इस प्रक्रिया में, कास्टेबल मो0 यासिन शेख गोलिया लगन से कई जगह जख्मी हो गए । गम्भीर रूप मे जख्मी होने के बावजूद, श्री यासिन ने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना, आमने-सामने की मुठभेड मे एक उग्रवादी को मार गिराया। दूसरा उग्रवादी भारी गोलीबारी करता रहा और उसने हथगोले फैंके और लगातार अपना मोर्चा बदलता रहा । श्री सिंह ने उसके मोर्चे का पता लगाया और अपनी जान की परवाह न करते हुए उस उग्रवादी की तरफ भाग । श्री सिंह, उग्रवादी के साथ आमने-सामने लड़े और उसे मौके पर ही मार गिराया । श्री मो0 यासिन शेख को तत्काल अस्पताल ले जाया गया जहा उन्होंने जख्मो के कारण दम तोड दिया । मारे गए दोनो उग्रवादियों की पहचान मन्सूर अहमद भट और हिलाल अहमद नाईकू के रूप मे की गयी जो दोनो ही हिज्जबुल मुज्जाहिदीन गुट के थे । घटनास्थल से 2 ए के. श्रेणी की राईफल, 1 हथगोला, 9 ए के श्रेणी के गोलाबारूद और 6 मैगजीन बरामद की गयी ।

इस मुठभेड मे, श्री भवानी सिंह, सहायक कमान्डेन्ट और (दिवगत) श्री मो0 यासिन शेख, कान्सटेबल ने अदम्य वीरता, साहस एव उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक राष्ट्रपति का पुलिस पदक/पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(I) के अतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनाक 25 मार्च, 2001 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 66 – प्रेज/2002-राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियो को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते है:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

श्री सुबोध एस0 छतरथ,
कमान्डेन्ट, 63वी बटालियन, सीमा सुरक्षा बल

(दिवगत) श्री जगरूप सिह
कांस्टेबल, 63वीं बटालियन, सीमा सुरक्षा बल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

19 दिसम्बर, 2000 को लगभग 1645 बजे दो सशस्त्र उग्रवादियों ने स्वचालित हथियारो से ममता होटल, डल रोड, श्रीनगर में टाक मुख्यालय 63वीं बटालियन, सीमा सुरक्षा बल की दोनों सन्तरी चौकियों पर हमला किया और गोलीबारी की । सन्तरियों ने तत्काल गोलियों का जबाव दिया, जिससे उग्रवादी सड़क की दूसरी तरफ पीछे हटने और मोर्चा लेने के लिए मजबूर हो गए । एक उग्रवादी ने अन्य उग्रवादी जो सड़क के उस पार से एक दीवार के पीछे से, सन्तरी चौकियो की तरफ गोलियों की बौछार करके परिसर के भीतर घुसने की कोशिश कर रहा था, को गोलीबारी की आड़ उपलब्ध कराने के लिए सड़क के पार से दबे हुए ग्राऊन्ड से अपने स्वचालित हथियारो से गोलिया चलानी शुरू कर दी । उग्रवादियों के साथ गोलीबारी के दौरान कास्टेबल जगरूप सिह, जो प्रथम सन्तरी चौकी के अन्दर सन्तरी ड्यूटी पर थे, सिर पर गोली लगने से गम्भीर रूप से जख्मी हो गए। वे नीचे गिर पड़े और बाद में उन्होंने जख्मो के कारण दम तोड़ दिया । श्री एस0एस0 छतरथ, कमान्डेन्ट जो अपने कार्यालय में उपस्थित थे, स्थिति का जायजा लेने के लिए रेंगते हुए उस सन्तरी चौकी की तरफ गए जिस पर उग्रवादी गोलिया चला रहे थे । उन्होने देखा कि उग्रवादी पाच फुट ऊची दीवार के पीछे से गोलिया चला रहे है । श्री छतरथ ने एक बुलट प्रुफ जिप्सी मे उग्रवादियों की तरफ बढने और उन्हे हथगोलों और अन्य हथियारो से आमने-सामने के हमले में उलझाने का निर्णय लिया । उन्होने अपने बी.पी. बंकर वाहन को बाहर लाने और दोनो उग्रवादियो को घेरने के लिए कहा । वाहन को देखकर एक उग्रवादी ने ए.के.56 राईफल से दोनो वाहनों पर गोलियां चलायी । श्री छतरथ विचलित नहीं हुए और वाहन को लक्षित उग्रवादी के नजदीक ले गए और उस पर गोली चलायी । उग्रवादी जख्मी हो गया लेकिन उसने मोर्चा बदल लिया और दूसरी आड़ से सीमा सुरक्षा बल पार्टी पर गोलियां चलाता रहा । श्री छतरथ, वाहन से बाहर आए और अपनी पिस्तौल से नजदीक से उग्रवादी पर गोली चलायी और उसे घटनास्थल पर ही मारने में सफल हो गए । दूसरा उग्रवादी ममता होटल के सामने निर्मित क्षेत्र गलियो का लाभ उठाते हुए भागने मे सफल हो गया । मारे गए उग्रवादी की पहचान ताहिर मेहराज्जूद्दीन एक सूडानी राष्ट्रिक और लश्कर-ए-तैयबा गुट के डिवीजन कमान्डर के रूप मे की गयी । क्षेत्र की तलाशी लेने पर, 01 ए.के. राईफल, 4 ए.के. मैगजीन, 52 ए.के. गोलाबारूद, 45 ई.एफ.सी. और 05 चीनी हथगोले बरामद हुए ।

इस मुठभेड़ मे, श्री सुबोध एस. छतरथ, कमान्डेन्ट और (दिवंगत) श्री जगरूप सिह, कास्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(I) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 19 दिसम्बर, 2000 से दिया जाएगा ।

(वरूण मित्रा)
निदेशक

स0 67 -प्रेज/2002-राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते है.-

**अधिकारी का नाम और रैंक**

श्री इशतियाक अहमद खान,
सूबेदार, 88वी बटालियन, सी0पु0 बल ।

**उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:**

11 अप्रैल, 2001 को बाव बारपोरा मे एक मकान मे उग्रवादियों की उपस्थिति के बारे मे विशिष्ट सूचना मिलने पर, सीमा सुरक्षा बल की 88वी बटालियन और विशेष अभियान ग्रुप की टुकडियो द्वारा एक विशेष अभियान की योजना बनायी गयी और उस कार्यान्वित किया गया । घेरा डालने के बाद, सूबेदार आई.ए.खान और उनके जवानो ने संदिग्ध मकान पर धावा बोला । जब श्री खान अपनी टुकडियो के साथ मकान के प्रथम तल पर चढ़ रहे थे तो अदर छिपे उग्रवादियो ने भारी गोलीबारी की ओर हथगोले फेके । टुकडियो ने गोलीबारी का जबाव दिया । दोनो तरफ से हुई गोलीबारी के दौरान, श्री खान के सीने म दाहिनी ओर गोली लगी और वे गम्भीर रूप से जख्मी हो गए । गोली लगने से गम्भीर रूप से जख्मी हो जाने के बावजूद, श्री खान ने उग्रवादियो को उलझाए रखा और उनमे से एक को गम्भीर रूप से जख्मी कर दिया । कास्टेबल प्रमोद कुमार ने, खिडकी के शीशे तोड़कर कमर के अन्दर हथगोला फेका । कमरे के अन्दर छिपे उग्रवादियो ने गोलियो की भारी बौछार की और टुकडियो पर हथगोला फेका, जो सौभाग्य से फटा नही । उग्रवादियो ने दूसरा हथगाला फेका, जो फट गया और श्री ओ0पी0 हूडा द्वितीय प्रभारी और हैड कास्टेबल लाल खान जख्मी हो गए । बटालियन मुख्यालय से कुमुक पहुच गयी और लक्षित घर को घेर लिया । टुकडियो ने प्रथम तल पर दो हथगोले फेके । तथापि, उग्रवादियो ने एक हथगोले को वापस फेक दिया, जो फट गया और कास्टेबल प्रमोद कुमार जख्मी हो गए । जख्मी कार्मिको का इलाज के लिए सिविल अस्पताल ले जाया गया । दोनो तरफ से हुई गोलीबारी मे, उस मकान मे आग लग गयी जिसमे उग्रवादी छिपे हुए थे और भवन क्षतिग्रस्त हो गया । दमकल को बुलाया गया और आग बुझाई गयी । घर की तलाशी लेने पर एक उग्रवादी का शव, एक ए.के.-56 राईफल, पाच मैगजीन और गोलाबारूद बरामद हुआ । मारे गए उग्रवादी की पहचान सज्जाद अहमद भट्ट, निवासी बारपौरा, हिज्जबुल मुज्जाहिदीन गुट के खूखार उग्रवादी के रूप में हुई ।

इस मुठभेड़ मे, इशतियाक अहमद खान, सूबेदार ने अदम्य वीरता, साहस एव उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 11 अप्रैल, 2001 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं. 68 -प्रेज/2002-राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते है:-

अधिकारी का नाम और रैंक

(दिवगत) श्री के.पी. रामचन्द्रन,
कांस्टेबल, 64वी बटालियन, सीमा सुरक्षा बल ।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

7 मार्च, 2000 को, 6 कम्पनियों की एक कानवॉइ लगभग 0930 बजे परबग से सेनवोन के लिए रवाना हुई। लगभग 1430 बजे, जब कानवॉइ गांव सेनवोन से 4 किलोमीटर दूरी पर थी, तो सीमा सुरक्षा बल की 64वीं बटालियन की "सी" कम्पनी के कम्पनी कमान्डर, संदिग्ध घात स्थल को क्लीयर करने के लिए अपने मार्ग रक्षक के साथ वाहन से नीचे उतरे । घात लगाकर प्रतीक्षा करते हुए उग्रवादियों ने अपने स्वचालित हथियारो से विभिनन दिशाओं से तत्काल गोलियां चलायी और हथगोले फेंके । एक हथगोला कम्पनी कमान्डर और उनके मार्गरक्षक के बीच गिरा । कांस्टेबल के.पी. रामचन्द्रन ने सूझ-बूझ का परिचय देते हुए तथा अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए तत्काल हथगोला उठाया और अपने साथियों की जान बचाने के लिए उसे दूर फेंकने का प्रयास किया । दुर्भाग्य से हथगोला उनके हाथ में ही फट गया और वे बुरी तरह से जख्मी हो गए । कास्टेबल रामचन्द्रन ने बाद में अपने जख्मो के कारण दम तोड दिया । कांस्टेबल रामचन्द्रन ने अदम्य साहस का परिचय दिया और इस प्रकार से अपने कम्पनी कमान्डर और अन्य कार्मिको की जान बचायी ।

इस मुठभेड़ में, (दिवगत) श्री के.पी. रामचन्द्रन, कास्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनाक 7 मार्च, 2000 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 69 - प्रेज/2002-राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते है:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री किशोरी लाल
कास्टेबल, 163 बटालियन
सीमा सुरक्षा बल ।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

11 अगस्त, 2000 को, उग्रवादियों की उपस्थिति के बारे मे विशिष्ट सूचना मिलने पर, नम्बलान, राजौरी (जम्मू और कश्मीर) के सामान्य क्षेत्र में सीमा सुरक्षा बल की 163वी बटालियन की टुकडियो और सेना द्वारा सयुक्त घेराबन्दी और तलाशी अभियान चलाया गया । उस स्थान से लेकर जहा से डगन नाला पाक अधिकृत कश्मीर से भारत मे बहता है और खुरबान नाले मे मिलता है, तक के सम्पूर्ण जगल वाले क्षेत्र को प्रभावी ढग से घेरा गया । उग्रवादियो ने, एक-दूसरे से लगभग 300 मीटर की दूरी पर दो छिपने के अड्डो पर कब्जा किया हुआ था । उग्रवादियो ने सीमा सुरक्षा बल की टुकडियो पर भारी गोली बारी की । श्री किशोरी लाल, कास्टेबल सतर्क थे और उन्होने एक उग्रवादी, जो केवल 20-30 गज की दूरी पर था, को हथगोला फेकते हुए देख लिया । उग्रवादी द्वारा फेका गया हथगोला श्री लाल के काफी नजदीक गिरा । श्री लाल ने टुकडियो को तत्काल मोर्चा सम्भालने के लिए कहा और नजदीक की उजाड़ पड़ी एक झोपड़ी के अन्दर कूद गए और तुरत उग्रवादी को उलझा लिया और उसे घटनास्थल पर ही मार गिराया । इसी बीच, दूसरे उग्रवादी ने हथगोला फेका लेकिन सीमा सुरक्षा बल और सेना की टुकडियो ने प्रभावी ढग से जबावी कार्रवाई करते हुए उसे मार गिराया । सीमा सुरक्षा बल और सेना की टुकडियो ने गुफा मे उग्रवादियो के छिपने के अड्डे पर भी प्रभावी ढग से गोलीबारी की । परस्पर भारी गोलीबारी के बाद, घेराबन्दी पार्टी ने चार और उग्रवादियो को मार गिराया और 01 पिक्का गन, 05 ए.के.-56 राईफल, 01 पिस्तौल, पिका गोला-बारूद की 248 राउन्द, ए.के. गोलाबारूद की 1200 राउन्द, 01 कम्पास 01 रेडियो सेट और 04 राईफल ग्रेनेड बरामद किए ।

इस मुठभेड़ मे, श्री किशोरी लाल, कास्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एव उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनाक 11 अगस्त, 2000 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदशक

सं. 70 - प्रेज/2002-राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं -

**अधिकारी का नाम और रैंक**

(दिवगत) श्री राजेन्द्र सिह अहलावत
द्वितीय प्रभारी, 41वी बटालियन, सीमा सुरक्षा बल

**उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:**

एक विशिष्ट सूचना मिलने पर कि उग्रवादी घाटी मे घुसने के लिए ईचू (कोकरनाग) के सामान्य क्षेत्र में पीर पजाल मे दर्रा और छोटे रास्तो का प्रयोग कर रहे है, सीमा सुरक्षा बल की 41वी बटालियन के द्वितीय प्रभारी/स्थानापन्न कमाडेट श्री आर.एस. अहलावत ने इन दर्रो की पहचान करने और उग्रवादियो क सम्भावित रास्तो पर घात लगाने के स्थानो का चयन करने का निर्णय लिया। पार्टी ने गाव ईचू के ऊचे पहाड़ियो पर घात लगाई। घात स्थल को छाड़कर जब यह पार्टी कम्पनी को लौट रही थी ता भारी शस्त्रो से लैस जे.ई.एम. गुट के 6 उग्रवादियो, जो गाव के एक मकान मे छिपे हुए थे, ने घात लगा कर पार्टी पर भारी गोलीबारी की। श्री अहलावत ने उनकी पोजीशन का पता लगाया और उस घर को घेर लिया और उन पर गोलिया चलाई। दोनो तरफ से थोड़ी देर तक हुई भारी गोलीबारी के बाद, वहा पर खामोशी छा गयी, तब श्री आर.एस. अहलावत ने मकान के बाहर कुछ हलचल दखी और उग्रवादियो को ललकारा। उग्रवादियो ने तत्काल श्री अहलावत जो मुशिकल से 15 मीटर दूरी पर थे, पर गोलिया चलाई। एक उग्रवादी, वास्तव मे, श्री अहलावत की तरफ भागा जिससे उनकी आमने-सामने भिड़न्त हुई। नजदीक से हुई इस गोलीबारी मे एक गोली श्री अहलावत की दाहिनी हँसली मे लगी। जख्मी होने के बावजूद भी वे तब तक उग्रवादियो पर गोलिया चलाते रहे जब तक कि वे बेहोश नही हो गए। बाद मे, उन्होने गोलियो के जख्मो के कारण 4 जून, 2001 को लगभग 0130 बजे 92 बस अस्पताल ले जाते हुए दम तोड़ दिया। उग्रवादी अधेरे, घने पेड़-पौधो और ऊबड़-खाबड़ भूभाग का फायदा उठाकर भागने मे सफल हो गए।

इस मुठभेड़ मे, (दिवगत) श्री राजेन्द्र सिह अहलावत, द्वितीय प्रभारी ने अदम्य वीरता, साहस एव उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनाक 3 जून , 2001 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 71 - प्रेज/2002-राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते है -

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री के. प्रभाकरन,
कास्टेबल 88वी बटालियन, सीमा सुरक्षा बल।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

6.6 2001 को विशिष्ट सूचना मिलने पर सौपोर के नूरबाग क्षेत्र की सयुक्त रुप से घेराबदी करने और तलाशी लेने की योजना बनायी गयी, जिसका सचालन सीमा सुरक्षा बल की 88वी और 95वी बटालियन द्वारा किया गया। जब उस क्षेत्र में घर-घर की तलाशी ली जा रही थी तो छिपे हुए उग्रवादियो ने एक तलाशी पार्टी पर अचानक गोलिया चला दी, जिसका जवाब कास्टेबल/ड्राईवर काना राम द्वारा दिया गया जिसके परिणामस्वरुप एक उग्रवादी घटनास्थल पर ही मारा गया। अन्य उग्रवादी नूर बाग मस्जिद से लगभग 30 गज की दूरी पर स्थित एक बहुमजिले मकान मे घुसने मे सफल हो गए। मस्जिद के सभी प्रवेश मार्गों को टुकडियो ने कवर कर लिया ताकि उग्रवादी मस्जिद मे न घुस सके। तब एक पार्टी ने मकान के भूतल मे प्रवेश किया लेकिन मकान के प्रथम तल में छिपे उग्रवादियो ने भारी गोलीबारी कर दी और एक ग्रेनेड फेका। 95वी बटालियन के कास्टेबल बी.एन. यादव, किरचे लगने से मामूली रुप से जख्मी हो गए। तलाशी पार्टी ने लक्षित मकान पर ए जी. एल. दागे और अन्दरुनी और बाहरी घेराबदी की गई। इसके कारण उग्रवादियो ने लगभग दो घटे तक गोलीबारी बद रखी। श्री के. प्रभाकरन, कास्टेबल/ड्राईवर अपने तलाशी पार्टी के साथ मकान के भूतल में गए और भूतल की क्लीयर करने के बाद प्रथम तल पर जाने का निर्णय लिया। जैसे ही वे प्रथम तल पर गए, उग्रवादियों ने उन पर भारी गोलीबारी कर दी जिसका उन्होने जवाब दिया। दोनों तरफ से हुई गोलीबारी के दौरान, श्री प्रभाकरन के सीने में दाहिनी ओर गोली लगने से जख्म हो गया और 95वी बटालियन के उप निरीक्षक (जी) देवेन्द्र कुमार भी मामूली रुप से जख्मी हो गए। श्री प्रभाकरन को तत्काल 92 बेस अस्पताल श्रीनगर ले जाया गया। चूकि अधेरा होने वाला था अत. तलाशी पार्टी ने मकान के अदर ए जी एल और हथगोले फेंके। जब पार्टी को 15 मिनट तक उग्रवादियो की कोई हलचल/सकेत नही मिले तो उसके बाद उन्होने तलाशी लेनी शुरु कर दी। जैसे ही पार्टी मलबे के नजदीक पहुची तो एक उग्रवादी जो मलवे के सी. जी. आई. चादरो के नीचे छिपा हुआ था, ने पार्टी पर गोलियो की बौछार कर दी। इसके परिणामस्वरुप, 95वी बटालियन के कास्टेबल श्री एन अहमद, गोली लगने से घायल हो गए। 88वी बटालियन के लासनायक श्री धर्म पाल और श्री सोढ़ी राम हैड कास्टेबल ने तत्काल जवाबी कार्रवाई की और उस उग्रवादी को घटनास्थल पर ही मार गिराया। क्षेत्र की तलाशी ली गई और दो खुखार उग्रवादियो नामत इरसाद अहमद मीर उर्फ अब्बू जुब्बैर कश्मीरी, निवासी वाटरगाम (कुपवाड़ा), लश्कर-ए-तैयबा (कुपवाडा क्षेत्र) का बटालियन कमाडर और एक पाकिस्तानी उग्रवादी नामत. उस्मान भट्ट, निवासी मुलतान (पाक) के शव बरामद किए गए। निम्नलिखित शस्त्र/गोलाबारुद/उपस्कर भी बरामद किए गए -

| | | |
|---|---|---|
| (क) | ए के-47 राईफल - 2 | |
| (ख) | ए के-47 राईफल की सक्रिय राउद - | 150 राउद |
| (ग) | राईफल ग्रेनेड - | 10 |
| (घ) | मैगजीन ए के 47 राईफल - | 06 |
| (ड) | यू एन जी एल लगी एक ए के-47 राईफल01 | |

इस मुठभेड मे, श्री के. प्रभाकरन, कास्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एव उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनाक , 6 जून, 2001 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 **72** - प्रेज/2002-राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. आर0पी0एस0 मलिक द्वितीय प्रभारी
2. गुलजार चन्द, हैड कांस्टेबल, 161वीं बटालियन
   सीमा सुरक्षा बल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

मंगलोंगी के सामान्य क्षेत्र में उग्रवादियों की उपस्थिति के बारे में विशिष्ट सूचना के आधार पर 6 नवम्बर, 2000 को लगभग 1400 बजे विशेष अभियान चलाया गया और सीमा सुरक्षा बल की 161वीं बटालियन की टुकडियों ने क्षेत्र को घेर लिया। तलाशी अभियान के दौरान, अगले दिन लगभग 0630 बजे टुकडियो ने गुफा में छिपे उग्रवादियों का पता लगा लिया उन्हे आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया लेकिन उन्होंने स्वचालित हथियारो से भारी गोलीबारी शुरू कर दी और हथगोले फैंके । उग्रवादियों की तरफ से भारी गोलीबारी के बावजूद श्री गुलजार चन्द, हैड कांस्टेबल बड़ी होशियारी से छिपने के स्थान के नजदीक पहुंचे और एक उग्रवादी को गोली मारने में कामयाब हो गए, जिसकी पहचान बाद में जमालदीन, पुत्र कीमा, अफगान निवासी के रूप में की गई । दूसरा उग्रवादी जो अभी भी गुफा में छिपा हुआ था, लगातार गोलीबारी करता रहा और आपरेशन पार्टी पर हथगोले फेकता रहा । श्री आर.पी.एस. मलिक, द्वितीय प्रभारी ने मोर्चा सम्भाला और क्षेत्र को घेर लिया ताकि घिरे हुए उग्रवादियों के भागने के रास्तो को कवर किया जा सके । श्री मलिक गुफा तक पहुंचने ही वाले थे कि उग्रवादियों ने उन पर ग्रेनेड फेके । यह अधिकारी तेजी से कूदे और दूसरी चट्टान के पीछे मोर्चा सम्भाल लिया । अन्ततः श्री मलिक उग्रवादी को गोली मारने में सफल हो गए, जिनकी पहचान बाद में अब्बू हफास, जिला कमान्डर, लश्कर-ए-तैयबा रामबन और बैहाल क्षेत्र, निवासी सियालकोट के रूप में की गयी । घटनास्थल से 2 ए.के.-47 राईफलें, एक वायरलैस सेट, एक टेप-रिकार्डर और गोलाबारूद बरामद किया गया ।

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री आर.पी.एस. मलिक द्वितीय प्रभारी ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(I) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 7 नवम्बर, 2000 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 73 - प्रेज/2002-राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते है.-

अधिकारी का नाम और रैंक
श्री शिव शंकर सिह,
कास्टेबल, 104वी बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

गांव त्रिचल (पुलवामा, जम्मू और कश्मीर) के एक मोहम्मद डार के घर में चार उग्रवादियों की उपस्थिति के बारे में एक विशिष्ट सूचना प्राप्त होने पर, 23.07.2000 को 104वी बटालियन के श्री जे सी सिंघाला, द्वितीय प्रभारी/स्थानापन्न कमांडेंट की कमान मे 104वी और 04वी बटालियन, सीमा सुरक्षा बल, उप कमांडेंट (जी) पुलवामा तथा एस.ओ.जी. पुलवामा की टुकड़ियों द्वारा एक संयुक्त अभियान शुरु किया गया। क्षेत्र की घेराबंदी करने के तत्काल बाद, टुकड़िया संदिग्ध घर की तरफ बढ़ी लेकिन इसी बीच उग्रवादी उसी गाव मे दूसरे घर मे चले गए। समीक्षा करने पर, आपरेशन कमाडर ने विशेष घरों के समूह की तलाश करने की एक योजना तैयार की। जब सदिग्ध क्षेत्र की चारो ओर से घेराबंदी की जा रही थी, कि तभी टुकड़ियो पर एक घर से स्वचालित हथियारों और ग्रेनेड से गोलीबारी की गई। घर के निवासियो को बाहर निकाला गया और उग्रवादियों को समर्पण करने के लिए कहा गया। लेकिन उग्रवादियां ने भारी गोलीबारी शुरु कर दी और घेराबंदी करने वाले दल पर अंधाधुंध ग्रेनेड फेंके। अंदर छिपे हुए तीन उग्रवादियों ने घर के पिछवाड़े की तरफ वाली खिड़की से बच कर भागने का प्रयास किया। श्री सिंग्ला ने बच कर भाग रहे उग्रवादियों को रोकने का प्रयास किया, जिन्होंने तब तक साथ के धान के खेत मे मोर्चा ले लिया था। हमला दल जिसका नेतृत्व श्री सिंग्ला कर रहे थे, जिसमे उप निरीक्षक सरबजीत सिह और कांस्टेबल एम एल रेड्डी थे, उग्रवादियों की दिशा की तरफ आगे बढ़े। हमला करने वाले दल को आगे बढ़ते देखकर, उग्रवादियो ने आक्रमण तेज कर दिया और एक भीषण मुठभेड़ सुनिश्चित हो गई, जो कि लगभग ढाई घंटे तक चली। मुठभेड़ के दौरान, सभी तीन उग्रवादी मारे गए। उसके पश्चात दल ने उस घर पर धावा बोलने का निर्णय लिया जहाँ पर चौथा उग्रवादी फंसा हुआ था और दलों पर गोलीबारी कर रहा था। कुछ विस्फोटकों मे, जिनके घर के अंदर रखे जाने का अंदेशा था, टुकड़ियो द्वारा दागे गए ग्रेनेडों के विस्फोट के कारण विस्फोट हो गया। छिपे हुए उग्रवादी ने खिड़की से बचकर भागने का प्रयास किया। श्री रेड्डी श्याम, सहायक कमाडेंट जब वे भाग रहे उग्रवादी के रास्ते को रोकने की कोशिश करते हुए गोली लगने से घायल हो गए। कास्टेबल, शिव शकर सिह भी बायी जाघ मे गोली लगने से जख्म हो गया लेकिन वे लगातार लड़ते रहे और अत में उग्रवादी को मारने मे सफल हो गए। मारे गए उग्रवादियो की पहचान बाद मे, शबीर अहमद शेख, कपनी कमाडर, रियाज अहमद गनाई उर्फ बिट्टा, हिलाल अहमद डार और बिलाल अहमद मंगरे, सभी की एच एम गुट, के रुप मे की गई। उस क्षेत्र से चार ए के राइफलें और गोलाबारुद बरामद किया गया।

इस मुठभेड़ मे, श्री शिव शकर सिह, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एव उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(I) के अतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनाक 23 जलाई, 2000 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 74 - प्रेज/2002-राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते है:-

अधिकारी का नाम और रैंक

(दिवगत) श्री बी आजम अली,
कास्टेबल, पहली बटालियन, सीमा सुरक्षा बल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

26.9.2000 को बागुड गाव (जम्मू और कश्मीर) मे उग्रवादियो के छिपे होने के सदेह पर उन्हे बाहर खदेडने के लिए सीमा सुरक्षा बल की पहली बटालियन और 151वी बटालियन द्वारा सयुक्त घेराबन्दी और तलाशी अभियान चलाया गया । जब घर-घर की तलाशी ली जा रही थी तो सीमा सुरक्षा बल की पार्टी ने देखा कि 4/5 उग्रवादी घेराबदी से बच निकलने का प्रयास कर रहे है । पहली बटालियन सीमा सुरक्षा बल के कास्टेबल सुभाष चन्द्र द्वारा ललकारने पर उग्रवादियो ने उन पर ए.के.47 राइफल से भारी मात्रा मे गोलीबारी की और हथगोले फेके । तुरत कार्रवाई करते हुए इन्होने तत्काल जवाबी गोलीबारी की और एक उग्रवादी को मौके पर ही मार गिराया । अन्य उग्रवादी रेगकर नजदीक की आरा मिल में चले गए जिन्हे तत्काल तलाशी दल द्वारा घेर लिया गया । फसे हुए उग्रवादियों ने घेराबन्दी पार्टी पर स्वचालित हथियारों से भारी मात्रा मे गोलीबारी की । घेराबन्दी के एक भाग के रूप मे द्वितीय प्रभारी के साथ श्री बी आजम अली ने जवाबी गोलीबारी की और एक अन्य उग्रवादी को मार गिराया । तीसरे उग्रवादी ने श्री आजम अली पर गोंली चलाई, अपने गभीर घावो की परवाह न करते हुए श्री अली गोलिया चलाते रहे और उन्होने तीसरे आतकवादी को मार गिराया । वहा से ले जाते समय श्री अली ने जख्मो के कारण दम तोड़ दिया । पार्टी ने बाद मे आरा मिल पर धावा बोलकर चौथे उग्रवादी को भी मार गिराया । मारे गए उग्रवादियो की पहचान बाद में मुबारक अहमद बट उर्फ मुबा चेनी, मुद्दसर अहमद डार, मोहम्मद इकबाल डार और मोहम्मद यूसुफ मलिक कोड जहागीर सभी हिजबुल मुजाहिद्दीन/पी टी एम गुट के सदस्यो के रूप मे की गई । क्षेत्र की तलाशी लेने पर 04-ए.के. राइफल्स, 01-राइफल ग्रेनेड लाचर, 01-रेडियो सैट, 01-हथगोला, 07-राइफल ग्रेनेड, 05-इलैक्ट्रिक डेटोनेटर और गोला बारूद बरामद किया गया ।

इस मुठभेड़ में, श्री (दिवगत) श्री बी आजम अली, कास्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एव उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(I) के अतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनाक 26 सितम्बर, 2000 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

स0 75 - प्रेज/2002-राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते है -

अधिकारियों के नाम और रैक

1. (दिवगत) श्री बी एस राठौर, उप कमाडेट
2. श्री त्रिभुवन यादव, कास्टेबल, 61वी बटालियन, सीमा सुरक्षा बल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

16 अक्तूबर, 2000 को 61वी बटालियन सीमा सुरक्षा बल के श्री बी एस राठौर, उप कमाडेट की कमान के तहत गाव शिगनपुरा (श्रीनगर) में एक घर से छुपे हुए बताए गए विदेशी उग्रवादियो को खदेड़ने के लिए एक विशेष अभियान की योजना बनाई गई : अभी सदिग्ध क्षेत्र की घेराबदी करने का कार्य मुश्किल से पूरा हुआ ही था, कि एक घर मे छिपे हुए उग्रवादियो ने खतरा महसूस किया और गोलीबारी शुरू कर दी । क्योंकि उग्रवादी घर की प्रथम मजिल पर लाभ की स्थिति में थे, अत टुकडियो द्वारा की गई जवाबी गोलीबारी प्रभावकारी नही थी । भारी गोलीबारी के बावजूद, श्री राठौर नागरिको को वहाँ से निकालकर सुरक्षित स्थान पर ले जाने मे कामयाब हो गए और घेराबदी को सुदृढ़ कर दिया । इसी दौरान, कुमुक पहुँच गई और आपरेशन कमाडर ने अधेरा होने से पहले घर पर धावा बोलने का निर्णय लिया । श्री राकेश कुमार, सहायक कमाडेट-उग्रवादियो को उलझाए रखने के लिए एल एम जी लगे बकर वाहन मे उस घर के समीप पहुँच गए । श्री त्रिभुवन यादव, कास्टेबल ने भी बकर वाहन को आगे बढने को सुकर बनाने के लिए पडोस वाले घर की खिडकी में अपनी एल एम जी से मोर्चा ले लिया । बकर वाहन का पीछे लाने के दौरान, उग्रवादियो ने गोलीबारी कर दी और उसके टायर को पचर कर दिया तथा इस प्रकार उसे गतिहीन कर दिया । श्री राकेश कुमार, सहायक कमाडेट और कास्टेबल राजेश सिह नीचे उतरते हुए और मोर्चा लेते हुए जख्मी हो गए । उसके पश्चात, श्री राठौर, उप कमाडेट के नेतृत्व वाले एक दल ने लक्षित घर पर धावा बोल दिया और उग्रवादी जब तक उन पर गोलीबारी चला पाता उससे पहले ही उसे घटनास्थल पर मार गिराया । दरवाजे के पीछे छिपे हुए एक दूसरे उग्रवादी ने श्री राठौर पर गोलीबारी कर दी और उन्हें गभीर रूप से जख्मी कर दिया । असमजस्ता की स्थिति का लाभ उठाते हुए, उग्रवादी ने सामने वाले दरवाजे से बच निकलने का प्रयास किया लेकिन वह श्री यादव द्वारा मार गिराया गया । श्री राठौर ने अस्पताल ले जाते समय अपने जख्मो के कारण दम तोड़ दिया । मारे गए उग्रवादी की बाद मे शबीर खान और शाहिर खान, दोनो विदेशी भाड़े के सैनिक, के रूप मे पहचान की गई । क्षेत्र की तलाशी लेने पर 02 ए के -47 राइफलें, 04 ए के -47 मैगजीने और गोलाबारूद बरामद किए गए ।

इस मुठभेड में, (दिवगत) श्री बी एस राठौर, उप कमाडेट और श्री त्रिभुवन यादव, कास्टबल ने अदम्य वीरता, साहस एव उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(I) के अतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनाक 16 अक्तूबर,2000 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 76- प्रेज/2002-राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्वश्री

(1) कमलेश कुमार, कांस्टेबल, 105वीं बटालियन, सीमा सुरक्षा बल

(2) (दिवंगत) अशोक सोरेन, कांस्टेबल, 105वीं बटालियन, सीमा सुरक्षा बल

(3) (दिवंगत) हेमंत कुमार, कांस्टेबल, 105वीं बटालियन, सीमा सुरक्षा बल

(4) (दिवंगत) पी वी वर्गीज, हैड कांस्टेबल, 105वीं बटालियन, सीमा सुरक्षा बल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

27 जुलाई, 2000 को सीमा सुरक्षा बल की 105वीं बटालियन को गांव पंगलार में उग्रवादियों की उपस्थिति के संबंध में एक विशिष्ट सूचना प्राप्त हुई। 15 कार्मिकों का एक दल संदिग्ध गांव की ओर तेजी से रवाना हुआ। जब दल लक्षित घर की तरफ बढ़ा, तब उग्रवादियों ने भारी गोलीबारी शुरु कर दी। दोनों तरफ से हो रही गोलीबारी में, कांस्टेबल अशोक सोरेन, कांस्टेबल कमलेश कुमार और कांस्टेबल हेमंत कुमार गोली लगने से जख्मी हो गए। गंभीर रुप से जख्मी होने के बावजूद, वे बहादुरी से लगातार गोलीबारी करते रहे। कांस्टेबल हेमंत कुमार ने लड़ते हुए घावों के कारण दम तोड़ दिया। इसी बीच, कांस्टेबल कमलेश कुमार ने तेजी से कार्रवाई की और उग्रवादियों की तरफ अपने 51 एम एम एम ओ आर से एच ई बमों को दागा तथा उन्हें झुकने के लिए मजबूर कर दिया। फुर्ती से की गई इस कार्रवाई में, उन्होंने अपना मोर्चा बदला और कांस्टेबल अशोक सोरेन की एल एम जी से गोलीबारी की तथा एक उग्रवादी को घटनास्थल पर ही मार गिराया। यह भीषण गोलीबारी एक घंटे तक चली। कांस्टेबल राजीव एम वी गोलियों से जख्मी हो गए और हैड कांस्टेबल पी वी वर्गीज, कांस्टेबल बनवारी लाल तथा श्री अशोक सोरेन ने भी गोलियों से हुए जख्मों के कारण दम तोड़ दिया। मुठभेड़ के दौरान, दो अफगान मूल के विदेशी उग्रवादी मार गिराए गए और इसके अलावा 02 ए के 47 राइफलें, 01 रेडियो सेट (केन वुड), 02 हैंड ग्रेनेड तथा गोलाबारुद बरामद किया गया।

इस मुठभेड़ में, श्री कमलेश कुमार, कांस्टेबल, (दिवंगत) सर्वश्री अशोक सोरेन, कांस्टेबल हेमंत कुमार, कांस्टेबल और पी वी वर्गीज, हैड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(I) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 27 जुलाई, 2000 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
निदेशक

सं0 77-प्रेज/2002-राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियो को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते है -

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्वश्री

(1) जय सिह, सहायक कमाडेंट, 10वी बटालियन, सीमा सुरक्षा बल

(2) तोता सिह, कास्टेबल, 10वी बटालियन, सीमा सुरक्षा बल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

5 सितम्बर, 2000 को उग्रवादियों की उपस्थिति के बारे में एक विशिष्ट सूचना पर, गाव तुजान ओर तिलासुर मे सीमा सुरक्षा बल की 10वी ओर 171वी बटालियन की टुकड़ियों द्वारा एक सयुक्त घेराबदी तथा तलाशी अभियान चलाया गया। श्री जय सिह की कमान मे एक दल ने सदिग्ध इलाके की घेराबदी की । श्री सिह ने तलाशी अभियान के बारे में मस्जिद से घोषणा करते हुए देखा कि 4 व्यक्ति गाव से बाहर खिसक रहे है। उन्होने चारों व्यक्तियो को ललकारा। उग्रवादियो ने गोलीबारी शुरु कर दी ओर तलाशी पार्टी पर हथगोले फेके। श्री सिह उनके बचकर भागने के रास्ते को बद करने के लिए दौड़े और उन्हें नजदीक से कार्रवाई करके उलझा दिया तथा एक उग्रवादी को मारने में सफल हो गए। शेष तीन उग्रवादी घने पेड-पौधों और ऊँचे-नीचे मैदान का लाभ उठाकर बच कर भाग गए। इसी बीच, श्री एस एन पाडे, सहायक कमाडेंट के नेतृत्व में कुमुक घटनास्थल पर पहुच गई। उग्रवादिया को पुन गाव जोगीपाडा के नजदीक देखा गया। श्री जय सिह और कास्टेबल तोता सिह एक किनारे से आगे बढ़े और उस पोजीशन के नजदीक पहुच गए जहाँ से उग्रवादी गोलीबारी कर रहे थे। श्री पाडे के नेतृत्व वाला दल दूसरे किनारे से आगे बढ़ा। उग्रवादियो ने दल पर ग्रेनेड फेकने शुरु कर दिए, श्री जय सिह, सहायक कमाडेंट और कास्टेबल तोता सिह ने प्रभावी ढग से गोलीबारी की और उन्हें श्री पाडे तथा कास्टेबल ओम स्वामी ब्रह्मा द्वारा यथोचित रुप से सहायता दी गई। एक उग्रवादी खुले मे आ गया और कास्टेबल ब्रह्मा पर गोली चला दी। कास्टेबल ब्रह्मा ने उग्रवादी पर तत्काल गोली चलायी और उसे घटनास्थल पर मार गिराया। श्री जय सिह, सहायक कमाडेट और कास्टेबल तोता सिह उग्रवादियों के काफी करीब पहुच गए थे और कास्टेबल तोता सिह ने आमने-सामने की लड़ाई में एक उग्रवादी को गोली मार दी। इस अभियान के कारण एच एम गुट के चार कट्टर उग्रवादी अर्थात गुलाम मोहम्मद डार, अब्दुल रशीद डार, अलीम वनी निवासी जिला पुलवामा और मुश्ताक अली निवासी जिला बदगाम, मारे गए तथा 04 ए के राइफल, 01 पिस्तौल, 01 वायरलेस सैट, 04 हथगोले, 07 राइफल ग्रेनेड और भारी मात्रा में गोलाबारुद बरामद किया गया।

इस मुठभेड़ मे, सर्वश्री जय सिह, सहायक कमाडेंट और तोता सिह, कास्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एव उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप नियम 5 के अतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनाक 5 सितम्बर, 2000 मे दिया जाएगा।

वरुण मित्रा

(वरुण मित्रा)

निदेशक

सं0 78 - प्रेज/2002- राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक
श्री अमोली लाल,
कांस्टेबल (जी. डी.)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

26.3.2000 को श्री मोहित राम, सहायक कमांडेंट के नेतृत्व में पहली बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की 'ए' कम्पनी की एक प्लाटून अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बोंगईगांव और अन्य पुलिस कर्मियों सहित जब नुम्बरपारा गांव के निकट गश्त लगा रही थी तब बांसों के झुंड में छिपे हुए उग्रवादियों से उनकी मुठभेड़ हो गई। उग्रवादियों ने गश्ती दल पर स्वचालित हथियारों से भारी गोलीबारी की। पुलिस दल ने हमले का जवाब दिया और परस्पर गोलीबारी के दौरान, एक उग्रवादी, जिसकी पहचान बाद में उल्फा गुट के श्री मेहेंग कचारी के रुप में की गई, ने भागने का प्रयास किया। श्री अमोली लाल कांस्टेबल (जी.डी.) ने उसका पीछा किया। बचकर भागते हुए उग्रवादी का पीछा करते हुए परस्पर गोलीबारी में श्री अमोली लाल को बाएं घुटने में गोली लगने से गंभीर चोटें आईं। घावों और अत्याधिक खून बहने के बावजूद ये भागते हुए उग्रवादी का पीछा करते रहे और उसे मार गिराया। उसके तत्काल बाद श्री लाल बेहोश होकर गिर पड़े और इन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। मारे गए उग्रवादी से एक - ए के 56 राइफल, ए के 56 की 3 मैगजीन, 61 जिंदा राउंद, 5 खाली कारतूस और एक मैगजीन पाउच बरामद किया गया।

इस मुठभेड़ में, श्री अमोली लाल, कांस्टेबल (जी.डी.) ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(I) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 26 मार्च , 2000 से दिया जाएगा ।

(वरूण मित्रा)
निदेशक

सं0**79** - प्रेज/2002-राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते है.-

अधिकारी का नाम और रैंक
(दिवगत) श्री आदेश कुमार
लास नायक, 83वी बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

28.5.97 को लगभग 10.30 बजे पुलिस स्टेशन सुरनकोट में जानकारी प्रापत हुई कि जम्मू और कश्मीर के पूछ जिले के मेन्धर पुलिस स्टेशन के अन्तर्गत ग्राम नाका मन्जेरी मे पाकिस्तान में प्रशिक्षित कुछ उग्रवादियों को एक घर में घुसते देखा गया है । एस डी पी ओ, एस एच ओ तथा जम्मू और कश्मीर पुलिस के पांच जवानो के साथ केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की एक प्लाटून ने सदिग्ध घर को घेर लिया । लास नायक आदेश कुमार को एक टुकड़ी के साथ दरवाजों/खिड़कियों तथा बच निकलने के अन्य रास्तो पर निगरानी रखने के लिए तैनात किया गया ताकि कोई भी उग्रवादी बच के भारगने नही पाए । सुरनकोट के एस एच ओ ने उग्रवादियो को आत्मसमर्पण करने के लिए अनेक बार घोषणा/चेतावनी हो । जब उन्हें मनाने के सारे यत्न विफल हो गए तब लांस नायक आदेश कुमार अपनी टुकडी तथा जम्मू और कश्मीर पुलिस के कार्मिकों के साथ छत में सुराख करने के लिए छत पर चढ गए । जब छत में सुराख करना शुरू किया गया तभी उग्रवादियेा ने मकान के भीतर ये राकेट लांचर से गोला दागा । राकेट की आवाज सुनकर अन्य जवान सुरक्षा के लिए नीचे कूद पड़े परन्तु लास नायक आदेश कुमार छत पर डटे रहे । राकेट के हमले से धुए व धूल का एक गुबार उठा तथा उसकी आड़ लेकर उग्रवादी अन्धाधुध गोलिया चलाते हुए ढलान की तरफ भागने लगे । श्री आदेश कुमार को छत पर चढे देखकर एक उग्रवादी ने ए.के.47 राइफल पर फिट किए गए मेकेनिज्म से एक एयर बर्स्ट ग्रेनेड छत की ओर दागा । लास नायक आदेश कुमार बुरी तरह घायल हो गए । गभीर रूप से घायल होने के बावजूद उनहोंने एयर बर्स्ट ग्रेनेड दागने वाले उग्रवादी पर गोली चलाकर उसे ढेर कर दिया । अचानक दो उग्रवादियो ने विभिन्न दिशाओं में अन्धाधुंध गोलिया चलाना प्रारभ किया और उस जगह सामने आ गए जहा कास्टेबल सिद्ध गगैया तथा कास्टेबल जागीर सिह पोजीशन लिए हुए थे । दोनों कास्टेबल अपनी पोजीशन से बाहर आ गए तथा उग्रवादियों पर गोली चलाने लगे तथा उनमें से एक उग्रवादी को मार गिराया तथा दूसरे को घायल कर दिया । घायल उग्रवादी रोकेट, रोकेट लाचर तथा पिस्तौल पीछे छोड़कर भाग निकला । घटना स्थल से 02 ए.के.47 राइफले, 03 राकेटों सहित एक राकेट लांचर, 3 पिस्तौले तथ 27 ग्रेनेडो, 03 वायरलैस सैटों तथा बड़ी मात्रा में साजो-सामान और उपकरणों सहित बड़ी मात्रा में गोला बारूद तथा विस्फोटक सामग्री बरामद हुई । बाद में घावों के कारण श्री आदेश कुमार की मृत्यु हो गई ।

इस मुठभेड़ में, (दिवगत) श्री आदेश कुमार, लास नायक ने अदम्य वीरता, साहस एव उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनाक 28 मई, 1997 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 80 - प्रेज/2002-राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

**अधिकारी का नाम और रैंक**

श्री रणधीर सिंह
हैड कांस्टेबल, ड्राईवर

**उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:**

24.5.1998 को केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल पार्टी को, बेकार भण्डार और यूनिट के तीन खराब वाहनो को मरम्मत के लिए इम्फाल छोडने के लिए तैनात किया गया था । रास्ते में किसी प्रकार की घात से बचाकर इन वाहनो को सुरक्षित रास्ता प्रदान करने के लिए 25.5.98 को डी/23 बटालियन की एक प्लाटून को भी तैनात किया गया । जब ये वाहन लिसांग और मोंगलेनफाई गांव के बीच थोंगाननगनबी पुल पर पंहुचे तो ये 30/40 उग्रवादियों द्वारा लगायी गयी सोची समझी घात में फंस गए । उग्रवादियों ने सडक के पूर्वी और पश्चिमी तरफ की पहाडियों पर मोर्चा सम्भाल लिया । एक वाहन से दूसरे वाहन के बीच की दूरी लगभग 70 से 80 गज थी । जब पहले वाहन ने पुल पार किया तो उग्रवादियों ने बस और जिप्सी पर गोलियां चलायी । बस का चालक श्री रणधीर सिंह हैड कांस्टेबल गोलियों से जख्मी हो गया लेकिन उन्होंने बस नहीं रोकी और उसे घात से बचाकर बाहर निकाल ले आए । पहली बार गोलीबारी होने के स्थान को पार करने के बाद बस पर पहाड़ी के उपर से दाहिनी तरफ से भारी गोलीबारी की गयी और बस का आगे का दाहिनी तरफ का टायर 40 एम.एम. राकेट लगने से क्षतिग्रस्त हो गया । चालक के दोनो पैर किरचों के कारण गम्भीर रूप से जख्मी हो गए । चालक श्री सिंह ने जख्मी होने और टायर के फट जाने के बावजूद बस को नहीं रोका और उसे घात से बाहर निकाल ले गए । चालक ने दूसरी बार हुई गोलीबारी के स्थान को पार करके बस रोकी और पुलिस कार्मिक उससे नीचे उतर गए और गोलियों का जवाब दिया । इस प्रकार, चालक ने अपने वीरतापूर्ण कार्य से केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल कार्मिकों की जाने बचाई ।

इस मुठभेड़ में, श्री रणधीर सिंह हैड-कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(I) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 25 मई, 1998 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 81 - प्रेज/2002-राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक/पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्वश्री

(1) (दिवंगत) जगपति राम, हैड कांस्टेबल, 48वीं बटालियन
(वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक)

(2) (दिवंगत) एस के कुशवाहा, कांस्टेबल,
48वीं बटालियन (वीरता के पुलिस पदक)

(3) पी सी जोशी, महानिरीक्षक, ओप्स
(वीरता के लिए पुलिस पदक)

(4) (दिवंगत) आर पी यादव, हैड कांस्टेबल,
48वीं बटालियन (वीरता के लिए पुलिस पदक)

(5) (दिवंगत) सुश्री बिंदु कुमारी, कांस्टेबल
(वीरता के लिए पुलिस पदक)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

16 जनवरी, 2001 को सेना की वर्दी में लश्कर-ए-तैयबा के छह फिदाईन उग्रवादियों ने उसी दिन हाइजैक की गई राज्य वन विभाग की एक महेन्द्रा जीप में श्री अली मोहम्मद सागर, लोक निर्माण विभाग मंत्री, जम्मू और कश्मीर, के मोटर काफिले का स्वयं को इस मंत्री के एस्कोर्ट दल का दिखावा करते हुए पीछा किया। उन्होने मंत्री के एस्कोर्ट का दिखावा करके सिविल पुलिस नाका को भी चकमा दिया। सिविल पुलिस नाका को पार करने के पश्चात, ये उग्रवादी तेजी से गेट सं0 1 की तरफ भागे, जहाँ इन्हें उप-निरीक्षक नारायण सिंह, चौकी कमांडर ने रोका, क्योंकि इस स्थान से आगे हथियार ले जाने पर सख्त मनाही थी। ये उग्रवादी तत्काल अपनी जीप से बाहर कूदे और ड्यूटी पर तैनात संतरियों की तरफ ग्रेनेड फेंकना शुरु कर दिया और विमानपत्तन में प्रवेश करने के लिए अंधाधुंध गोलीबारी शुरु कर दी। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के संतरियो ने तत्काल पोजीशन ले ली और जवाबी हमला किया। महानिरीक्षक (ओप्स) केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल श्रीनगर, जो कि सोनावर की तरफ जा रहे थे, गेट सं0 1 पर फिदाईन हमले की सूचना पा कर तेजी से भागे और मिनटों में घटनास्थल पर पहुँच गए तथा अभियान की कमान अपने हाथ में ले ली। विमानपत्तन पर गेट सं0 1 पर ड्यूटी कर रहे कांस्टेबल एस के कुशवाहा ने जवाबी गोलीबारी की और अपने मोर्चे के समीप उग्रवादियों में से एक को मार गिराया तथा दूसरे को जख्मी कर दिया। इस कार्रवाई में, उसे उग्रवादी की एक गोली श्री कुशवाहा को लगी और वे तब तक लगातार गोलीबारी करते रहे जब तक कि वे अचेत होकर गिर नहीं पड़े। बाद में उन्हें अस्पताल ले जाया गया लेकिन उन्होंने रास्ते में ही अपने घावों के कारण दम तोड़ दिया। श्री जगपती राम, हैड कांस्टेबल, एक्स-रे कक्ष के सामने वाहनो/यात्रियों की जाँच/जामः तलाशी कर रहे थे। उग्रवादी हमले को देख कर, उन्होंने मोर्चे से अपनी राइफल उठाई और मोर्चा सं0 2 के समीप पोजीशन ले ली। उन्होंने जवाबी गोलीबारी की और दो उग्रवादियो मे से एक, जो गेट सं0 1 के बैरियर को पार करने का प्रयास कर रहा था, को मार गिराया। उन्होंने

दूसरे उग्रवादी को भी उलझा लिया और उसे जख्मी कर दिया। जख्मी उग्रवादी ने पलट कर गोलीबारी की जो श्री राम को लगी। हालांकि, हैड कांस्टेबल राम ने अपनी पोजीशन बदलने के लिए मोर्चा सं0 1 की तरफ रेंगने का प्रयास किया, परन्तु वे बेहोश हो कर गिर गए और उन्होने वहीं प्राण त्याग दिए। चैकिंग/जाम: तलाशी का कार्य कर रहे श्री नारायण सिंह, उप-निरीक्षक ने एक जीप को बहुत तेजी के साथ गेट स0 1 के तरफ बढ़ते हुए देखा। उन्होंने उस जीप को रोकने का प्रयास किया, उग्रवादी ने अपने वाहन को रोका और हथगोले फेंके तथा संतरियों पर गोलीबारी शुरु कर दी। श्रीनारायण सिह ने तुरंत पोजीशन ले ली और जवाबी गोलीबारी की तथा उनमें से एक उग्रवादी को निष्क्रिय कर दिया जो कि पहले हुई आपसी गोलीबारी मे घायल हो गया था लेकिन विमानपत्तन की तरफ तेजी से जाने का प्रयास कर रहा था। उनमे से एक उग्रवादी, जो एक्स-रे कक्ष में घुसने में कामयाब हो गया था, ने गोलियाँ चलानी शुरु कर दी जिसके परिणामस्वरुप केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की दो महिला कार्मिक जख्मी हो गईं। सुश्री बंदु कुमारी, कांस्टेबल ने अपनी बंदूक उठा ली और उग्रवादी की तरफ गोलीबारी की। एक उग्रवादी ने पलट कर कांस्टेबल सुश्री बिंदु कुमारी पर दूसरी दिशा से गोलीबारी की और उन्हें गंभीर रुप से घायल कर दिया। श्री राम प्रकाश यादव, हैड कांस्टेबल, जो कि एक्स-रे-मशीन पर ड्यूटी कर रहे थे, तत्काल महिला केबिन की तरफ दौड़े और महिला कांस्टेबलो में से एक के हथियार को उठा लिया। अपनी तरफ उग्रवादी को बढ़ते देखकर, वे उसे निहत्था करने के लिए उस पर कूद पड़े तथा उसे मार गिराया। तथापि, वे उग्रवादी द्वारा घायल कर दिए गए और बाद में उन्होंने जख्मों के कारण दम तोड़ दिया। श्री पी सी जोशी, महानिरीक्षक (ओप्स) पहले ही घटनास्थल पर पहुँच चुके थे। श्री जोशी रेंगते हुए भारी गोलीबारी के बीच एल एम जी मोर्चा सं0 1 पर पहुँचे। उन्होंने पूरे अभियान को अपने नियंत्रण में ले लिया। श्री जोशी ने भी एक्स-रे कक्ष की तरफ कवरिंग गोलीबारी शुरु कर दी जहाँ दो उग्रवादियों ने बचने का प्रयास किया था और एक्स-रे कक्ष में घुस गए थे। बायीं तरफ की दुकानों में छिपे एक उग्रवादी ने एक ग्रेनेड फेंका और अंधाधुंध गोलीबारी शुरु कर दी। श्री जोशी ने अपने जवानों से जीवित बचे छठे उग्रवादी को उलझाने का आदेश दिया। श्री जोशी उग्रवादी गोलीबारी से बाल-बाल बचे। श्री जोशी ने अपने जवानों को उस दुकान में, गोलीबारी करने तथा ग्रेनेड फेंकने का आदेश दिया जहाँ इस उग्रवादी ने शरण ले रखी थी। ग्रनेड फटने के कारण दुकानें जल गईं और बुरी तरफ क्षतिग्रस्त हो गईं। मलबे की तलाशी लेने पर, एक उग्रवादी का शव और हथियार बरामद किए गए। श्री ए के बजपाल, उप-कामंडेंट ने भी एक्स-रे कक्ष के सामने वाले नाले में पोजीशन ले ली और गेट सं0 1 की तरफ कवरिंग गोलीबारी की। उग्रवादियों को मार गिराने के पश्चात, वे अपने जवानों का मनोबल बढ़ाने के लिए वे रेंगकर मोर्चा सं0 3 की तरफ बढ़े। श्री ए के साहू, सहायक कमांडेंट अपनी राइफल लेकर, अपने चालक के साथ सीधे गेट सं0 1 की तरफ बढ़े और पोजीशन ले ली। इन्होंने विमानपत्तन की तरफ खुलने वाले एक्स-रे कक्ष के दरवाजे को कवर कर लिया और उग्रवादी के बच निकलने के रास्ते को बद कर दिया। श्री साहु ने विमानपत्तन दिशा की ओर से उग्रवादी को तब तक उलझाए रखा जब तक कि उसका सफाया नहीं कर दिया गया । मुठभेड़ स्थल से 5 ए.के.-47, 9 ए के - 47 मैगजीन और 102 ए के - 47 ग्रेनेड बरामद किए गए।

इस मुठभेड़ में, श्री पी.सी. जोशी, महानिरीक्षक, ओप्स और दिवंगत सर्वश्री जगपती राम, हैड कांस्टेबल, एस के कुशवाहा, कांस्टेबल, आर पी यादव, हैड कांस्टेबल एवं सुश्री बिंदु कुमारी, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक राष्ट्रपति का पुलिस पदक/पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(I) के अतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 16 जनवरी, 2001 से दिया जाएगा।

(बरुण मित्रा)
निदेशक

सं0 82 -प्रेज/2002-राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक
(दिवंगत) श्री महिपाल सिंह,
लांसनायक, 122वीं बटालियन

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

27.9.2000 को जिला पुलिस, बदगाम और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की 122वीं बटालियन के कार्मिकों को सूचना मिली कि पारिमपोरा निवासी अब अजीर मीर, पुत्र मोहम्मद रमजान मीर, कमरबाड़ी में एक खूखार उग्रवादी नामतः शौकत अहमद लोन उर्फ पप्पू लोन, पुत्र काजीर मोहम्मद लोन, निवासी बटमालू, जो अनेक हत्याओं में संलिप्त है, को शरण दिए हुए है। जिला पुलिस अभियान ग्रुप बदगाम और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की 122वीं बटालियन की दो सैक्शन सहित कम्पनी की एक संयुक्त टीम उस क्षेत्र में गयी और लगभग 0345 बजे संदिग्ध मकान को घेर लिया। मकान पर छापा मारने के लिए केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल और जिला पुलिस अभियान ग्रुप, बदगाम की एक संयुक्त टीम बनाई गई। लांसनायक महिपाल सिंह और अन्य कांस्टेबल स्वतः सहायता ग्रुप में शामिल हुए। जब पार्टी मकान के नजदीक पहुंचने वाली थी तो उग्रवादियों ने अंधाधुंध ग्रेनेड फेंकने शुरु कर दिए जिससे छापामार पार्टी जख्मी हो गई। श्री सिंह ने अपने सहायक के साथ तत्काल मोर्चा सम्भाला और जवाबी गोलीबारी की। इसी बीच, उनके नजदीक एक ग्रेनेड गिरा जिससे श्री महिपाल सिह और उनका सहायक जख्मी हो गए। यह देख कर श्री सिंह ने अपने सहायक से पीछे हटने को कहा और अन्य जवानों और जख्मी कार्मिकों को कवरिंग फायर दी ताकि वे वहां से हट कर सुरक्षित स्थान पर जा सकें। उग्रवादी ने श्री सिंह को निशाना बनाया और उनकी एल एम जी के सामने एक ग्रेनेड फटा जिससे लांसनायक सिंह गंभीर रुप से जख्मी हो गए और उनकी एल एम जी भी जाम हो गयी तथा अतिरिक्त मेगजीनों वाला थेला भी विस्फोट से उड़ गया। श्री सिंह ने चिकित्सा सहायता पहुंचने से पहले ही दम तोड दिया। बाद में, इस अभियान में शौकत अहमद लोन उर्फ पप्पू लोन मारा गया।

इस मुठभेड़ में, दिवंगत श्री महिपाल सिंह, लांसनायक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(I) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 27 सितम्बर , 2000 से दिया जाएगा ।

बरुण मित्रा

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 83 - प्रेज/2002-राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक
श्री सुदर्शन कुमार
निरीक्षक (जी.डी.) 69वीं बटालियन
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

23.11.99 को श्री सुदर्शन कुमार, निरीक्षक को आसूचना रिपोर्ट मिली कि एक पाकिस्तानी राष्ट्रिक सहित अधुनातन हथियारों से लैस दो खुंखार उग्रवादी, पुलवामा जिले में फकीर मोहल्ला, तराल में एक मकान में छिपे हुए हैं। सुदर्शन कुमार, निरीक्षक के पास केवल दो सैक्शन थे जो छिपने के स्थान को घेरने के लिए अपर्याप्त थे। उन्होंने कुमुक भेजने के लिए सीमा सुरक्षा बल की 34वीं बटालियन से सम्पर्क किया और उपलब्ध विशेष कार्रवाई बल कार्मिकों के साथ, तराल पुलिस स्टेशन के एस एच ओ को भी साथ लिया। यह पार्टी अपनी आवा-जाही को छुपाने के लिए अंधेरे की आड़ में लगभग 2030 बजे उग्रवादियों के छिपने के स्थान पर पहुंची। बाहरी घेरा डालने के बाद, श्री कुमार ने दोनों घरों को घेर लिया और एक मकान की तलाशी ली। दूसरे मकान की तरफ जाते हुए, तलाशी पार्टी ने मकान के अन्दर से कुछ संदेहास्पद आवाजें सुनी। अचानक दो उग्रवादी उस मकान के प्रथम तल से दोनों मकानों को विभाजित करने वाली एक संकरी गली में कूद पड़े। श्री कुमार ने उग्रवादियों से रुकने के लिए कहा लेकिन उन्होंने उन पर गोली चला दी। श्री कुमार ने जवाबी गोलीबारी की। उग्रवादियों ने लगातार गोलियां चलाते हुए पास की गली से भागने की कोशिश की। सुदर्शन कुमार निरीक्षक ने उनका पीछा किया और दोनों उग्रवादियों पर गोलियां चलायी, जिससे दोनों उग्रवादी घटनास्थल पर ही मारे गए। मारे गए दोनों उग्रवादियों की पहचान बाद में अस्दुल्ला भट्ट, पुंत्र सत्तार भट्ट जिला कमांडर, हिज्जबुल मुज्जाहिद्दीन जिला पुंलवामा, जम्मू और कश्मीर तथा मासाबिन उमेर, पुत्र गुंलियाना खारियां, पाकिस्तानी राष्ट्रिक के रुप में की गई।

मारे गए उग्रवादियों से 2 ए के राईफल, 10 - मैगजीन ए के 271 राउंद, 01 पिस्तौल, 07 मैगजीन, 2 - वायरलेस सेट, पेन विड सील- 01 ए एस जी आर, ए के 47 - बेनेट - 1, ए के ग्रेनेड लॉन्चर - 2, राईफल ग्रेनेड - 12, ट्रांजिस्टर सेट - 1, टेप रिकार्डर छोटा - 1, और 01 कैमरा बरामद किया गया।

इस मुठभेड़ में, श्री सुंदर्शन कुमार, निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 23 नवम्बर, 1999 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 84 - प्रेज/2002-राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक
श्री मनदीप सिंह
हैड कांस्टेबल (जी.डी.), 39वी बटालियन
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

12.8.2000 को केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की एफ/39वीं बटालियन और 4 विशेष कार्रवाई बल के कार्मिक उस एक उग्रवादी, जो पहले हुई मुठभेड़ों में बचकर भाग गया था, की तलाश में सोरेना चौरा गांव में तलाशी अभियान पर थे। जब पार्टी तलाशी ले रही थी तो उन्हें सूचना मिली कि एक अज्ञात व्यक्ति को पहाड़ी पर स्थित एक खाली पड़े मकान में देखा गया है। श्री मनदीप सिंह, अपनी टुकड़ियों और विशेष कार्रवाई बल कार्मिकों के साथ तत्काल घर की तलाशी लेने के लिए गए। टुकड़ियों को आते देख, उग्रवादी नजदीक के मक्की के खेत में भाग गया। श्री सिंह ने पार्टी को तत्काल, दो अलग-अलग दिशाओं से पीछा करने का आदेश दिया। अचानक, उग्रवादी ने गोली चलाई और तलाशी पार्टी की तरफ एक हथगोला फेंका। श्री सिंह, हमले से बाल-बाल बचे। समय गंवाये बिना श्री सिंह, मक्की के खेत में छिपे उग्रवादी की तरफ बढ़े और उसकी तरफ हथगोला फेंका और उसके बाद गोलियों की भारी बौछार की। दोनों तरफ से 14 घंटे तक गोलीबारी हुई। घनी झाड़ियों वाले कठिन भू-भाग की सावधानीपूर्वक खोजबीन की गयी। खोजबीन अभियान के दौरान उग्रवादी ने आगे बढ़ रही टीम पर गोलियां चलायी तथापि, हैड कांस्टेबल मनदीप सिंह अपने जवानों के साथ रेंगते हुए आगे बढे और उन्होंने एक और हथगोला फेंका तथा गोलियां चलायी और उग्रवादी को घटनास्थल पर ही मारने में सफल हो गए। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से निम्नलिखित शस्त्र और गोलाबारुद बरामद किया गया :-

1. ए के - राईफल 56 - 01, 2. ए के 56 मैगजीन - 04, .3 चीन निर्मित, हथगोला - 01, 4. ए के 56 गोलाबारुद - 58 राऊन्ड, 5. नगद - 2400रु., 6. डिस्पोजेबल इन्जेक्शन और दवाईयां। मारे उग्रवादी की पहचान बाद में लश्कर-ए-तैयबा ग्रुप से सबधित पाकिस्तानी राष्ट्रिक के रुप में की गयी।

इस मुठभेड़ में, श्री मनदीप सिंह ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(I) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 12 अगस्त , 2000 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 85 - प्रेज/2002-राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

**अधिकारी का नाम और रैंक**

श्री एस0एस0 गिल,
उप कमान्डेन्ट, 30वीं बटालियन,
केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

**उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:**

11.1.2001 को श्री एस0एस0 गिल, उप कमान्डेन्ट (आपरेशन) अपनी प्लाटून और सीमा सुरक्षा बल और स्पेशल आपरेशन ग्रुप, जम्मू और कश्मीर पुलिस, प्रत्येक की एक-एक प्लाटून के साथ पुलवामा में दैनिक गश्त ड्यूटी पर थे । जैसे ही वे पुलवामा तेनगाहर क्वायल रोड पर पहुंचे और गांव मस्तपुना से गुजर रहे थे, तो नजदीक के मकानों में छिपे उग्रवादियों ने उन पर भारी गोलीबारी की । श्री गिल की कमान में टुकडियों ने तत्काल मोर्चा सम्भाला और मकान को दो तरफ से घेर लिया और जबाबी गोलीबारी की । दोनों उग्रवादी मारे गए और तलाशी लेने पर दो ए.के.47 राईफल, 3 मैगजीन, एक ग्रेनेड लॉन्चर, 02 ग्रेनेड और 03 इलेक्ट्रोनिक डिटोनेटर बरामद किए गए । इन उग्रवादियों की पहचान मुख्तार अहमद गनाई, पुत्र अब्दुल गनाई निवासी बासबट, पुलवामा, पुलवामा, के लिए हिज्जबुल मुजजाहिद्दीन तंजीम का क्षेत्रीय कमान्डर और मोहम्मद अमीन डार, पुत्र अब्दुल रसीद डार, निवासी तुजान, पुलवामा पाखरपुरा के लिए हिज्जबुल मुज्जाहिद्दीन के कम्पनी कमान्डर के रूप में की गई । उस घर जहां पर उपर्युक्त दो उग्रवादी छिपे हुए थे, की तलाशी के दौरान, हिलाल अहमद मीर नामक एक बालक को पकड़ा जिससे श्री गिल ने पूछताछ की । उसकी सूचना पर पुलिस पार्टी दूसरे घर पर गयी जहां पर दो उग्रवादी छिपे हुए थे । पुलिस पार्टी को देखने पर, उग्रवादियों ने उन पर गोलियां चलाई । पुलिस पार्टी ने जबावी कार्रवाई की । हथगोले फैके जाने के कारण, मकान में आग लग गई । श्री गिल ने अपनी टीम के साथ चारदिवारी के नजदीक मोर्चा सम्भाला । एक उग्रवादी श्री गिल और पार्टी की तरफ गोलियां चलाता हुआ बाहर कूदा । श्री गिल ने आड़ लेकर भाग रहे उग्रवादी पर गोलीबारी की और उसे घटनास्थल पर ही मार गिराया। कुछ समय बाद, मकान में छिपें दूसरे आतंकवादी ने भारी गोलीबारी की और पुलिस की तरफ ग्रेनेड फैका जो जवानों को कोई नुकसान पहुंचाये बिना गली में गिरा । धुंऐ और आग के कारण उग्रवादी श्री गिल और पार्टी से मात्र 2 गज की दूरी पर, खिडकी से बाहर कूदा । श्री गिल ने उग्रवादी पर गोली चलायी और उसे घटनास्थल पर ही मार गिराया। मारे गए उग्रवादियों से तीन मैगजीनों सहित दो ए.के.56 राईफले बरामद की गई । मारे गए उग्रवादियों की पहचान 1. मो0 असरफ लोन, पुत्र गुलाम मोहिद्दीन, निवासी उर्सचारसू, पुलवामा, पारिगाम के लिए हिज्जबुल मुज्जाहिद्दीन के कम्पनी कमान्डर, और कराची पाकिस्तान के काका भाई उर्फ मसूद भाई, विदेशी राष्ट्रिक उग्रवादी, के रूप में की गयी ।

इस मुठभेड़ में, श्री श्री एस0एस0 गिल, उप-कमान्डेंट ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(I) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 11 जनवरी, 2001 से दिया जाएगा ।

(वरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 86 - प्रेज/2002-राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

(दिवंगत) श्री ए. अब्दुल माजिद

हैड कांस्टेबल, 91वीं बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

इस सूचना पर कि गांव तरहामा, पुलिस स्टेशन पट्टन, जिला बारामुल्ला में तीन सशस्त्र उग्रवादी छिपे हुए हैं, 91वीं बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की दो प्लाटून, एस ओ जी श्रीनगर के साथ उग्रवादियों को पकड़ने के लिए 18.7.2000 को गांव तरहामा पहुँचे। संदिग्ध घर, जिसमें उग्रवादी छिपे हुए थे, को चारों तरफ से घेर लिया गया। सी/91वीं बटालियन के हैड कांस्टेबल ए अब्दुल माजिद और कांस्टेबल ए सी गिरी ने खिड़कियों की निगरानी करने के लिए पड़ोसी मकान के प्रथम तल पर मोर्चा सम्भाला, ताकि उग्रवादी खिड़कियों के रास्ते से बचकर भाग न सकें। उग्रवादियों ने बढ़ रहे दल पर भारी गोलीबारी शुरु कर दी, जिसका तुरंत जवाब दिया गया। सशस्त्र उग्रवादियों ने वैकल्पिक मोर्चा लेने के लिए घर की खिड़की से बच कर भागने का प्रयास किया। हैड कांस्टेबल अब्दुल माजिद ने बच कर भाग रहे उग्रवादियों को ललकारा और उन पर गोलीबारी की। उग्रवादियों को वापस अपने छिपने के स्थान पर लौटना पड़ा। बचाव का और कोई दूसरा रास्ता न देखकर, उग्रवादियों ने भारी गोलीबारी और बाद में ग्रेनेड फेंक कर हैड कांस्टेबल अब्दुल माजिद के मोर्चे पर पुनः हमला किया। हैड कांस्टेबल अब्दुल माजिद ने लगभग 25 मिनट तक काफी करीब से घमासान लड़ाई करके उग्रवादियों को उलझाए रखा और एक उग्रवादी को मार गिराने में सफल हो गए। तथापि, उन्हें गोली लग गई और बाद में उन्होंने दम तोड़ दिया। अन्य उग्रवादी अपने छिपे हुए स्थान से भागने में सफल नहीं हो सके और बाद में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, एस ओ जी और सेना के संयुक्त अभियान में मारे गए। घटनास्थल से 03 ए के - 47 राइफलें, 04 ए के मैगजीन, एक ग्रेनेड लांचर, एक वायरलैस सैट, एक पिस्तौल (माऊजर), 03 पिस्तौल मैगजीन और 2 थैलियाँ बरामद की गईं।

इस मुठभेड़ में, (दिवंगत) श्री ए अब्दुल माजिद, हैड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(I) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 18 जुलाई, 2000 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 87 - प्रेज/2002-राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

(दिवंगत) श्री इन्द्रजीत,
कांस्टेबल, 83वीं बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

8.5.1999 को सूचना मिली कि कुछ उग्रवादी कम्पनी मुख्यालय से 8 कि.मी. दूर लस्साना टोप गांव के एक मकान में शरण लिए हुए हैं। पुलिस अधीक्षक (ओप्स) सुरनकोट द्वारा एस डी पी ओ मेंढर और 83वीं बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की एक टुकड़ी के साथ तत्काल एक अभियान चलाने की योजना बनाई गई। एस ओ जी, जम्मू और कश्मीर पुलिस के 40 कार्मिकों के साथ एक टुकड़ी संदिग्ध गांव की ओर गई। पुलिस पार्टी द्वारा संदिग्ध मकान पर छापा मारा गया लेकिन इसे खाली पाया। तब पुलिस दलों ने क्षेत्र की तलाशी शुरु की। जब ये दल पहाडी से नीचे आ रहे थे तो उग्रवादियों ने उन पर गोलियां चलानी शुरु कर दी। इन्होंने भी जवाब में गोलियां चलाईं और एक उग्रवादी को मार दिया। कांस्टेबल इन्द्रजीत और हैड कांस्टेबल मोहम्मद हुसैन, जो अभियान दल के सदस्य भी थे, ने एक उग्रवादी जिसका नाले में छिपे होने का संदेह था, की हरकतों को देखने के लिए एक छोटी सी दीवार के पीछे मोर्चा संभाल लिया। वहां कोई हरकत न देखकर कांस्टेबल इन्द्रजीत और हैड कांस्टेबल मोहम्मद हुसैन ने आगे बढ़ने का प्रयास किया। उनको देखते ही नजदीक ही झाड़ियों में छुपे एक उग्रवादी ने अपनी ए के-47 राइफल से उन पर गोलियां चलाईं। कांस्टेबल इन्द्रजीत गंभीर रूप से घायल हो गए लेकिन उन्होंने उग्रवादियों पर गोलियां चलाना जारी रख उसे उलझाए रखा । अनंत: उन्होंने घावों के कारण दम तोड़ दिया।

इस मुठभेड़ में, (दिवंगत) श्री इन्द्रजीत, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(I) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 8 मई, 1999 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 88 - प्रेज/2002-राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

(दिवंगत) श्री अशोक कुमार,
कांस्टेबल, 54वीं बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

गणतंत्र दिवस समारोह 2000 से पहले दिन व्यापक सुरक्षा इन्तजाम किए गए थे और इसके एक भाग के रुप में 26 जनवरी, 2000 को केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की 54वीं बटालियन की एक प्लाटून को तैनात किया गया था। तदनुसार श्री राजेश कुमार, सहायक कमांडैंट की कमान में 18 कार्मिकों की एक प्लाटून पुलिस स्टेशन अनंतनाग से 10 कि. मी. दूर कम्पनी मुख्यालय से रवाना हुई। जब प्लाटून सरथात कानवैंट हाई स्कूल, क्रान्सू के नजदीक पहुंची तो कांस्टेबल अशोक कुमार, जो अग्रिम पंक्ति के बांये गाईड थे, ने सड़क की बांई तरफ स्थित खाली पड़े एक मकान में कुछ हलचल देखीं। उन्होंने ललकारा, लेकिन उसके जवाब में, इस सड़क के बाईं तरफ पेड़ों के तनों के पीछे छुपे हुए आतंकवादियों ने श्री कुमार पर एक ग्रेनेड फेंका। वे गंभीर रुप से घायल हो गए लेकिन उन्होंने अपनी सर्विस राइफल से 20 गोलियां चलाईं। 8-10 मिनट तक दोनों तरफ से गलियां चलती रही। आतंकवादी घटना स्थल पर पीछे भारी मात्रा में हथियार/गोलाबारुद छोड़कर भाग खड़े हुए। श्री कुमार द्वारा की गई कारगर गोलीबारी के कारण प्लाटून के अन्य कार्मिकों की जान बच गई और आंतकवादियों द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह में बाधा डालने की योजना का एक बड़ा हादसा टल गया। श्री अशोक कुमार को सिविल अस्पताल, अनंतनाग, जम्मू ओर कश्मीर ले जाया गया जहां उन्हें मृत घोषित किया गया।

इस मुठभेड़ में, (दिवंगत) श्री अशोक कुमार, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(I) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 26 जनवरी, 2000 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 89 - प्रेज/2002- राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री मोहन लाल,
पुलिस उपाधीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

9/10.11.2000 को श्री मोहन लाल, पुलिस उपाधीक्षक (प्रोब), जो एस एच ओ, पुलिस स्टेशन, धरमशाल का कार्य देख रहे थे,को एक मोहम्मद इस्माइल पुत्र अजीज दीन, निवासी बरेथी के मकान में उग्रवादियों की मौजूदगी के बारे में सूचना मिली । श्री मोहन लाल ने पुलिस दल के साथ उक्त मकान के इर्द गिर्द के क्षेत्र की धेराबन्दी कर दी और उग्रवादियों को आत्मसमर्पण करने के लिए ललकारा । उग्रवादियों ने पुलिस दल पर गोलियां चलाईं और ग्रेनेड फेंके जिसकी किरचों से श्री मोहन लाल घायल हो गए । घायल होने के बावजूद वे आगे बढे और उग्रवादियों पर गोलियां चलाईं तथा अबू अली (लश्करे तैयबा कमांडर) नाम के एक विदेशी उग्रवादी को मार गिराने और घर में रहने वालों की जान बचाने में सफल हो गए । मुठभेड़ स्थल से एक - ए के 56 राइफल, 3 - ए के 56 मैगजीन, 55-ए के 56 राउंड एक वायर लैस सैट, सेना के रंग का गोली बारूद का एक पाउच और 2 हथगोले बरामद किए गए ।

इस मुठभेड़ में, श्री मोहन लाल, पुलिस उपाधीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(I) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 10 नवम्बर, 2000 से दिया जाएगा ।

(वरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 99 - प्रेज/2002-राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते है -

अधिकारी का नाम और रैंक
श्री सेवा सिह मनकोटिया,
पुलिस उपाधीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

20.12.2000 की शाम को पुलिस उप महानिरीक्षक, डोडा - उद्यमपुर रेज को सूचना मिली कि साभा और हीरानगर सैक्टर से पाकिस्तानी उग्रवादी भारत में घुए गए है। पूर्वनियोजित जवाबी कार्रवाई के तहत श्री सेवा सिंह मनकोटिया, पुलिस उपाधीक्षक, उद्यमपुर ने सीमा और कठुआ पुलिस कार्मिको के साथ सभावित मार्गों पर घात लगा ली। लेकिन उग्रवादी अधेरे में बचकर निकल गए। 21.12.2000 को श्री मनकोटिया ओर अन्य पुलिस अधिकारियों ने उग्रवादियों के पैरों के निशानों का पीछा करके उनका पता लगा लिया। लगभग 12 बजे उग्रवादियों द्वारा पुलिस दल पर भारी गोलीबारी और ग्रेनेडों से हमला किया गया। श्री सिह ने अपने पुलिस दल के साथ हमले का करारा जवाब दिया। उग्रवादियों ने भारी मात्रा में गोलीबारी से हमला किया लेकिन श्री मनकोटिया ने जवाबी हमला किया और दो पाकिस्तान राष्ट्रिक उग्रवादी मार गिराए। ताजा हमले में, श्री मनकोटिया ने पैट्रोल बम प्राप्त कर उसे उग्रवादियो के छिपने के ठिकाने पर फैका जिससे आग लग गई, जिससे उग्रवादियों द्वारा लगाई गई अनेक आई ई डी फट गईं जिसके फलस्वरुप, एक उग्रवादी के शव के चिथड़े-चिथड़े हो गए। शव और हथियार/गोलाबारुद बरामद करते हुए, दल के दो सदस्य नामत श्री मजूर अहमद एस जी सी टी और एस पी कठुआ के पी एस ओ कास्टेबल रेखी चन्द्र सिह घायल हो गए जिन्हे श्री मनकोटिया ने तत्काल अस्पताल भिजवा दिया। अन्ततः अभियान को चलाने के लिए सेना पहुच गई और शेष बचे हथियारों/गोलाबारुद और शवो की बरामदगी सेना द्वारा की गई।

इस मुठभेड़ मे, श्री सेवा सिह मनकोटिया, पुलिस उपाधीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(I) के अतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनाक 21 दिसम्बर, 2000 से दिया जाएगा ।

(अरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 91 - प्रेज/2002-राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते है:-

अधिकारी का नाम और रैंक
(दिवंगत) श्री मुश्ताक अहमद,
हैड कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

16.2.2000 को श्री मुश्ताक अहमद, हैड कांस्टेबल मायसूमा चौक पर कार-ए-खास डयूटी पर तैनात किया गया था और वे अपनी सर्विस पिस्तौल लिए हुए थे। लगभग 1350 बजे, दो अज्ञात उग्रवादियों ने गोलियां चलाईं और 39वीं बटालियन, सीमा सुरक्षा बल के दो कार्मिकों को मार डाला। श्री अहमद ने गोलियों की आवाज सुनी। उन्होंने एक उग्रवादी को, सीमा सुरक्षा बल के एक मारे गए कांस्टेबल से छीनी एस एल आर राइफल के साथ बरबरशाह चौक की ओर भागते देखा। श्री अहमद ने मायसूमा चौक से बरबरशाह चौक तक उस उग्रवादी का पीछा किया और अपनी पिस्तौल से कम से कम तीन गोलियां चलाईं। उन्होंने उनमें से एक उग्रवादी को दबोच लिया और उससे एस एल आर छीन ली। तथापि उग्रवादी के दूसरे साथी ने श्री अहमद पर गोलियां चलाईं और वे बरबरशाह चौक के नजदीक गिर पड़े तथा उन्होंने घावों के कारण दम तोड़ दिया। उन्होंने एस एल आर अपने हाथों में पकड़ी हुई थी और आतंकवादी को हथियार छीनकर ले जाने नही दिया। पुलिस स्टेशन मायसूमा के कार्मिकों द्वारा हथियार श्री अहमद के शव से पुन: प्राप्त कर लिया गया और शव को बाद में सीमा सुरक्षा बल के अधिकारियों को सौंप दिया गया।

इस मुठभेड़ में, (दिवंगत) श्री मुश्ताक अहमद, हैड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक , 16 फरवरी, 2000 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 92 -प्रेज/2002-राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक/पुलिस पदक का बार सहर्ष प्रदान करते हैं :-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्वश्री

1. दीपक कुमार सलाथिया, पुलिस अधीक्षक
2. प्रवीण सिंह, निरीक्षक (वीरता के लिए पुलिस पदक का बार)
3. बशीर अहमद, कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

14.1.2001 को जब विशेष अभियान ग्रुप तथा 8 जे ए के राइफल की संयुक्त टीम ग्राम बिन्नेर पहुंची तो उग्रवादियों ने समीप के घरों से गश्ती दल पर स्वचालित हथियारों से भारी गोलीबारी की तथा हथगोले फेंके जिसकी गोलियों/किरचों से सर्वश्री सुरमसिंह, एस जी सी टी तथा कुलदीप सिंह, कांस्टेबल घायल हो गए। तत्काल श्री दीपक कुमार सलाथिया ने पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) तथा निरीक्षक, प्रवीण सिंह विशेष अभियान ग्रुप के अन्य लोगों के साथ इस क्षेत्र को घेर लिया और जवाबी गोलीबारी की। मुठभेड़ में विशेष अभियान ग्रुप के दो कार्मिक घायल हो गए तथा फंस गए। निरीक्षक, प्रवीण सिंह तथा कांस्टेबल, बशीर अहमद, श्री सलाथिया और कांस्टेबल बौधराज की कवरिंग गोलीबारी की आड़ में घायल को बचाने के लिए स्वेच्छा से आगे आए। निरीक्षक, प्रवीण सिंह तथ कांस्टेबल बशीर अहमद रेंगते हुए घायल एस जी सी टी सुरम सिंह तथा कांस्टेबल कुलदीप सिंह के पास पहुंचे तथा उन्हें बचा लाए। श्री सलाथिया पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) ने निरीक्षक प्रवीण के साथ उन नागरिकों को भी बचाया जो उस मकान में फंसे हुए थे जहां उग्रवादी छिपे हुए थे। उसके बाद उन्होंने उग्रवादियों के छिपने के स्थान पर धावा बोल दिया तथा उन्हें बाहर निकलने पर मजबूर कर दिया। उग्रवादियों ने घेरा तोड़ने की कोशिश की परन्तु श्री सलाथिया के नेतृत्व में विशेष अभियान ग्रुप की पार्टी ने दो उग्रवादियों को मार गिराया तथा कांस्टेबल बशीर अहमद तथा निरीक्षक प्रवीण सिंह ने तीसरे उग्रवादी को समाप्त कर दिया। गोलीबारी के दौरान श्री बौधराज, लांस नायक तथा रशपाल सिंह, लांस नायक भी गोलियां/किरचें लगने से घायल हो गए जिन्हें बाद में इलाज के लिए इस्पताल ले जाया गया। लश्कर-ए-तैयबा के निम्नलिखित तीन शीर्ष विदेशी उग्रवादी मारे गए:

1. अब्दुल्ला कमर कोड डॉक्टर अबू हैदर, पाकिस्तान निवासी, लश्कर-ए-तै यबा का जिला कमांडर
2. अब्दुल हसन, निवासी बेहोरी, पाकिस्तान
3. जुबिउल्लाह कोड़ अबू सरिया, निवासी गुजरांवाला(पाक अधिकृत कश्मीर)

मुठभेड़ स्थल से 3 ए के 47 राइफलें, 10 ए के मैगजीनें, 120 ए के राउन्द, 2 यू बी जी एल, 7 यू बी जी एल ग्रेनेड, 8 डेटोनेटर, 1 आई. ई. डी. और 11 हथगोले बरामद हुए।

इस मुठभेड़ में, सर्वश्री दीपक कुमार सलाथिया, पुलिस अधीक्षक, प्रवीण सिंह, निरीक्षक तथा बशीर अहमद, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(I) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 14.1.2001 से दिया जाएगा।

(अरुण मित्रा)
निदेशक

सं0 93 - प्रेज/2002-राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

**अधिकारी का नाम और रैंक**

श्री अशकूर अहमद वानी,
पुलिस अधीक्षक,

**उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:**

जून 28/29, 1997 को एच यू ए से संबंधित दुर्दान्त उग्रवादियों की संभावित आवा-जाही के बारे में जानकारी प्राप्त हुई । तत्कालीन पुलिस अधीक्षक आपरेशन्स, श्रीनगर श्री ए0ए0 वानी के नेतृत्व में जम्मू और कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान ग्रुप के कार्मिक शीघ्रता से एच एम टी क्रासिंग की ओर रवाना हुए तथा उग्रवादियों के संभावित मार्ग पर बड़ी चतुराई से घातें लगायीं । हमले की योजना बनाते समय श्री वानी ने यह निर्णय लिया कि एक पार्टी, छोटे तथा त्वरित कार्रवाई ग्रुप के रूप में उस क्षेत्र की दूसरी दिशा को कवर करे । लगभग 2.30 बजे श्री वानी ने उग्रवादियों की हलचल देखी और उन उग्रवादियों को ललकारा । उग्रवादियों ने पुलिस पार्टी पर हथगोले फेंके तथा गोलियां चलाई परन्तु पुलिस ने पीछा करना जारी रखा तथा एक भीषण मुठभेड़ हुई । मुठभेड़ के दौरान श्री वानी ने उग्रवादियों को अंधेरा होने तक आधे घंटे तक उलझाए रखा । श्री वानी अपनी ए के राईफल से गोलियां चलाते हुए उग्रवादियों की ओर लपके । धावा बोलते हुए अधिकारी को देखकर उग्रवादियों ने पुलिस पार्टी पर अंधाधुंध गोलियां चलाना शुरू कर दिया । एक उग्रवादी, जिसकी पहचान बाद में चीफ अमीर एच.यू.ए., कश्मीर, सोना उल्लाह, निवासी कराची के रूप में की गई, ने पेड़ के पीछे से भारी गोलीबारी की ।श्री वानी रेंगकर उस उग्रवादी की ओर बढ़ते रहे । खतरे का आभास पाकर, वह उग्रवादी पीछे मुड़ा, लेकिन सतर्क श्री वानी ने इस उग्रवादी को मार गिराने में सफलता पाई । मारे गए आतंकवादी के साथी अंधेरे और ऊबड़-खाबड़ क्षेत्र का लाभ उठाकर पुलिस के जाल से बच निकले । मुठभेड़ स्थल से एक ए.के.47 राइफल, 2 ए.के. मैगजीन, ए.के. गोलाबारूद के आठ राउन्ड बरामद हुए ।

इस मुठभेड़ में, श्री अशकूर अहमद वानी, पुलिस अधीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(I) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 29 जून, 1997 से दिया जाएगा ।

(अरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 94 -प्रेज/2002-राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री गुलाम मुस्तफा

हैड कांस्टेबल (अब सहायक उप निरीक्षक)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

7.12.1999 को ग्राम वातल बाग में उग्रवादियों के ग्रुप की मौजूदगी के बारे में प्राप्त विशेष सूचना के आधार पर विशेष अभियान ग्रुप, गन्दरबल द्वारा एक विशेष अभियान की योजना तैयार की गई । जम्मू कश्मीर सशस्त्र पुलिस के हैड कांस्टेबल गुलाम मुस्तफा एस ओ जी पार्टी के सदस्य थे जिसने 5 आर आर के कार्मिकों के साथ मिलकर क्षेत्र को घेर लिया था । उग्रवादियों ने पुलिस/सुरक्षा बलों द्वारा घेराबन्दी करते देख अंधाधुध गोलियां चलाना शुरू कर दिया । एस औ जी के लिए जवाब में गोलियां चलाना एक चुनौतीपूर्ण कार्य था क्योंकि उक्त मकान में सिविलियन भी अन्दर फंसे हुए थे । हैड कांस्टेबल गुलाम मुस्तफा, घर के अन्दर लोगों की प्राण रक्षा करने और उग्रवादियों का सफाया करने के लिए स्वेच्छा से उस घर में प्रवेश करने के लिए आगे आए । इन्होंने उग्रवादियों द्वारा की जा रही भारी गोलीबारी के बीच मकान की पहली मंजिल पर धावा बोल दिया तथा वहां फंसे हुए उग्रवादियों पर गोलियां चलाई । हैड कांस्टेबल मुस्तफा के कंधे में गोलियों की बौछार लगी जिससे ये गंभीर रूप से घायल हो गए । अपने प्राणों तथा बहते खून की परवाह न करते हुए वह दो दुर्दान्त विदेशी उग्रवादियों को मारने में सफल हो गए । इस कार्रवाई में सिविलियनों को कोई नुकसान नहीं हुआ । मारे गए उग्रवादियों से दो एके राइफलें और एक आर पी जी बरामद हुई ।

इस मुठभेड़ में, श्री गुलाम मुस्तफा, हैड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(I) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 7 दिसम्बर, 1999 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 95 - प्रेज/2002-राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

श्री आशिक हुसैन बुखारी
पुलिस अधीक्षक, बड़गाम

(दिवंगत) श्री जाविद इकबाल
हैड कांस्टेबल, बडगाम

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

26/27.9.2000 के बीच की रात के दौरान एक सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक, बड़गाम के नेतृत्व में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के कार्मिकों के साथ अब. अजीज मीर, पुत्र मोहम्मद रमजान, निवासी परीमपोरा के घर पर जहां एक खुंखार उग्रवादी शौकत अहमद लोन उर्फ पूपा लोन, निवासी बटमालू, एच यू एम का डिवीजनल कमांडर अन्य उग्रवादियों के साथ छुपा हुआ बताया गया था, छापा मारा गया। क्षेत्र को घेर लिया गया और पुलिस अधीक्षक, बड़गाम ने एक दल को उस मकान की ओर आगे बढ़ने का निदेश दिया जहां उग्रवादी छुपे हुए थे। उप निरीक्षक काकाजी कौल, 122वीं बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के हैड कांस्टेबल जाविद इकबाल और नायक महिपाल सिंह के नेतृत्व में पुलिस दल को लक्षित मकान पर धावा बोलने का निदेश दिया। उन्होंने लक्षित मकान की तरफ धावा बोला लेकिन उग्रवादियों ने अंधाधुंध गोलियां चलाईं और ग्रेनेड फेंके जिसके परिणामस्वरुप हैड कांस्टेबल श्री जावेद इकबाल की मौत हो गई और पुलिस दल के इन्चार्ज जख्मी हो गए। श्री सयैद आशिक हुसैन बुखारी पुलिस अधीक्षक, बड़गाम ने तत्काल मृतक/घायल को वहां से निकाला और हमलावर दल को पुनः संगठित किया। इन्होंने, भारी गोलीबारी और फसें हुए उग्रवादियों द्वारा फेंकें जा रहे हथगोलों के बीच सामने से दल का नेतृत्व किया। भीषण मुठभेड़ में उग्रवादी शौकत अहमद लोन उर्फ पूपा लोन को मार गिराया गया।

इस मुठभेड़ में, श्री आशिक हुसैन बुखारी, पुलिस अधीक्षक और (दिवंगत) श्री जाविद इकबाल, हैड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(I) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 27 सितम्बर, 2000 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 96- प्रेज/2002-राष्ट्रपति, जम्मू एवं कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते है:-

अधिकारी का नाम और रैंक

(दिवगत) श्री हबीब-उल्लाह
एस.जी.सी.टी./ड्राइवर

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

2.4.2001 को एक एस्कोर्ट पार्टी सरकारी कार्य से मगम की ओर रवाना हुई । लौटते समय रात को 20.15 बजे सोपोर के सहायक पुलिस अधीक्षक, एस्कोर्ट पार्टी के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर हाइगाम से गुजर रहे थे । उग्रवादियें, जिन्होंने हाइगाम क्रासिग पर राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर धात लगा रखी थी, ने सभी दिशाओं से पुलिस पार्टी पर गोलीबारी प्रारंभ कर दी । उन्होंने बी पी कार, जिसमें सहायक पुलिस अधीक्षक यात्रा कर रहे थें, के साथ-साथ एस्कोर्ट वाहन पर राइफल ग्रेनेड दागे तथा स्वचालित हथियारों से गोलीबारी की । गोलीबारी का जबाव दिया गया तथा उग्रवादियों को घटनास्थल से भागने पर मजबूर कर दिया गया । इस मुठभेड़ में, एस.जी.सी.टी. कांस्टैबल ड्राइवर हबीबुल्लाह ने अपनी जान कुर्बान कर दी, परन्तु उन्होंने गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद वाहन को घात के स्थान से 20 मीटर परे सुरक्षित स्थान पर ले जाकर अपने साथियों के प्राणों की रक्षा की । कांस्टेबल मुश्ताक अहमद ने अपनी राइफल से उग्रवादियें की ओर 60 राउन्द चलाए । इस प्रकार उन्होंने उग्रवादियों को अपने वाहन के पास आने से रोका । वे घायल व्यक्तियों को सोपोर भेजने के कार्य में भी सक्रिय रहे, इस प्रकार उन्होंने उनकी जान बचाई । कांस्टेबल मोहम्मद अशरफ, कांस्टेबल जी आर मोहम्मद तथा कांस्टेबल फयाज अहमद ने अनुकरणीय साहस का परिचय दिया परन्तु वे उग्रवादियों की गोली-बारी ये गंभीर रूप से घायल हो गए । इससे मूल्यवान प्राणों की रक्षा हुई, हथियार तथा वायरलैस सुटने से बचाए गए तथा सरकारी वाहन को क्षतिग्रस्त होने से बचाया जा सका ।

इस मुठभेड़ में, (दिवंगत) श्री हबीब-उल्लाह एस जी सी टी (ड्राइवर) ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(I) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 2 अप्रैल, 2001 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 97 - प्रेज/2002- राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के, नाम और रैंक

सर्व श्री

1. दिवाकर सिंह, निरीक्षक
2. अजय जामवाल, उप निरीक्षक
3. मोहम्मद अशरफ, कांस्टेबल
4. सुभाष चन्द्र, कांस्टेबल
5. मोहम्मद मुस्ताक, कांस्टेबल
6. दलीप सिंह, कांस्टेबल

सभी जिला कठुआ के हैं ।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

18.4.2001 को कोली खबाल दिंगा अंब गांव में जम्मू और कश्मीर पुलिस द्वारा एन सी प्राधिकारियों, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल और सेना की सहायता से एक सुसमन्वित अभियान चलाया गया । तलाशी के दौरान दो मकानों से उग्रवादी कूद कर बाहर आये और पुलिस दल की ओर अन्धाधंध गोलियां चलानी शुरू कर दी । वहां की स्थलाकृति और गांव में सिविलियनों की मौजूदगी के कारण घेराबन्दी दल को वहां प्रभावी रूप से कार्रवाई करना कठिन था । उस ग्रुप को निष्क्रिय करने के लिए निरीक्षक दिवाकर सिंह, उप निरीक्षक अजय जामवाल, कांस्टेबल मोहम्मद अशरफ, कांस्टेबल सुभाष चन्द्र, कांस्टेबल मोहम्मद मुस्ताक और कांस्टेबल दलीप सिंह सामने से हमला करने के लिए स्वयं आगे आए । इन पुलिस कर्मियों ने अपनी जान की परवाह न करते हुए, भाड़े के विदेशी सैनिकों द्वारा की जा रही भारी गोलीबारी और हथगोले फेंके जाने के बावजूद, छिपे हुए उग्रवादियों की तरफ युक्तिपूर्ण तरीके से रेंगना शुरू कर दिया । 8 घंटे तक चली मुठभेड़ में लश्करे तैयबा के 7 खुंखार विदेशी उगग्रादी मारे गए । एन सी ए के दो कर्मी जख्मी हो गए ।

इस मुठभेड़ में, सर्व श्री निरीक्षक दिवाकर सिंह, उप निरीक्षक अजय जामवाल, कांस्टेबल मोहम्मद अशरफ, कांस्टेबल सुभाष चन्द्र, कांस्टेबल मोहम्मद मुस्ताक और कांस्टेबल दलीप सिंह ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(I) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 18 अप्रैल, 2001 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 98 - प्रेज/2002- राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री जयदीप सिंह, भा0पु0 सेवा
पुलिस अधीक्षक, पुंछ

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

13.2.2001 को सालवाह और पोथनातीर क्षेत्र में श्री जयदीप सिंह, पुलिस अधीक्षक (ओप्स) पुंछ के नेतृत्व में एक गश्त लगाई गई । पुलिस अधीक्षक, 2 उप निरीक्षक, पुलिस बल की 2 प्लाटून और सेना के जवानों को लेकर बनाया गया पुलिस दल जैसे ही पोथनातीर क्षेत्र में पहुंचा तो घने जंगलों में पहाड़ी की चोटियों पर मोर्चा लिए हुए आतंकवादियों ने उस पर भारी गोली बारी शुरू कर दी । श्री सिंह और पुलिस तथा सेना के जवानों ने मोर्चा सम्भाल लिया और प्रभावी रूप से जवाबी गोली बारी की और आतंकवादियों के निकल भागने के रास्तों को भी काट दिया । घंटों की गोली बारी के बाद आतंकवादी किसी प्रकार से घेराबन्दी के बाहर एक नाले में मोर्चा लेने में सफल हो गए । श्री सिंह ने अपने गश्ती दल के साथ आतंकवादियों का पीछा किया और पुलिस एक आतंकवादी को मार गिराने में सफल हो गई । नाले को कवर करने के दौरान श्री सिंह ने मस्जिद के ठीक आगे एक शिलाखंड के पीछे कुछ हलचल देखी । शिलाखंड के पीछे मोर्चा संभाले हुए आतंकवादी ने पुलिस पर गोली बारी शुरू कर दी । श्री सिंह ने दल को आतंकवादी के बच निकलने के रास्ते को रोकने का निदेश दिया और आतंकवादी को गोलीबारी में उलझाए रखा । श्री सिंह रेंगते हुए आतंकवादी के नजदीक पहुंच गए और उस पर गोली चलाई जिससे वह आतंकवादी मारा गया । बाद में मारे गए आतंकवादियों की पहचान मोहम्मद कादिर उर्फ बाबू खान, अलबदर गुट के एरिया कमांडर और शबीर अहमद, हिजबुल मुजाहिद्दीन के एक विदेशी आतंकवादी के रूप में की गई । घटना स्थल से 2 ए.के. 56 राइफल्स, 5 मैगजीन, 3 हथगोले और ए के गोलाबारूद के 30 राउंड बरामद किए गए ।

इस मुठभेड़ में, श्री जयदीप सिंह, पुलिस अधीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(I) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 13 फरवरी, 2001 से दिया जाएगा ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

सं0 99- प्रेज/2002- राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

(दिवंगत) श्री अब्दुल माजिद मागरे
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

16.4.2001 को 5/6 उग्रवादियों की मौजूदगी के बारे में एस ओ जी राजौरी को एक सूचना मिली और तद्नुसार एक अभियान चलाया गया । उस स्थल पर पहुंचकर, एक मकान में छिपे हुए उग्रवादियों को घेर लिया गया और उन्हें आत्मसमर्पण करने के लिए कहा । उग्रवादियों ने आत्मसमर्पण करने से मना कर दिया । कांस्टेबल अब्दुल माजिद मागरे उनके छिपने के स्थान के दरवाजे के निकट पहुंचे और उस दरवाजे को तोड़ दिया । उग्रवादियों ने अभियान दल पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी और उन पर ग्रेनेड फेंके । इस मुठभेड के दौरान श्री माजिद जख्मी हो गए । अपने जख्मों की परवाह न करते हुए कांस्टेबल ने अनुकरणीय साहस का परिचय दिया और दो खुंखार उग्रवादियों को मार गिराने में सफल हुए । बाद में कांस्टेबल अब्दुल माजिद ने भी जख्मों के कारण दम तोड़ दिया । उग्रवादियों में से एक की पहचान हिजबुल मुजाहिद्दीन गुट के मोहम्मद अब्दुल्ला के रूप में की गई जिससे एक - ए.के.47 राइफल, 4-ए के मैगजीन और ए के 47 के 120 राउंड बरामद हुए ।

इस मुठभेड़ में, (दिवंगत) श्री अब्दुल माजिद मागरे, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

यह पदक, राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(I) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 16 अप्रैल, 2001 से दिया जाएगा ।

(करूण मित्रा)
निदेशक

**सं0 102-प्रेज/2002-** राष्ट्रपति, निम्नलिखित व्यक्तियो को "उत्तम जीवन रक्षा पदक" पुरस्कार प्रदान करने का अनुमोदन करते हैं:-

1. स्व0 श्री तेलंग प्रशांत सदाशिवराव (मरणोपरान्त)
सुपुत्र श्री एस0वी0 तेलंग
गोपाल नगर, तुकुम वार्ड सं0 3, चन्द्रपुर,
महाराष्ट्र - 44240

महाराष्ट्र में चन्द्रपुर के निवासी श्री प्रशांत सदाशिवराव तेलंग 25 मार्च, 1999 को गढ़चिरोली जिले के चप्रला नामक स्थान पर लगने वाले वार्षिक रामनवमी के मेले में अपने मित्रों और रिश्तेदारों के साथ गए । यह चप्रला गांव प्रणहित नामक नदी के किनारे स्थित है । चार महिलाएं उस नदी पर गईं तथा नदी की गहराई का अंदाजा लगाए बगैर तैरने के लिए नदी में प्रवेश कर गईं । अचानक ही वे फिसल गईं और भंवर में फंस गईं । घटनास्थल पर पानी की गहराई 20 से 25 फुट थी और घटनास्थल किनारे से लगभग 100 फुट की दूरी पर था। उनकी दयनीय स्थिति को देखते हुए श्री प्रशांत तेलंग तत्काल पानी में कूद गए । उन्होंने तीन महिलाओं को बचा लिया और उन्हें किनारे पर ले आए । बाकी बची एक युवा लड़की को बचाने के लिए वे फिर पानी में कूद पड़े। श्री प्रशांत ने उसका हाथ पकड़कर उसे बचाने की कोशिश की लेकिन डूबती हुई लड़की ने उन्हें जकड़ लिया। इस प्रकार श्री प्रशांत तेलंग तैर नहीं सके और इस तरह वे स्वयं भी लड़की के साथ डूब गए । अंततः दोनों को जान से हाथ धोना पड़ा ।

2. श्री प्रशांत सदाशिवराव तेलंग ने डूबती हुई तीन महिलाओं की जान बचाने में असाधारण साहस और सूझबूझ का परिचय दिया तथा एक और लड़की को बचाने के अपने साहसिक प्रयास में अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान दे दिया ।

12. मा0 भूपेन्द्र सिंह बेनीवाल
शहड्रोली, तहसील-गंगापुर सिटी,
जिला-सवाई माधोपुर , राजस्थान ।

13.02.2000 को पांच वर्षीय कुमारी सपना नहाते समय दुर्घटनावश एक कुंए में गिर गई । उस समय कुंए के पास छोटे-छोटे बच्चे खेल रहे थे । वहां कोई वयस्क व्यक्ति नहीं था । कुंआ लगभग 50 फुट गहरा था । बच्ची की चीखने की अवाजें सुनकर कुमारी सपना का चचेरा भाई मास्टर भूपेन्द्र बेनीवाल कुंए में लगे बिजली के पंपसैट की चरखी की जंजीर की सहायता से कुए में उतर गया । मास्टर भूपेन्द्र बेनिवाल ने एक हाथ से लड़की को तथा दूसरे हाथ से जंजीर के पकड़े रखा । उस समय तक कुंए के पास खड़े बच्चों की चीख-पुकार सुनकर लोग वहां एकत्र हो गए और दोनों बच्चों को कुंए से बाहर निकाल लिया । हालांकि, चरखी की जंजीर के कारण उसके दोनों हाथ और जंघाओं में चोटें आईं परन्तु वह एक हाथ से डूबते हुए बच्चे और दूसरे हाथ से जंजीर को तब तक पकड़े रहा जब तक कि लोगों ने उन दोनों को बाहर नहीं निकाल दिया । यदि उसने समय पर बच्ची की सहायता न की होती तो वह कुंए में डूब गई होती । उसने सूझबूझ और साहस का परिचय देकर डूबती हुई बच्ची की जान बचा ली।

13. कुमारी शिवा
पुत्री श्री शिव वर्ण शुक्ला,
ग्राम: शिवनगर, प्रयागपुर,
कोस्ट गोडा भुराइ बाग, थाना: गदागंज,
जिला रायबरेली।

1410.2000 को लगभग शाम 5-00 बजे श्री शिव वर्ण शुक्ला, श्री विनय पांडे और श्री नीरज तिवारी के साथ पर्यारण संबंधी कार्यक्रम में भाग लेने के लिए रायबरेली आए । श्री विनय पांडे और श्री नीरज जो बिठुर में ब्रह्मवर्त घाट पर बैठे थे, खड़े होकर गंगा नदी में नहाने लगे । चूंकि गंगा का जल स्तर अधिक था इसलिए श्री नीरज तिवारी डूबने लगे । श्री विनय पांडे ने नीरज को बचाने का प्रयास किया परन्तु श्री नीरज ने उन्हें पकड़ लिया और वे दोनों नदी में डूबने लगे । दोनों को तैरना नहीं आता था । कुमारी शिवा ने, जो उस समय वहां खड़ी थी, अपनी मां की धोती नदी में उनकी ओर फेंक दी । उन्होंने उस धोती का एक सिरा पकड़ लिया परंतु अकस्मात झटका लगने से कुमारी शिवा भी नदी में गिर गई । उसने तत्काल धोती छोड़ दी और तैरकर दोनों लड़कों की ओर गई और उन्हें नदी से बाहर निकाल लाई । इस प्रकार उन्होंने उन दोनों व्यक्तियों की जान बचा ली ।

2. डूबने से दो लोगों की जान बचाने में कुमारी शिवा ने साहस और सूझबूझ का परिचय दिया ।

14. श्री गोविन्द सिंह,
पुत्र श्री सत्ते सिंह,
ग्राम: चिलपड़, पट्टी, भरपूर,
गढ़वाल,
उत्तरांचल प्रदेश ।

20.10.1999 को लगभग दोपहर 1-00 बजे कोग्याल नाला के नजदीक आरक्षित वन में एक चीते ने श्री गोविन्द सिंह के पुत्र श्री कृष्ण सिंह पर हमला कर दिया । उसके साथी मास्टर गोविन्द सिंह, पुत्र सत्य सिंह, ने चीते को पत्थर मार-मार कर और शोर मचाकर भाग जाने को मजबूर किया । चीते ने कृष्ण सिंह पर तीन बार हमला किया परन्तु मास्टर गोविन्द सिंह ने अत्यत साहस का परिचय देते हुए अपने जीवन को खतरे में डालकर अपने सहपाठी की जान बचा ली ।

2. मास्टर गोविन्द सिंह ने अपने सहपाठी की जान बचाने में साहस और वीरता का परिचय दिया।

15. स्वर्गीय श्री ओमकार यादव, (मरणोपरान्त)
पति श्रीमती शकुंतला देवी,
गांव: पंडवाला खुर्द, नजफगढ़,
नई दिल्ली-43

08.03.2001 को गैस कुकिंग लीक होने के कारण श्री कुवरलाल के घर में आग लग गई । आग पूरे घर में फैल गई । श्रीमती मन्ना देवी उस समय घर में अकेली थी जब वह चारों तरफ से आग की लपटों से घिर गई तो सहायता के लिए चीखने-चिल्लाने लगी । श्रीमती मन्ना देवी के पड़ोसी श्री ओमकार यादव, जो 59 फील्ड रेजिमेंट (टी.ए.) के हवलदार हैं, उसकी चीख-पुकार सुनकर वहां पहुंचे और उन्होंने अकेले ही आग बुझा दी । उन्होंने बड़ी बहादुरी से डटकर आग का मुकाबला किया और श्रीमती मन्ना देवी की जान बचाई । इस प्रक्रिया में, श्री यादव के कपड़ों में आग लग गई जो उन्होंने जमीन पर लुढ़ककर स्वयं ही बुझा ली । हालांकि, उन्होंने श्रीमती मन्ना देवी की जान बचाई परंतु वे स्वयं 75% जल गए । उन्हें उसी दिन सफदरजंग अस्पताल में भर्ती किया गया। जब उनकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ तो 11.03.2001 को उन्हें सैनिक अस्पताल में भर्ती किया गया । अत्यधिक जले होने के कारण 12.03.2001 को उनका देहांत हो गया ।

2. श्री ओमकार यादव ने आग से एक महिला की जान बचाने में साहस, बहादुरी और तत्परता का परिचय दिया तथा अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान दे दिया ।

16. श्री देश राज गनर,
1988 इंडिपेंडेंट एम.ई.डी.बैटरी,
मार्फत 56 ए.पी.ओ.

17. हवलदार राम सूरत वर्मा,
1988 इंडिपेंडेंट एम.ई.डी.बैटरी,
मार्फत 56 ए.पी.ओ.

08.06.2000 को मौसम खराब होने और तेज वर्षा के कारण गश्तीदल गांव, कुठी, जिला पिथौरागढ़, उत्तरांचल में रुका । अचानक एक जोरदार आवाज हुई और सभी ग्रामवासी सहायता के लिए चिल्लाते हुए अपने घरों से बाहर आ गए । उनकी आवाज सुनकर गनर श्री देशराज और हवलदार राम सूरत वर्मा भारी बारिश में बाहर निकले । दोनों ने पाया कि एक तीन मंजिला मकान वर्षा से गिर गया है और मलबे में दो महिलाएं तथा छः माह का एक बच्चा दब गया है ।

2. गनर श्री देश राज और हवलदार राम सूरत वर्मा अत्यधिक बहादुरी और साहस का परिचय देते हुए घर के मलबे पर चढ़ गए और मलबा साफ करने लगे । जब वे मलबा साफ कर रहे थे, उस समय मकान की तीसरी मंजिल टूटकर उनके ऊपर गिर पड़ी । परंतु हवलदार राम सूरत वर्मा ने अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना उस मलबे में से दोनों महिलाओ और बच्चे को बाहर निकाला जिन्हें बहुत-सी चोटें आई थीं ।

3. गनर श्री देशराज और हवलदार राम सूरत वर्मा ने अपनी जान को खतरे में डालकर दो महिलाओं और एक बच्चे की जान बचाने में पहलकदमी, साहस और मानवता का परिचय दिया ।

18. श्री सुरेश बेहड़ा, चीफ पैटी आफीसर,
आई.एन.एस.जारवा, पूर्वी नौसैनिक कमान,
मार्फतः एफ.एम.ओ.,
विशाखापट्टनम ।

27 जनवरी, 2001 को चीफ पैटी आफीसर और सफाई प्रभारी सुरेश बेहड़ा जोली बॉय द्वीप पर दौरे पर गए जहां कई पर्यटक मौजूद थे जो जोलीबॉय द्वीप की बीच पर तैर रहे थे । तैरते समय उन्होंने देखा कि एक वृद्ध महिला और एक युवती समुद्र के तीव्र प्रवाह में बहकर डूबने लगी थीं । वे दोनों सहायता के लिए चिल्लाई परंतु वहां उपस्थित सभी लोग केवल मूक-दर्शक बने रहे । श्री बेहड़ा ने बिना समय गवाएं लगभग 25 मीटर दूर उन दोनों महिलाओं को बचाने के लिए तत्परता से काम लिया । वह अपनी जान की सुरक्षा की परवाह किए बिना तीव्र धारा में तैरकर उन दोनों की जान बचाने में सफल हुए । हालांकि वह बहुत थक गए थे, फिर भी उन दोनों को अपने कंधों पर लादकर किनारे पर ले आए । तत्पश्चात् नेवी में प्राप्त प्रशिक्षण का पूर्ण उपयोग करते हुए उन्होंने उनका अपेक्षित प्राथमिक उपचार किया जिससे उनमें पुनर्जीवन का संचार हुआ ।

2. श्री सुरेश बेहड़ा ने अपनी जान को जोखिम में डालकर दो महिलाओं को डूबने से बचाने में सूझबूझ और साहस का परिचय दिया।

19. श्री तरुण कुमार रॉय
आई एन एस जारवा (रॉस आईलैण्ड),
ईस्टर्न नेवल कमाण्ड, द्वारा एफ एम ओ.
विशाखापट्टनम।

17.02.2001 को दिहाड़ी मजदूर श्री तरुण कुमार रॉय को द्वीप पर आगन्तकों के उतरने/चढ़ने के प्रयोग में आने वाली जैट्टी से कोई 50 मीटर दूर रॉस द्वीप पर सफाई कार्य के लिए रखा गया था। उसने जैट्टी क्षेत्र में कुछ लोगों के चिल्लाने की आवाज सुनी तथा तत्काल जैट्टी की ओर दौड़ा आया। उसने देखा कि लगभग 53 वर्ष की एक महिला दुर्घटनावश जैट्टी तथा उस नाव के बीच समुद्र में गिर पड़ी जो उन्हें लेकर आई थी। उस महिला के पति सहित अनेक यात्री वहां मौजूद थे किंतु किसी ने उसे बचाने का साहस नहीं दिखाया। श्री तरूण कुमार रॉय अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना समुद्र की तेज धारा में कूद गए। उस समय तक वह महिला नाव के नीचे चली गई थी तथा दिखाई नहीं दे रही थी। महिला के पति सहित वहां मौजूद सभी लोग पहले ही उसके बचने की उम्मीद छोड़ चुके थे। श्री तरुण कुमार रॉय ने नाव के नीचे गोता लगाया तथा मुसीबत में फंसी उस महिला को ढूंढ़ने का प्रयास किया। करीब 7-8 मिनट बाद श्री तरुण कुमार रॉय ने उस महिला को ढूंढ़ लिया और बड़ी मुश्किल से उसे सुरक्षित बचा लिया।

2. श्री तरण कुमार रॉय ने अपनी जान को जोखिम में डालकर एक महिला की जान बचाने में सूझबूझ, साहस तथा तत्परता का परिचय दिया।

20. श्री जोधा राम, जी एस-173044 पी ड्राइवर एम टी3
70 आर सी सी (जी आर ई एफ)
द्वारा 56 ए.पी.ओ.

25 मार्च, 2001 को लगभग 1130 बजे जी एस-173044पी डी वी आर एस टी3 जोधा राम एम एस रोड पर बर्फ हटाने वाले दल की प्रतीक्षा कर रहा था। उसने संतरियों को चिल्लाते हुए तथा अपने लाल झंडे हिलाते हुए देखा। कुछ ही क्षण बाद एक बड़ा हिमखंड गिरा। डोजर ऑपरेटर असिस्टेंट श्री राम यादव हिमस्खलन वाले क्षेत्र में घूम रहा था तथा वह हिम खंड उसे आ लगा। जैसे ही उसने श्री राम यादव को देखा अपने स्वयं के जीवन की परवाह किए बिना वह हिमखंड में कूद पड़ा उसने पाया कि ऑपरेटर असिस्टेंट श्री राम यादव सड़क से लगभग 70 फुट नीचे बर्फ में गरदन तक धंसा हुआ था। उसने ऑपरेटर असिस्टेंट को मदद के लिए अपना हाथ हिलाते हुए देखा। यह देखकर वह अपनी जान को जोखिम में डालकर बर्फ में चल कर गया। उसने अपनी पगड़ी उतारी तथा श्री राम यादव के निकट पहुंच कर अपनी पगड़ी उसकी ओर फेंकी तथा उसे बर्फ से बाहर निकाल दिया।

2. जी एस-173044 पी चालक एम टी 3 जोधा राम ने साहस का परिचय देते हुए अपनी जान को जोखिम की परवाह किए बिना डोजर ऑपरेटर असिस्टेंट जी एस-181498 x पी एन आर एल पी श्री राम यादव को हिमखंड से बचा लिया ।

21. श्री रतन चन्द जी एस-157920एल ड्राइवर एम टी
592(टी)टी पी टी (जी आर ई एफ)
द्वारा 99 ए पी ओ

जी एस-157920 एल ड्राइवर एम टी रतन चन्द अपने टाटा रिपर से निर्माण सामग्री को मोरचेरा डेट्ट से त्रिपुरा के घलाई जिले के सर्वाधिक आतंकवाद प्रभावित क्षेत्र हलम्बारी फजखुदी एक्सिस पर कार्य स्थल पर ले जाने के कार्य में लगा हुआ था ।

2. 21.3.2001 को दो ट्रक, जिनके चालक एम टी रतनचंद तथा एम टी एस के पांडे थे, मजदूरों को लेकर मोरचेरा डेट्ट से रवाना हुए । एम टी रतन चंद का वाहन पीछे था । दोनों वाहनों पर सीमा सुरक्षा बल का सुरक्षा दस्ता भी सवार था । लगभग 0820 बजे जब वाहन कालाटिल्ला से लगभग 1.5 कि0मी0 पहले एक स्थान पर पहुंचा तभी अचानक पहाड़ी और घाटी की ओर से दोनों वाहनों पर परिष्कृत हथियारों से भारी गोलीबारी की गई । चालक एम टी रतन चंद ने अपने वाहन को इस प्रकार से रोका कि सीमा सुरक्षा बल के कार्मिक गोलीबारी का जवाब दे सकें तथा अधिक लोग हताहत न हों । इस घटना के दौरान अपनी निजी सुरक्षा की परवाह किए बिना वह बहादुरी के साथ आगे बढ़ा । दूसरे लोगों को भी उसने प्रोत्साहित किया । जब आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ समाप्त हुई तो इसने पहले घायलों को तथा बाद में शवों को देर रात तक कमलापुर में निकट के अस्पताल में पहुंचाया ।

3. चालक एम टी रतन चंद ने अपनी निजी सुरक्षा की तनिक भी परवाह किए बिना साहस, कर्तव्य के प्रति निष्ठा एवं समर्पण का परिचय दिया ।

22. कुमारी एण्डी टेनिटा फर्नांडिस,
सुपुत्री श्री पैट्रिक फर्नांडिस,
प्रेम कुटीर, मुलिया हाउस, सोरनार्ड पी.ओ. ,
बंतवाल-574211, कर्नाटक ।

23. कुमारी अश्विनी कामत,
द्वारा श्री गणेश कामत,
19-6-413/1, पांडेश्वर रोड,
मगलौर-575001 कर्नाटक

24. कुमारी श्रुति उलाल,
नारायण देवाडिगा सी एम,
नेक्कलेमरू गोरीगुड्डा, कनकनाडी पोस्ट,
मंगलौर-575002, कर्नाटक

25. कुमारी श्रीदेवी दामोदर,
सुपुत्री श्री एम.दामोदर,
ड्रियू अपार्टमेंट्स,
11 पी.वी.एस. कला
कुंज रोड, मंगलौर-575003
कर्नाटक

21.01.2000 को सेट एन्स हाई स्कूल के विद्यार्थी स्कूल ट्रिप पर सैर के लिए पिलीकुला निसर्ग धाम गए । अश्विनी कामत, एंडी फर्नांडिंज, श्रुति उल्लाल तथा श्रीदेवी दामोदर एक पैडल बोट में सवार थे । उन्होने देखा कि उनके मित्रों को ले जा रही एक दूसरी देसी नाव अचानक उलट गई । पानी 60-70 फुट गहरा था । चूंकि छात्रों में घबराहट फैल गई, इसलिए ये चारों लड़कियां अपनी नाव को खेकर उस स्थान की ओर ले आयीं तथा अपने छः मित्रों को पैडल बोट पर खींच लिया और वापस तट पर ले आयीं । अन्य व्यक्तियों द्वारा किए गए बचाव प्रयासों के बावजूद स्कूल के पांच छात्र डूब गए ।

2. कुमारी एन्डी टेनिटा फर्नांडिंज, कुमारी अश्विनी कामत, कुमारी श्रुति उल्लाल, कुमारी श्रीदेवी दामोदर ने अपनी जान को जोखिम में डालकर चार से छः व्यक्तियों की जान बचाई ।

26. कुमारी ललिता देवी यादव,
गांव एवं डाकखाना-बरकोला,
तहसील अजयगढ़, जिला पन्ना-488220
मध्य प्रदेश

21.08.2000 को एक नहर में स्नान कर रही कुछ महिलाओं ने दो बच्चों को डूबते देखा । नहर की गहराई 10 मीटर बताई जाती है । वे मदद के लिए चिल्लाए । उनकी चीख-पुकार सुनकर कुमारी ललिता देवी यादव अपनी जान को जोखिम की परवाह किए बिना भंवर पड़ते पानी में कूद गई । काफी प्रयासों के बाद वह उन दोनों बच्चों को बाहर निकालने में सफल हो गई और उनकी जान बचाई । वे दोनों बच्चे 8 वर्ष के थे तथा उसी स्कूल में पढ़ रहे थे जिसमें कुमारी ललिता पढ़ रही थी ।

2. कुमारी ललिता यादव ने अपनी जान को जोखिम में डालकर डूबने से दो बच्चों की जान बचाने में साहस एवं वीरता का परिचय दिया ।

27. कुमारी निजल ओमप्रकाश पाटिल,
"दादा-स्वेद" मनोलई, दत्त मन्दिर के पीछे,
भाकर पाटिल मार्ग रेमेड़ी।
वसई (पश्चिम) जिला, थाणे-401201

17.4.2000 को कुमारी निजल और उसकी चाची टेलीविजन देख रही थीं, तभी दो अजनबी घर में घुस आए । उनमें से एक ने उसकी चाची के सिर पर पिस्तौल रख दी जबकि दूसरे ने निजल की गरदन पर चाकू तान दिया और धमकी दी कि यदि उन्होने शोर मचाया तो वे उन्हें जान से मार देंगे । जिस डाकू ने उसकी चाची को पकड़ रखा था वह उसे अन्दर ले गया तथा उससे उसके गहने तथा अन्य बहुमूल्य सामान दे देने को कहा । दूसरे चोर ने सामने का दरवाजा तथा खिड़कियां बंद कर दीं तथा निजल पर नजर रखते हुए उसके साथ हाल में बैठ गया । चूंकि उसकी चाची की चाबियों का गुच्छा नीचे गिर पड़ा इसलिए हाल में अपने साथी का इन्तजार कर रहे बदमाश ने यह सुनिश्चित करने के लिए खिड़की से झांककर देखा कि कहीं कोई और तो घर में नहीं आ रहा। निजल ने, जो भागने के लिए मौके की तलाश में थी, मौके का फायदा उठाया । रसोई में जाकर उसने धीरे से दरवाजा खोला तथा दौड़कर अपने पडौसी के घर गई और उन्हें हालात के बारे में बताया और उनसे मदद मांगी। उसने गांव वालों को सचेत कर दिया जो उसके चाचा के घर के बाहर इकट्ठे हो गए । डाकुओं ने अपने हथियारों से भीड़ को डराते हुए भागने की कोशिश की । उनमें से एक बचकर भाग निकलने में सफल हो गया जबकि दूसरे को गांव वालों ने पकड़ लिया । चार-पांच दिन बाद दूसरे डाकू को भी पुलिस ने पकड़ लिया ।

2. कुमारी निजल ने अपनी जान को जोखिम में डालकर डकैती के प्रयास को विफल करने में साहस एवं वीरता का परिचय दिया ।

28. मास्टर पुत्ता सोगेश्वर उर्फ सोम्मन्ना,
कुन्तल गांव,
नेरेडीगोंडा (एम),
जिला अदिलाबाद, आन्ध्र प्रदेश

29.7.2001 को श्री वेंकटेश अपनी पत्नी एवं दो बच्चों के साथ पिकनिक के लिए कुन्तल जल प्रपात देखने गए । उनके साथ किराए की जीप का चालक तथा क्लीनर थे। वे प्रपात के समीप एक ऊंची चट्टान पर दांयी ओर बैठे थे । तभी अचानक तेज बाढ़ आ गई । जल्दी ही प्रपात से बहुत सारा पानी गिरने लगा । प्रपात के नीचे एक तालाब में मछली पकड़ रहे मास्टर पुत्ता सोमन्ना ने भंवर पड़ रहे पानी से घिरी चट्टान पर फंसे परिवार को देखा । अपने सामान को एक तरफ फेंककर वह तेज धारा के प्रवाह के विपरीत तैरने लगा । वह दो बच्चों को लेकर श्रीमती वेंकटेश को सुरक्षित स्थान पर खींच लाया । तत्पश्चात् उसने दूसरी चट्टान पर पहुंचने में जीप चालक, श्री वेंकटेश तथा क्लीनर की मदद की ।

2. मास्टर पुत्ता सोमेश्वर ने अपनी जान को जोखिम में डालकर डूबने से छः व्यक्तियों की जान बचाने में साहस एवं वीरता का परिचय दिया ।

29. कुमारी ऋतु सिंह तोमर,
श्री शेर सिंह तोमर ,
10 इन्दिरा मार्केट, ननगांव-471201
मध्य प्रदेश

07.08.2000 को प्रातः कुमारी ऋतु सिंह तोमर अपने स्कूल जा रही थी । जब वह स्कूल से 100 फुट की दूरी पर थी तो उसने देखा कि विपरीत दिशा से एक ट्रक तेजी से आ रहा था और एक बच्चा उसी सड़क को दौड़कर पार कर रहा था । अपनी जान को जोखिम की परवाह किए बिना, कुमारी ऋतु ने तत्काल अपनी साइकिल एक तरफ फेंककर सड़क पर छलांग लगा दी और बच्चे को पकड़ लिया और ट्रक के उस स्थान पर गुजरने से जरा पहले ही सड़क की एक ओर गिर पड़ी । राहगीरों ने दोनों बच्चों को खड़े होने में मदद की ।

2. कुमारी ऋतु सिंह तोमर ने अपनी जान को जोखिम में डालकर दुर्घटना होने से एक बच्चे की जान बचाने में साहस, तत्परता और सूझ-बूझ का परिचय दिया ।

30. मास्टर सनत बी.,
चंकराथपडी हाउस थलसेर,
देशमंगलम,
त्रिसूर-680593 केरल

12.7.2001 को 3 वर्ष की कुमारी प्रवीना एक नदी के पुल पर जब अपनी सहेलियों के साथ खेल रही थी तभी वह अचानक पानी में गिर गई । जैसे ही उसकी सहेलियां मदद के लिए चिल्लाईं, पास ही खेल रहा मास्टर सनत घटना स्थल की ओर दौड़ा । उसकी एक सहेली ने लगभग 150 मी0 की दूरी पर उसकी लाल ड्रेस की ओर इशारा किया । सनत पानी में कूद गया तथा उसने प्रवीना को ऊपर उठा लिया । उसके मित्रों ने प्रवीना को बेहोशी की हालत में किनारे पर लाने में उसकी मदद की । चिकित्सा से कुमारी प्रवीना को होश में लाया गया।

2. मास्टर सनत ने अपनी जान को जोखिम में डाल कर एक नाबलिग लड़की की डूबने से जान बचाई ।

बरुण मित्रा

( बरुण मित्रा )
निदेशक

PRESIDENT'S SECRETARIAT

New Delhi, the 27.3.2002

No. 31 –Pres/2002- The President is pleased to award the Police Medal for Gallantry to the undermentioned officer of **Andhra Pradesh** Police:-

**NAME & RANK OF THE OFFICER**

Shri K. Muralidhar Rao
Dy.S.P. Karimnagar,

**Statement of service for which the decoration has been awarded:**

On 20.7.2000, an information received by Shri K.M. Rao, Dy. Supdt. of Police, Karim Nagar(AP) about the presence of CPI(ML) Janashakthi extremists dalam with sophisticated fire arms in the house of one Golla Devaiah at Nukalamarri village of Vemulawada Mandal. As there was likely hood of extremists leaving the place and it would have taken considerable time to get the force from Distt. Head quarters, Shri Rao alongwith his gun-men and a police party reached the spot and surrounded the house of Golla Devaiah. Noticing the arrival of police, the extremists who were inside the house opened fire at the police with automatic weapons. The police party headed by the Shri Rao retaliated the fire and Shri Rao who was leading the team tried to reach the entrance of the said house with two of his men unmindful of risk to his life. All of sudden the extremists fired several rounds at him and his two men due to which Shri Rao received severe bullet injuries to his left hand and in the stomach. The bullet which hit in the stomach caused severe damage and there was profused bleeding, but unmindful of his injuries, he continued to lead the party. The two police constables ie. Shri P. Swamy and Shri Laxma Reddy who were with Shri Rao also received bullet injuries. In the exchange of fire seven extremists were killed and two 9 mm pistols, three 8mm rifles and one 9mm carbine were recovered. The dead naxalites were identified as Gasikanti Parsharamulu s/o Narsaiah, Donthula Raju @ Ramesh s/o Narsaiah, Samudrala Yellaiah s/o Rajaiah, Esampally Ashok s/o Mallaiah, Nakkala Manjula @ Jyothakka D/o Narsaiah w/o Ranadheer, Thallapally Mallesham s/o Mallaiah, and Edugu Chaithanya d/o Shanker, members of CPI (ML) Janashakthi Dalam.

In this encounter Shri K. Muralidhar Rao, Dy.S.P displayed conspicuous gallantry, courage and devotion to duty of a high order.

This award is made for gallantry under Rule 4(i) of the rule governing the award of Police Medal and consequently carries with it the special allowance admissible under Rule 5, with effect from 20th July, 2000.

Barun Mitra

(BARUN MITRA)
DIRECTOR

14—31 GI/2002

No. 32 –Pres/2002- The President is pleased to award the Police Medal for Gallantry to the undermentioned officer of **Andhra Pradesh** Police:-

**NAME & RANK OF THE OFFICER**
Shri Nalin Prabhat, IPS
S.P. Karimnagar

**Statement of service for which the decoration has been awarded:**

